ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 25 मई 2024
वर्ष 5, अंक 60, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्माण्ड की प्राचीन तीन आकाशगंगाओं की खोज 16

कांस फिल्म फेस्टिवल में जलवा बिखेरेंगी प्रीति 15

## पेड़ के नीचे सो रही दो साल की बच्ची को कुत्तों के झुंड ने नोंचकर मार डाला

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)



- क्षेत्र में पहले भी कुत्तों के हमले कई बच्चों की जा चुकी है जान
- बच्ची को पेड़ के नीचे सुलाकर नर्सरी में काम कर थे माता-पिता

**अमृत विचार :** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव में कुत्तों ने शुक्रवार को पेड़ के नीचे सो रही दो वर्षीय बच्ची पर हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बच्ची की मौत के बाद परिजन उसके शव को घर ले गए और बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

गांव मनौटा निवासी रामदास और उसकी पत्नी नर्सरी में काम करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। शुक्रवार सुबह दोनों अपनी दो वर्षीय पुत्री काव्या को लेकर नर्सरी में कार्य करने गए थे। उन्होंने बच्ची को पेड़ के नीचे सुला दिया था और नर्सरी में पानी लगाने लगे। तभी अचानक छह जंगली कुत्ते वहां पर आए और बच्ची को घसीट ले गए। इसके बाद कुत्तों ने बच्ची को नोंचना शुरू कर दिया। बच्ची की चीख सुनकर पिता का ध्यान उधर गया तो उसके होश उड़ गए। वह भागकर वहां पहुंचा और जंगली कुत्तों के चुंगल से बच्ची को छुड़ाया।

इलाज के लिए निजी चिकित्सक के यहां ले गया जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका दो बहनों में छोटी थी। बच्ची की मां नीतू और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पीड़ित परिवार ने पुलिस एवं वन विभाग को कोई सूचना नहीं दी। ज्ञात हो कि क्षेत्र में जंगली कुत्तों के हमले में पहले भी कई बच्चों की जान जा चुकी है और दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं।

## धर्म के आधार पर आरक्षण देने वाले किए जाएं बेनकाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- योगी आदित्यनाथ ने ओबीसी आरक्षण पर कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले का किया स्वागत
- कहा, पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने पार की राजनीतिक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा
- भारत का संविधान किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण करने की अनुमति नहीं देता है

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओबीसी-मुस्लिम आरक्षण को लेकर आए कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन द्वारा देश की कीमत पर राजनीति की गई। जो ये नीति चल रही है, इस होड़ को खारिज और बेनकाब किया जाना चाहिए। योगी ने कहा, भारत का संविधान किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार ने राजनीतिक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर चलते हुए 2010 में 118 मुस्लिम जातियों को जबरन ओबीसी में डाल कर ये आरक्षण दिया था। उन्होंने बताया कि भारत में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए और मंडल कमीशन के बाद ओबीसी की सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन को ध्यान में रखते हुए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी।

मुख्यमंत्री ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को नजीर बताते हुए कहा कि कर्नाटक के अंदर भी कांग्रेस सरकार ने ओबीसी के अधिकार पर इसी प्रकार की सेंधमारी करते हुए मुसलमानों को आरक्षण देने का काम किया है। साथ ही आंध्र प्रदेश में भी इसी प्रकार की शरारत की गई थी। इन सबका जोरदार विरोध करना जरूरी है।

### उप्र में जाति के आधार पर मिल रहा आरक्षण

**पिछड़ा वर्ग विभाग ने शासन को साझा की जानकारी**

**लखनऊ।** राज्य में पिछड़े वर्ग के लोगों को धर्म नहीं, जाति के आधार पर आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है। इस सिलसिले में शासन स्तर से जानकारी मांगे जाने पर पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने ओबीसी में शामिल लोगों को सूची शासन को भेजी है। सूत्रों के अनुसार पश्चिम बंगाल में ओबीसी आरक्षण को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले के बाद राज्य सरकार ने आरक्षण का लाभ ले रहे वर्गों के बारे में जानकारी मांगी थी। पिछड़ा वर्ग विभाग ने शासन के अधिकारियों के साथ ओबीसी सूची पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप को भी भेजी है। भेजी गई रिपोर्ट में 79 जातियों के बारे में बताया गया है। बताया गया है कि सूची में शामिल जातियों में हिन्दू, मुस्लिम, बौद्ध व सिख धर्म के लोग हैं। कहा गया है कि इन जातियों को जातिगत आधार पर ओबीसी में शामिल किया है। धार्मिक आधार का कोई प्रावधान नहीं है।

### एक नजर

**रामेश्वरम कैफे विस्फोट में एक और गिरफ्तार**

**नई दिल्ली।** एनआईए ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट मामले में एक और आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। यह पांचवीं गिरफ्तारी है। एजेंसी ने कहा कि कर्नाटक के हुबली शहर का शोएब अहमद मिर्जा (35) उर्फ छोटू पहले लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) आतंकी साजिश में दोषी ठहराया जा चुका है। एजेंसी ने बताया कि जांच में पता चला कि मिर्जा जेल से छूटने के बाद इसमें संलिप्त हुआ। एजेंसी ने कहा कि 2018 में उसने आरोपी अब्दुल मथीन ताहा से दोस्ती की और उसका परिचय ऑनलाइन हैंडलर से कराया, जिसके विदेश में होने का संदेह है।

**खून खराबा रोकने को वार्ता को तैयार माओवादी**

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने अबूझमाड़ के नक्सल मुठभेड़ में आठ नक्सलियों के ढेर होने के बाद नक्सलियों के राष्ट्रीय संगठन को मुख्यधारा से जुड़ने की सलाह दी है। वहीं नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी की ओर से सरकार को वार्ता के लिए पत्र लिखा गया है। पत्र पर गृह मंत्री शर्मा ने कहा कि ऑपरेशन जहां जरूरी हो जाए वहां करना होता है। नक्सलियों से आग्रह है कि आप वार्ता करें। उन्होंने कहा कि अगर नक्सली भी विकास चाहते हैं, उन्नति चाहते हैं, तो वे मुख्य मार्ग में आ जाएं क्योंकि सरकार भी राज्य का विकास चाहती है।

# मतदान आंकड़े अपलोड करने का निर्देश नहीं दे सकते : सुप्रीम कोर्ट

## मतदान प्रक्रिया के बीच चुनाव आयोग के लिए कर्मचारी जुटाना कठिन

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) की वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें निर्वाचन आयोग को मतदान केंद्र-वार मतदान प्रतिशत के आंकड़े अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह इस वक्त ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं कर सकती, क्योंकि चुनाव के पांच चरण हो चुके और दो बाकी हैं तथा ऐसे में निर्वाचन आयोग के लिए लोगों को काम पर लगाना मुश्किल होगा।

कोर्ट ने एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से दाखिल वादकालीन याचिका (आईए) यह कहते हुए रद कर दी कि इसे चुनाव बाद नियमित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा। पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि अर्जी में किए अनुरोध इसी मुद्दे पर 2019 से लंबित मुख्य याचिका के समान हैं। पीठ ने कहा कि आईए लंबित याचिका के साथ लिया जाना चाहिए, क्योंकि चुनावों के दौरान व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। साथ ही पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग के लिए अपनी वेबसाइट पर मतदान प्रतिशत के आंकड़ें अपलोड करने के लिए लोगों को लगाना मुश्किल होगा।

पीठ ने कहा कि हकीकत समझे जाने की जरूरत है, न कि बीच में प्रक्रिया में बदलाव करके निर्वाचन आयोग पर बोझ डालने की।

सुप्रीम कोर्ट ने 17 मई को एनजीओ की याचिका पर निर्वाचन आयोग से एक हफ्ते के अंदर जवाब मांगा था, जिसमें लोकसभा चुनाव के प्रत्येक चरण का मतदान संपन्न होने के 48 घंटे के अंदर मतदान केंद्र-वार मत प्रतिशत के आंकड़े आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। एडीआर ने 2019 की अपनी जनहित याचिका में एक वादकालीन याचिका दायर की। मूल जनहित याचिका में एडीआर ने निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का कोर्ट से अनुरोध किया है कि सभी मतदान केंद्रों के फॉर्म 17 सी भाग-प्रथम की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियां मतदान के तुरंत बाद अपलोड की जाएं।

### ईवीएम लॉग दो-तीन साल सुरक्षित रखने का दें निर्देश



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि निर्वाचन आयोग को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के लॉग को कम से कम दो से तीन साल तक सुरक्षित रखने और मतगणना से पहले हर चरण के मतदान के रिकॉर्ड की घोषणा करने का निर्देश दिया जाए ताकि कोई भी सदस्य गैरकानूनी ढंग से न चुना जा सके। सिब्बल ने कहा कि यदि चुनाव आयोग फॉर्म 17सी अपलोड नहीं कर सकता है, तो राज्य निर्वाचन अधिकारी डेटा अपलोड कर सकता है। फॉर्म 17सी में हर बूथ पर कुल मतदान का आंकड़ा दर्ज होता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हर मशीन में एक ऑपरेटिंग सिस्टम है जो ईवीएम में भी है। ईवीएम के इस लॉग को सुरक्षित रखा जाना चाहिए। यह हमें बताएगा कि मतदान किस समय समाप्त हुआ और कितने वोट अवैध थे। किस समय मतदान हुआ, वोट डाले गए। इसलिए, यह सबूत है जिसे सुरक्षित रखा जाना चाहिए।

### बांग्लादेश सांसद अनवारुल अजीम हत्याकांड

## खाल निकाली फिर किए मांस के कई टुकड़े, कसाई गिरफ्तार

कोलकाता, एजेंसी



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



- आरोपी ने कबूला, सांसद की हत्या में चार लोगों की मदद की थी
- शव के टुकड़ों को थैलियों में भरकर अलग-अलग स्थानों पर फेंका
- बांग्लादेशी है आरोपी, पहचान छिपाकर मुंबई में रह रहा था

पश्चिम बंगाल सीआईडी ने बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या में उत्तर 24 परगना जिले के बोनगांव इलाके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दावा किया कि पेशे से कसाई इस व्यक्ति ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि उसने शव के टुकड़े करने में अन्य आरोपियों की मदद की थी और इसके बाद अंगों को अलग-अलग स्थानों पर ठिकाने लगाया गया।

कोलकाता से 13 मई को लापता होने के बाद बंगाल पुलिस ने बुधवार को बांग्लादेश के झिनाइदाह-4 क्षेत्र से अवामी लीग के सांसद अनार की हत्या की पुष्टि की थी। अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सीआईडी की टीम शुक्रवार को गिरफ्तार व्यक्ति को भांगर इलाके में ले गई, जहां शरीर के कटे हुए हिस्सों को प्लास्टिक की थैलियों में डालकर अलग-अलग जगहों पर फेंका गया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी एक बांग्लादेशी नागरिक है और पेशे से कसाई है।

उसने अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था और पहचान छिपाकर मुंबई में रह रहा था। उन्होंने कहा कि अनार की हत्या की साजिश के तहत कसाई को कुछ महीने पहले कोलकाता बुलाया गया था। आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसने उन चार लोगों की मदद की थी, जिन्होंने फ्लैट के अंदर राजनेता की हत्या की थी। उसने शरीर से खाल उतारने और शव के टुकड़े करने में उनकी मदद की थी।

### 13 मई को हुए लापता, छह दिन बाद तलाश

लापता सांसद कथित तौर पर इलाज कराने के लिए 12 मई को कोलकाता पहुंचे थे। उनकी तलाश छह दिन बाद तब शुरू हुई जब उत्तरी कोलकाता के बारानगर के निवासी और बांग्लादेशी राजनेता के परिचित गोपाल विश्वास ने 18 मई को स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अनार यहां आने के बाद बिस्वास के घर पर रुके थे। अपनी शिकायत में बिस्वास ने कहा कि अनार 13 मई की दोपहर को डॉक्टर से मिलने के लिए अपने बारानगर आवास से निकले। उन्होंने कहा था कि वह रात के खाने के लिए घर वापस आएंगे। बिस्वास ने दावा किया कि बांग्लादेश के सांसद से 17 मई से संपर्क नहीं हुआ था। इस वजह से उन्हें एक दिन बाद गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करानी पड़ी।

## आजम खान, पत्नी-बेटे को हाईकोर्ट से मिली जमानत

विधि संवाददाता, प्रयागराज

### फर्जी प्रमाणपत्र मामला



- अन्य मामलों में सजा के चलते जेल में ही रहेंगे आजम खान

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा नेता आजम खान, उनकी पत्नी डॉ. तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि आजम खान का मामला डॉ. तंजीन फातिमा और मोहम्मद अब्दुल्ला आजम के मामले से अलग है। अतः आजम की सजा का फैसला और आदेश उनके आपराधिक संशोधन के लंबित रहने के दौरान स्थगित रहेगा जबकि उनकी पत्नी और बेटे की सजा के फैसले और आदेश पर रोक लगाने की प्रार्थना खारिज कर दी गई है।

न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने आजम व उनके परिवार को व्यक्तिगत बांड और समान राशि के दो विश्वसनीय जमानतदार प्रस्तुत करने पर जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। हालांकि आजम खान अभी जेल में ही रहेंगे, क्योंकि उन्हें एक अन्य मामले में भी सजा हुई है जबकि तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला आजम जेल से बाहर आ जाएंगे।

## अंबाला में ट्रक से टकराई वैष्णोदेवी जा रही मिनी बस, 7 की मौत और 20 लोग घायल

- बुलंदशहर से 30 लोगों को लेकर वैष्णो देवी जा रही थी बस

अंबाला, एजेंसी



दुर्घटनाग्रस्त वाहन के पास जुटे लोग। • एजेंसी

हरियाणा के अंबाला में शुक्रवार तड़के मिनी बस और ट्रक की टक्कर होने से छह महीने की बच्ची समेत 7 की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह हादसा अंबाला छावनी के नजदीक मोहरा गांव के पास हुआ।

पुलिस ने बताया कि मिनी बस उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से लगभग 30 लोगों को जम्मू-कश्मीर स्थित वैष्णो देवी मंदिर लेकर जा रही थी। दुर्घटना में हताहत हुए सभी लोग रिश्तेदार हैं। दुर्घटना से मिनी बस का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मिनी बस में सवार छह महीने की बच्ची समेत सात लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने घायलों को बस से निकाला और पुलिस की मदद से दो अस्पतालों में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग गया है। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## छठे चरण में उप्र की 14 लोकसभा सीटों के लिए मतदान आज

**लखनऊ।** प्रदेश में छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों और बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा सीट के लिए मतदान 25 मई को होगा। मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां पहुंच गई हैं। इस चरण में पूर्व मंत्री मेनका गांधी समेत कई दिग्गजों के भाग्य का फैसला होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज (अजा), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अजा) व भदोही सीट शामिल है।

## कोर्ट ने बिभव को 4 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

नई दिल्ली, एजेंसी

### मालीवाल मामला



- 18 मई से पुलिस हिरासत में है मुख्यमंत्री केजरीवाल का निजी सहायक

दिल्ली की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। केजरीवाल के निजी सहायक (पीए) बिभव कुमार ने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी। वह शनिवार से पुलिस की हिरासत में हैं।

मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने कुमार की चार दिन की न्यायिक हिरासत के अनुरोध संबंधी अभियोजन पक्ष के आग्रह को स्वीकार कर लिया। दिल्ली पुलिस ने 18 मई को कुमार को गिरफ्तार किया था। उसके मोबाइल फोन का डेटा प्राप्त करने के लिए पुलिस उसे मुंबई भी ले गई थी। घटना के बाद कुमार ने अपने मोबाइल फोन को फार्मेट करा दिया था।

## पेड़ से टकराकर आग का गोला बनी कार शीशे लॉक होने से हुई दंपती की मौत

संवाददाता, हरदोई



- सांडी थाना क्षेत्र के बघराई में गौशाला के सामने हुआ हादसा

**अमृत विचार :** सांडी थाना क्षेत्र के बघराई में गौशाला के ठीक सामने तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई, जिससे उसमें सवार दंपती रद्धेपुरवा निवासी आकाश पाल (25) और उनकी पत्नी कीर्ति सिंह (23) की कार में ही जिंदा जलकर मौत हो गई। सीएनजी कार होने के कारण इसमें मौके पर ही आग लग गई। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के एक घंटे बाद पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया।

पुलिस के अनुसार, कोतवाली शहर के रद्धेपुरवा निवासी आकाश पाल पुत्र रामकिशोर शुक्रवार को पत्नी कीर्ति पाल (23) को बीए (द्वितीय वर्ष) की परीक्षा दिलाने के लिए अपनी आर्टिगा कार से सांडी गया हुआ था। दोपहर में वहां के एमएस कान्वेंट डिग्री कॉलेज में परीक्षा देने के बाद दोनों लौट रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार कार सांडी के बघराई में गौशाला के ठीक सामने एक पेड़ से टकरा गई, जिससे उसमें आग लग गई। कार के शीशे लॉक होने की वजह से कोई उनके चीखने की आवाज नहीं सुन सका। लेकिन कोई कुछ करता इससे पहले ही समूची कार आग का गोला बन चुकी थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर एक घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिग्रेड ने आग पर काबू पाया। एएसपी पूर्वी श्रीकुमार के साथ सीओ सुनील शर्मा, अग्नि शमन अधिकारी एमपी सिंह साण्डी के अलावा सुरसा और शहर कोतवाली पुलिस के अलावा दमकल कर्मी पहुंच गए। जब तक आग पर काबू पाया जाता, उससे पहले आकाश और कीर्ति की मौत हो चुकी थी।

## अभिनेत्री लैला खान की हत्या में सौतेले पिता को मृत्युदंड

**मुंबई।** मुंबई की सत्र अदालत ने अपनी सौतेली बेटी एवं अभिनेत्री लैला खान, उसकी मां और उनके चार भाई-बहनों की 2011 में हत्या करने के मामले में परवेज टाक को शुक्रवार को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त सत्र जज सचिन पवार ने नौ मई को टाक को हत्या और सबूतों को नष्ट करने के अलावा अन्य अपराधों का दोषी पाया था। इस पर फैसला शुक्रवार को सुनाया गया कि दोषी को क्या सजा दी जानी है। टाक लैला की मां सेलिना का तीसरा पति था। लैला, उसकी मां और उनके चार भाई-बहनों की फरवरी 2011 में महाराष्ट्र के नासिक जिले के इगतपुरी स्थित उनके बंगले में हत्या कर दी गई थी।

## केदारनाथ में हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, यात्री सुरक्षित

ब्यूरो, देहरादून




- हेलीकॉप्टर ने शेरसी से तमिलनाडु के छह यात्रियों को लेकर भरी थी उड़ान
- हेलीपैड से लगभग 100 मीटर पहले तकनीकी खराबी के कारण कराई गई लैंडिंग

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में शुक्रवार सुबह छह यात्रियों को लेकर केदारनाथ आ रहे क्रिस्टल कंपनी के हेलीकॉप्टर का रूडर खराब हो गया, लेकिन पायलट ने धैर्य का परिचय देते हुए हेलीकॉप्टर की सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग करवाई। हेलीकॉप्टर में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। डीएम ने डीजीसीए को इसके जांच के आदेश दिए हैं।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि शुक्रवार सुबह सात बजे क्रिस्टल एविएशन कंपनी के हेलीकॉप्टर ने छह यात्रियों को लेकर शेरसी हेलीपैड से केदारनाथ के लिए उड़ान भरी थी। केदारनाथ पहुंचने से पहले ही हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई, लेकिन पायलट कल्पेश ने धैर्य रखते हुए हेलीकॉप्टर की केदारनाथ हेलीपैड से सौ मीटर पहले खाई की तरफ सकुशल आपातकालीन लैंडिंग करा दी। पायलट समेत सभी छह श्रद्धालु सुरक्षित हैं। इस घटना की जानकारी पर पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने यात्रियों की सहायता कर उन्हें मंदिर तक पहुंचाया। हेलीकॉप्टर में तमिलनाडु के छह यात्री सवार थे। केदारनाथ धाम के लिए हवाई सेवा संचालित हैं। रोजाना हेलीकॉप्टर तीर्थयात्रियों को लेकर केदारनाथ की उड़ान भर रहे हैं। यदि हेलीकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग नहीं हो पाती तो बड़ा हादसा हो जाता। इससे पहले केदारनाथ धाम की उड़ान भरते समय कई हेलीकॉप्टर हादसे के शिकार हो चुके हैं। डीएम सौरभ गहरवार ने कहा कि पायलट की सूझबूझ से हादसा होने से बच गया। पायलट ने धैर्य नहीं खोया और आपात स्थिति में हेलीकॉप्टर की लैंडिंग कराई। सभी तीर्थ यात्री सुरक्षित हैं।

### चारधाम में अब तक 52 की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड में 10 मई से शुरू हुई गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और 12 मई से शुरू हुई बदरीनाथ की यात्रा के लिए आए तीर्थयात्रियों में से 52 श्रद्धालुओं की विभिन्न कारणों से मृत्यु हो चुकी है। यह जानकारी मुख्यमंत्री के सचिव और गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने शुक्रवार को दी। पांडेय ने बताया कि चार धाम यात्रा शुरू होने के बाद से आज तक गंगोत्री में तीन, यमुनोत्री में 12, बदरीनाथ में 14 और केदारनाथ में 23 श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई है। अधिकांश मृतकों की आयु 60 वर्ष से अधिक है।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 9450434176 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.।

## शहर में आज

☞ भारतीय आंबेडकर सभा की ओर से नूरमहल स्थित कार्यालय में बैठक दोपहर 12 बजे।

☞ कृष्णा विहार स्थित मनोकामना मंदिर में शनिदेव की पूजा-अर्चना शाम 6:30 बजे।

# एस्ट्रोटर्फ जीर्णोद्धार में देरी पर कार्यदायी संस्था पर लगेगा जुर्माना

## फरवरी तक तैयार किया जाना था नवाब जुल्फिकार अली खां एस्ट्रोटर्फ, आठ करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा स्टेडियम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पनवड़िया स्थित नवाब जुल्फिकार अली खां एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम के जीर्णोद्धार में देरी करने पर कार्यदायी संस्था पर एक हजार रुपये प्रतिदिन का जुर्माना शासन से लगाया गया है। एस्ट्रोटर्फ बिछाने और स्टेडियम का कायाकल्प कराने के लिए आठ करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार हुआ था। यह काम फरवरी तक कार्य मुकम्मल करना था। लेकिन, तय समय सीमा में कार्य नहीं निपट सका। स्टेडियम पर तेजी से काम निपटाया जा रहा है।

रामपुर में नवाबी दौर से ही हॉकी का बड़ा क्रेज रहा है। यहां हर साल नेशनल हॉकी टूर्मामेंट होते थे। हॉकी को बढ़ावा देने के लिए 1996 में पनवड़िया स्थित नुमाइश ग्राउंड पर नवाब जुल्फिकार अली खां हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का निर्माण हुआ था। स्टेडियम में कई बार नेशलन हॉकी टूर्नामेंट हुए। दो बार महिला हॉकी टूर्नामेंट भी हुए। स्टेडियम में ही छात्रावास भी है। समय के साथ स्टेडियम पर लगी एस्ट्रोटर्फ खराब हो गई। उसे बदलवाने की प्रक्रिया चल रही है।

रामपुर में लड्डन खां, मशकूर अली खां, चंदा खां, नासिर खां, इकबाल बेग, हमीद उर्रहमान खां, महफूज उर रहमान खां और अरशद खां आदि नामचीन खिलाड़ी भी हुए हैं। जिन्होंने देश-दुनिया में रामपुर का नाम रोशन किया है। हॉकी खिलाड़ी आसिम खां बताते हैं कि रामपुर में रुहेला टाइगर हॉकी क्लब, यंगमैन हॉकी क्लब, जुल्फिकार हॉकी क्लब, स्टूडेंट हॉकी क्लब, चैंपियन हॉकी क्लब, चित्रा हॉकी क्लब, रजा हॉकी क्लब की तूती बोलती है। इनमें यंगमैन हॉकी क्लब, रुहेला टाइगर हॉकी क्लब और जुल्फिकार हॉकी क्लब के अपने खेल के मैदान हैं।



नवाब जुल्फिकार अली खां एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में साइडों को समतल करती जेसीबी।

- **एक हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से वसूला जाएगा जुर्माना**



एस्ट्रोटर्फ लगने से बिछी डामर और सजा-संवरा पवेलियन। ● अमृत विचार

> कार्यदायी संस्था द्वारा कराए गए कार्यों की मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल के नेतृत्व में बनी कमेटी जांच करेगी। इसके अलावा कार्यदायी संस्था को एस्ट्रोटर्फ बिछाने से पहले सहारनपुर और दिल्ली भेजा जाएगा। उसी तर्ज पर नवाब जुल्फिकार अली एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में टर्फ बिछाई जाएगी। टर्फ बिछाने के लिए समय सीमा भी तय की जाएगी।
>
> – प्रेम कुमार, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, मुरादाबाद

### 76 करोड़ की लागत से तैयार हुआ अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम

जौहर यूनिवर्सिटी के पास अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम बनाया गया है। बाहर से इसकी आलीशान इमारत को देखकर लगता है जैसे कोई शीशमहल हो। अंदर का नजारा तो गजब है। बीच में लाल और हरे रंग की एस्ट्रोटर्फ और उसके चारों ओर भव्य दर्शक दीर्घा बनी है। जिला क्रीड़ा अधिकारी बताते हैं कि इसके निर्माण में भूमि समेत 75.77 करोड़ की लागत आई है। इसमें 20 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है। वीवीआईपी पवेलियन भी है। इसमें 140 वीवीआईपी के बैठने का इंतजाम है। जबकि 1500 कुर्सी अलग से हैं। स्टेडियम के लिए एस्ट्रोटर्फ जर्मनी से मंगवाकर लगाई गई है। स्प्रंकलर भी जर्मनी का है, जो ऑटोमेटिक है और टाइमिग फिक्स है। एस्ट्रोटर्फ का रकबा 6400 वर्गमीटर है। खिलाड़ियों के ठहरने लिए 12 बड़े हॉल हैं। इनमें डायनिंग हॉल भी शामिल हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम में एक साथ 400 खिलाड़ी ठहर सकते हैं। फिलहाल, इस स्टेडियम में कोई टूर्नामेंट नहीं हुआ है।

## कैश काउंटर पर बिल जमा कर रहे उपभोक्ताओं में हुई नोकझोंक

**रामपुर, अमृत विचार :** बिजली विभाग के नवाबगेट स्थित कैश काउंटर पर शुक्रवार को उपभोक्ताओं ने 10 लाख रुपये बिल जमा किया। काउंटर दोपहर दो बजे तक खुले रहे।

शुक्रवार को बिल जमा करने के लिए कैश काउंटर पर तमाम उपभोक्ता कतार में लगे थे। इस दौरान पहले बिल जाम करने को लेकर उनके बीच नोकझोंक हो गई। इससे वहां अफरा-तफरी मच रही। बाद में कुछ उपभोक्ताओं ने ही मामले को निपटाया। शहर में 14 उपकेंद्र हैं। इनमें शाहबाद गेट, जिला अस्पताल, राजद्वारा, मिस्टन गंज, सराफा बाजार, किला गेट, मछली बाजार के उपभोक्ताओं ने बिल जमा किया। एक्सईएन प्रथम इमरान खां ने बताया कि 350 उपभोक्ताओं ने 10 लाख रुपये का बिल जमा किया। उन्होंने नोकझोंक की बाबत कहा कि लोगों को जल्दी रहती है। इसके कारण पहले से कतार में खड़े उपभोक्ता आक्रोशित हो जाते हैं।

## एक नजर

### आठ लोगों का शांतिभंग में किया चालान

**स्वार, अमृत विचार :** शुक्रवार को गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि नगर पंचायत नरपतनगर निवासी मुस्तकीम, गांव जहांगीर पुर निवासी इस्माइल, मेहरबान, गांव रुस्तमनगर निवासी आलिम, निजाम, गांव मधुपुरा निवासी इमरान, गांव महाराज पुर निवासी सुभान अलग अलग जगहों पर झगड़ा कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया है।

### सड़क हादसे में महिलाओं समेत तीन जख्मी, रेफर

**शाहबाद, अमृत विचार :** बदायूं के गांव सीकरी निवासी यशपाल, कमलेश और सावित्री के साथ बाइक पर सवार होकर शाहबाद आ रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को ग्रामीणों ने चोर समझकर पीटा

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** विधवा की मोहब्बत में पागल युवक देर रात उसके घर पहुंच गया। दीवार फांदकर उसके मकान में घुसने का प्रयास करने लगा। ग्रामीणों ने चोर समझकर प्रेमी को दबोच लिया और उसकी धुनाई करते हुए पुलिस को सौंप दिया। अब दोनों के विवाह को लेकर चर्चाएं हो रहीं हैं।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में विधवा अपने दो बच्चों के साथ रहती है। कुछ समय पूर्व उसकी उत्तराखंड के हल्द्वानी निवासी युवक से सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती हो गई। यह दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। गुरुवार देर रात विधवा का प्रेमी उससे मिलने गांव पहुंच गया। उसने विधवा के मकान की दीवार फांदने का प्रयास किया तो ग्रामीणों ने चोर समझ कर उसे दबोच लिया और पेड़ से बांधकर धुनाई कर दी।

- **थाने पहुंची प्रेमिका ने युवक को बताया प्रेमी**

सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने युवक को ग्रामीणों के चुंगल से छुड़ाया और कोतवाली ले गई। जानकारी पर उसकी प्रेमिका भी कोतवाली पहुंच गई। उसने ग्रामीणों के सामने जमकर हंगामा किया और युवक को अपना प्रेमी बताया। वह युवक से विवाह करने की जिद पर अड़ गई। शुक्रवार को दोनों पक्ष कोतवाली फिर से पहुंच गए। इस दौरान दोनों का विवाह करने पर सहमती बन गई। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह का कहना है कि युवक का शांति भंग में चालान कर दिया है। दोनों बालिग हैं, वह जब चाहे शादी कर सकते हैं।

# उद्योग बंधु की बैठक में गूंजा बिजली की आंख-मिचौनी का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उद्योग बंधुओं की बैठक में बिजली की आंख-मिचौनी का मुद्दा गूंजा। व्यापारियों ने जिलाधिकारी से कहा कि बिजली की आवाजाही से उनके संस्थानों को नुकसान पहुंच रहा है। जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को समस्या का समाधान जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार की दोपहर जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई। इसमें मैसर्स स्वाति कैंफर एंड स्पेशलिटी केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स स्वाति मैन्थॉल एंड एलाइड कैमीकल्स एवं मैसर्स तिरूपति व्हीट प्रोडक्टस प्राइवेट लिमिटेड ने बिजली की समस्या का मुद्दा उठाया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को जल्द से जल्द समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

मैसर्स तिरूपति व्हीट प्रोडक्टस प्राईवेट लिमिटेड की बाहरी मंडियों से गेहूं खरीदने के लिए गेट पास की समस्या के बारे में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित मंडी सचिव को गेट पास जारी करने के निर्देश दिए गए। मैसर्स जीरो फुट प्रिन्ट प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी भूमि को कृषि प्रयोजन से अकृषि प्रयोजन करने की मांग की। इस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को तुरन्त भूमि में परिवर्तन के संबंध में कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

निवेश मित्र पोर्टल पर समय उपरान्त प्रदर्शित हो रहे प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को तुरन्त प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त मुकेश कुमार एवं सहायक प्रबंधक पुष्पराज सिंह को प्रशास्ति-पत्र दिए गए। बैठक में आईआईए के पदाधिकारी विपिन गुप्ता, श्रीष गुप्ता, एसके गुप्ता, मैसर्स स्वाति मैन्थॉल एंड एलाइड कैमीकल्स प्राईवेट लिमिटेड के एलएन गुप्ता, मुकुल अग्रवाल, देवेन्द्र सिंह एवं उद्योग विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



उद्योग बंधु की बैठक में बोलते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

- **जिलाधिकारी ने जल्द से जल्द समस्या का निस्तारण करने के अधिकारियों को दिए निर्देश**

### ओवरलोडिंग से फुंक रहे ट्रांसफार्मर, कटौती से परेशानी

**रामपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर शहर की जनता के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। आए दिन ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। ओवरलोड के चलते ट्रांसफार्मरों के फुंकने की घटनाएं बढ़ गई हैं। जिला अस्पताल के चौराहे पर रखा 400 केवीए का ट्रांसफार्मर अत्याधिक लोड के कारण बुधवार को फुंक गया था। इसके कारण तिलक नगर कॉलोनी की आपूर्ति कई घंटे ठप रही थी। भीषण गर्मी में विद्युापूर्ति नहीं होने की वजह से लोगों का हाल-बेहाल हो गया था। लोगों ने आनन-फानन में बिजली विभाग के कर्मचारियों को सूचित किया था। अधिकारियों ने बिजली को चालू कराने के लिए 400 केवीए का ट्रांसफार्मर रखवाया था। शुक्रवार की दोपहर करीब तीन बजे अस्पताल के चौराहे पर रखे 400 केवीए के ट्रांसफार्मर को हटवाया गया। जेई अजय यादव ने बताया कि बुधवार की रात नौ बजे ट्रांसफार्मर फुंक गया था। वर्कशॉप से ट्रांसफार्मर मंगाकर वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी। फुंके हुए ट्रांसफार्मर की खराबी को दूर कराकर रखवा दिया है।

# किसानों को नहीं मिल रही पर्याप्त बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने कहा कि मुंडिया गांव के बाहर भी लोगों ने घर बनाए हुए हैं। उन घरों पर ट्यूबवैल की लाइन होने की वजह से पर्याप्त बिजली नहीं मिल पाती है। ट्यूबवैल कनेक्शन पर बिजली ज्यादातर दिन के समय ही आती है। ऐसे में किसानों को रात में बिजली नहीं मिल पाती है। जिस प्रकार आबादी में बिजली आती है वैसे ही गांव के बाहर बने घरों के लिए भी अधिकारियों को जल्द से जल्द प्रबंध करना चाहिए।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत ग्राम मुंडिया कलां में सरदार जगतार सिंह के आवास पर हुई। किसान नेता जगतार सिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत गांव के बाहर जो घर हैं वहां तक पाइपलाइन की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। जिलाध्यक्ष ने कहा जून की पंचायत में यह सभी समस्याएं जिला अधिकारी के सामने रखेंगे और इनका निवारण कराएंगे। पंचायत में लखविंदर गंगवार, टीकाराम, दलविंदर कौर, प्रवलप्रीत कौर, जश्नप्रीत कौर, सुनीता देवी, हरजीत सिंह, अमरीक सिंह, बजीर सिंह, गुरमीत कौर, कुलवंत कौर, परमजीत कौर, सुरेंद्र गंगवार, जसवीर कौर, रसना कौर, ऊभन राम, सिम प्रभजोत सिंह, अफसर, राजीव बाल्मिकी, जुबैर, राजवीर, ओमप्रकाश आदि किसान मौजूद रहे।



पंचायत को संबोधित करते किसान नेता। ● अमृत विचार

- **ग्राम मुंडियां कलां में हुई पंचायत में जिलाध्यक्ष ने उठाया मुद्दा**

# धार्मिक स्थल प्रकरण में 72 लोगों को किया मुचलका पाबंद

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** धार्मिक स्थल को लेकर आए दिन हो रहे विवाद के चलते स्थानीय प्रशासन ने 72 लोगों को पांच-पांच लाख रुपये के मुचलकों में पाबंद किया है। अधिकारियों का कहना है कि झगड़ा करने पर उन्हें यह धनराशि हर्जाने के तौर पर जमा करनी होगी।

तहसील के गांव पसियापुरा स्थित धार्मिक स्थल को लेकर दो पक्षों में रोजाना विवाद होता रहता है। करीब दो वर्ष से चले आ रहे इस विवाद की रोकथाम को प्रशासन भी भरसक प्रयास कर रहा है। कानूनी कार्रवाई के अलावा विवाद करने वालों से अधिकारी शांति बनाए रखने कीअपील भी करते हैं। एक सप्ताह से दोनों पक्षों में एक बार फिर तनातनी का माहौल बना हुआ है। इसकी वजह से धार्मिक स्थल के इर्द गिर्द प्रशासन ने फोर्स तैनात कर दी है। सुरक्षा के मद्देनजर अधिकारी भी स्थिति का जायजा लेते रहते हैं। इसी के चलते प्रशासन द्वारा विवाद को हवा दे रहे 72 लोगों को चिन्हित किया गया है। इन लोगों को पांच-पांच लाख के मुचलकों में पाबंद किया गया है।

- **झगड़ा करने पर वसूला जाएगा पांच लाख रुपये हर्जाना**

प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई की गई है। चिन्हित व्यक्तियों में से कोई भी व्यक्ति विवाद करेगा तो कार्रवाई की जाएगी। बताया कि पीएसी की एक कंपनी के अलावा कुछ पुलिसकर्मी धार्मिक स्थल पर तैनात हैं।

# स्काउटिंग का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि स्काउटिंग विद्यार्थी जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। विद्यार्थियों को स्काउटिंग राष्ट्र सेवा व जन सेवा से जोड़ने का कार्य करती है। स्काउटिंग जीवन को संवारने, व्यक्तित्व निर्माण और अनुशासित करती है। स्काउटिंग के माध्यम से सभी अपने जीवन को संवारते हुए जन सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें।

भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान में रोडवेज बस स्टैंड पर 10 दिवसीय शीतल जल सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने यात्रियों को शीतल जल पिलाकर किया। जिला मुख्य आयुक्त स्काउट गाइड बलराम सिंह ने शीतल जल से यात्रियों की सेवा की। इस अवसर स्काउट-गाइड अनुशासन का पालन करते हुए यात्रियों को शीतल जल पिलाकर में जुटे रहे। मुख्य आयुक्त बलराम सिंह ने जिलाधिकारी व उपाध्यक्ष कपिल आर्य एवं अवतार सिंह का शीतल जल सेवा शिविर में सहयोग करने के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर जिला आयुक्त स्काउट शिव ओम शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, रीता वर्मा, सुभाष चन्द्र यादव, आकांक्षा सक्सेना, मनोज कुमार, अनस शमसी, नितिन राजपूत, रविन्द्र पाल, हीरा कली, ज्योति सिंह, फारेहा खान तथा 200 स्काउट गाइड ने यात्रियों की शीतल जल से सेवा की। अध्यक्षता मुख्य आयुक्त स्काउट गाइड बलराम सिंह और संचालन ओमप्रकाश सैनी ने किया।



यात्रियों को पानी पिलाते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

- **जिलाधिकारी ने यात्रियों को शीतल जल पिलाकर किया शिविर का शुभारंभ**

**सतर्कता** यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध दिए कार्रवाई करने के निर्देश

# आंबेडकर पार्क के निकट बसों में सवारी बैठाने पर डीएम खफा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने रोडवेज बस चालकों द्वारा आंबेडकर पार्क के निकट बस खड़ी करके सवारी बैठाने पर नाराजगी जताई है। एआरएम रोडवेज को निर्देश दिए कि वह सख्त कदम उठाएं और तय करें कि रोडवेज बसें बस अड्डे पर ही रुकें। उन्होंने एआरटीओ को भी निर्देश दिए कि वह आंबेडकर पार्क पर सवारी बैठाने वाली रोडवेज बसों का चालान करें।

कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा कि जिले में चिह्नित ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा से जुड़े कार्यों में तेजी लाई जाए। सुरक्षित यातायात और आमजन को सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षा प्रदान करने के लिए जरूरी कार्यों को प्राथमिकता से कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। लोक निर्माण विभाग को पूर्व में चिह्नित ब्लैक स्पॉट्स पर जरूरी सुरक्षात्मक कार्य करने के लिए पांच लाख रुपए का आवंटन किया गया था। इसके सापेक्ष अब तक कराए गए कार्यों के संबंध में जिलाधिकारी ने रिपोर्ट तलब की है।

उन्होंने ने एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि वह सीट बेल्ट, हेलमेट, गलत दिशा में चलने वाले वाहन एवं अन्य विभिन्न प्रकार से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई तेज करें। यातायात नियमों के बारे में व्यापक स्तर पर जन जागरूकता बेहद जरूरी है। इसके लिए उन्होंने एआरटीओ और जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि वह एनसीसी और स्काउट-गाइड को यातायात के नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के अभियान में शामिल करें।




कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

### सरकारी स्कूलों में पढ़ाया जाए यातायात नियमों का पाठ

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक माह कम से कम एक विद्यालय में जाकर प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों को यातायात नियमों के बारे में बताएं। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार को भी निर्देशित किया कि प्राथमिक विद्यालयों में भी बच्चों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया जाए। कमर्शियल वाहनों में चालक के सामने उसके परिवार की फोटो चस्पा कराने का अभिनव प्रयोग भी किया जाए। ताकि चालक वाहन चलाने के दौरान यातायात नियमों के पालन के प्रति संवेदनशील रहे। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी और एनएचएआई के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## महिला को मारपीट कर घर से निकाला, रिपोर्ट

**मसवासी, अमृत विचार :** महिला के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

टांडा थाना क्षेत्र के गांव सेंटाखेड़ा निवासी की मीनाक्षी का विवाह तीन वर्ष पूर्व मिलक भूबरी निवासी युवक से हुआ था। शादी के कुछ दिनों बाद ही उनके बीच मनमुटाव शुरू हो गया। महिला ने कुछ दिनों बाद बेटी को जन्म दिया। लड़की होने पर तकरार और बढ़ गई। ससुराल वाले कम दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। बाद में मारपीट कर घर से निकाल दिया।

पीड़िता ने स्वार कोतवाली पहुंचकर दहेज में पांच लाख रुपये मांगने की तहरीर दी। पुलिस ने जयविन्दर पुत्र छतरपाल, छतरपाल पुत्र नन्हें, कलावती पत्नी छतरपाल, सोनम, छाया, विनिता पुत्री छतरपाल निवासी ग्राम भूबरी मिलक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# एसडीएम ने सरकारी भूमि को कराया कब्जा मुक्त

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के दो गांवों में उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह ने शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम एवं पुलिस बल के साथ सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया। सरकारी भूमि पर दोबारा कब्जा न करने की चेतावनी दी।

तहसील क्षेत्र के ग्राम भाटीखेड़ा स्थित हड़वार की आराजी गाटा संख्या123 रकबा 0.061 हेक्टेयर पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया था। उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह शुक्रवार को नायब तहसीलदार अंकुर अत्तल, राजस्व निरीक्षक सोमपाल सिंह, लेखपाल वीरू गौतम और नवीन काम्बोज तथा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सरकारी भूमि से कब्जे हटवाए। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के ग्राम मुंडिया रसूलपुर स्थित तालाब की आराजी गाटा संख्या 389 रकबा0.922 हेक्टेयर को भी एसडीएम ने कब्जा मुक्त कराया। उप जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।



सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराते उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह।

- **सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों के विरुद्ध लगातार जारी रहेगी कार्रवाई**

## एक नजर

### पत्नी ने सिर में डंडा मारकर पूर्व प्रधान को किया घायल

**बिलासपुर, रामपुर** : चकफेरी गांव के पूर्व प्रधान को पत्नी ने सिर में डंडा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को एम्बुलेंस के जरिए सरकारी अस्पताल लाया गया। पूर्व प्रधान महेन्द्र मौर्य ने बताया कि उन्होंने खेत की जुताई के लिए घर में दस हजार रुपये रखे थे। उनकी पत्नी सुनीता ने गुरुवार को यह रुपये चुरा लिए। जब उन्होंने डीजल लाने के लिए पैसे मांगे तो वह आग-बबूला हो गई और उनके सिर में डंडा मार दिया। पूर्व प्रधान का आरोप है कि वह पत्नी की पैसे चुराने की आदत से तंग आ चुके हैं। अभी पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है।

### जिले में 19 जुलाई तक लागू रहेगी आचार संहिता

**रामपुर, अमृत विचार** : अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) लालता प्रसाद ने बताया कि जिले में 19 जुलाई तक आचार संहिता लागू रहेगी। चार जून को होने वाली मतगणना की तैयारियां की जा रही हैं। इस दौरान धार्मिक एवं राजनैतिक संगठनों, संस्थाओं, व्यक्तियों द्वारा धरना प्रदर्शन, जुलूस मार्च, पदयात्रा इत्यादि नहीं किए जा सकेंगे। ईदुज्जुहा, मोहर्रम आदि का त्योहार मनाया जाना प्रस्तावित है।

# सोना लूट में दिल्ली के सर्राफ समेत दो गिरफ्तार

## मिलक पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए रठौंडा के पास से दोनों को पकड़ा

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मौजूद आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सोना लूटने के मामले में फरार चल रहे दिल्ली के सराफा कारोबारी और एक आरोपी सहित दो को मिलक और एसओजी टीम ने छापेमारी करके रठौंडा के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों से 100 ग्राम (बिस्किटनुमा) पीली धातु, 35 हजार रुपये, कार, तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने पकड़े गए लोगों को कोर्ट में पेश किया। जहां दोनों को जेल भेज दिया गया।

28 अप्रैल की रात कुछ लोग सोना तस्करी करके ला रहे थे। मिलक के पास कुछ बदमाश उनसे सोना लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस ने कुछ दिन पहले इस मामले का खुलासा करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। जबकि अन्य आरोपी फरार थे। गुरुवार की रात मिलक पुलिस और एसओजी टीम को सूचना मिली कि लूटपाट के मामले में फरार चल रहा जावेद पुत्र जाबिर निवासी ग्राम लालूनगला है। वह अपनी कार से रठौंडा से मिलक की ओर आ रहा है। उसके साथ लूटा गया का सोना खरीदने वाला सुनार हाजी शाहिद पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी बुलबुले खाना बाजार सीताराम तुर्कमान गेट थाना चांदनी महल पुरानी दिल्ली भी है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने बिलासपुर पुल के कुछ आगे खाता नगरिया मोड़ पर चेकिंग की। इस बीच कुछ समय बाद एक कार रठौंडा की तरफ से मिलक की तरफ आती दिखाई दी। पुलिस ने कार को रुकने के लिए इशारा किया तो चालक कार को वापस मोड़कर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर ली। इस बीच कार में बैठे दोनों भागने की कोशिश करने लगे। मगर पुलिस टीम ने उन्हें दबोच लिया। शुक्रवार की दोपहर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने घटना का खुलासा किया।

**कार्रवाई**
- **100 ग्राम बिस्किटनुमा पीली धातु 35000 रुपये और कार बरामद**
- **एसपी राजेश द्विवेदी ने शुक्रवार को किया घटना का खुलासा**



आरोपियों के कब्जे से बरामद सामान।

### दिल्ली में सराफ की दुकान पर बिका था लूटा गया सोना

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि 28 अप्रैल को उसने अपने साथी सफीक, इन्तकाब अली, मोहम्मद दानिश, जिशान व रिजवान के साथ मिलकर नेशनल हाईवे के धनेली पूर्वी के फ्लाईओवर से उतरते समय कार में बैठे लोगों से सोना लूट लिया था। बताया कि लूटे गए सोने के गोलों का वजन लगभग एक किलो 100 ग्राम था। लूटा गया सोना हाजी शाहिद निवासी बुलबुले खाना बाजार सीताराम तुर्कमान गेट थाना चांदनी महल पुरानी दिल्ली को 20 लाख रुपये में बेचा था। हाजी शहीद की दिल्ली में कल्लू ज्वैलर्स के नाम से सर्राफे की दुकान है। सोने के दो गोले बिकने के बाद उसके हिस्से में 2.70 लाख रुपये आए थे। इनमें से 35000 रुपये बचे थे, बाकी उसने खर्च कर दिए। पकड़े गए हाजी शाहिद से बरामद सोने के बिस्कुट के संबंध में जानकारी की गई तो उसने बताया कि यह सोने के इस बिस्कुटनुमा पीस का वजन करीब 100 ग्राम है। जावेद से सम्पर्क करने पर पता चला कि कि मेरा नाम भी मुकदमे में आ गया है। इसलिए वह जावेद के साथ मिलकर बचे हुए सोने को बेचने के लिए बरेली जा रहा था। कार चालक जावेद पुत्र जाबिर निवासी ग्राम लालूनगला के पास से 35000 रुपये मिले।

# तीसरे दिन रोहतक में मिला बिजारखाता के युवक का शव

**संवाददाता, मसवासी**

**घटना**
- **परिजनों में पसरा मातम, परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल**
- **मंगलवार को नहाते समय नहर में डूब गया था अनस**

**अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के बिजारखाता का युवक रोहतक की एक नहर में नहाने के दौरान डूब गया था। तीन दिन से गोताखोर उसकी तलाश कर रहे थे। तीसरे दिन उसका शव नहर की झाड़ी में मिल गया। इसकी जानकारी मिलते ही परिवार में मातम पसर गया। परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।



मोहम्मद अनस।

बिजारखाता निवासी आफताब का 18 वर्षीय पुत्र मोहम्मद अनस अपने मामा के पास रोहतक में फर्नीचर का काम करता था। वह मंगलवार को दिल्ली से ट्रक में लकड़ी के दरवाजे भरकर रोहतक जा रहा था। रास्ते में ट्रक चालक को गर्मी महसूस हुई तो वह नजदीक की नहर में नहाने चला गया। ट्रक चालक के साथ अनस भी नहाने के लिए नहर में कूद गया था। नहर की गहराई अधिक होने के कारण वह डूब गया था। ट्रक चालक ने मामले की सूचना उसके मामा को दी। सूचना पर उसके मामा साथियों सहित नहर पर पहुंच गए थे।

गोताखोरों को बुलाकर उसकी तलाश की थी, लेकिन 48 घंटे बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका था। उसकी तलाश तीसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रही। तब नहर की एक झाड़ी में उसका शव मिल गया। रोहतक पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। मां सायरा रोते-रोते बेसुध हो गई। अन्य भाई-बहन भी बुरी तरह बिलखते रहे।

# मुठभेड़ में गोली लगने से गो तस्कर घायल

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



मुठभेड़ में घायल गो तस्कर को ले जाते पुलिसकर्मी।



गो तस्कर से पूछताछ करते पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी।

**अमृत विचार :** पुलिस से हुई मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से एक गो तस्कर घायल हो गया। जबकि उसका साथी मौका पाकर फरार हो गया। घायल को पुलिस कर्मियों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। दोपहर में एसपी ने आरोपी से पूछताछ की।

गुरुवार की देर रात सिविल लाइन पुलिस संजीवनी हास्पिटल के सामने रामपुर-बरेली बाईपास पर ग्राम अलीनगर जनूबी मार्ग पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी दो व्यक्ति बाइक पर आते दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इसमें बदमाश नादिर उर्फ काला पुत्र नासिर निवासी लाल मस्जिद अजीतपुर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। गो तस्कर नादिर उर्फ काला के कब्जे से तमंचा, कारतूस और बाइक मिली है। घायल बदमाश नादिर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने जिला अस्पताल में भर्ती गो तस्कर से पूछताछ की।

- **पुलिस को चकमा देकर एक गो तस्कर फरार, घायल जिला अस्पताल में भर्ती**
- **पकड़े गए गो तस्कर से तमंचा कारतूस और बाइक बरामद**

### नादिर पर दर्ज हैं करीब नौ मुकदमे

पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए गो-तस्कर पर करीब नौ मुकदमे दर्ज हैं। इनमें कुछ मुकदमे गो वध के भी हैं। इसके अलावा कुछ मुकदमों में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस काफी समय से गो तस्कर की तलाश कर रही थी। फरार चल रहे दूसरे गो तस्कर की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

# दरोगा पर 30 हजार रुपये मांगने का आरोप

**रामपुर, अमृत विचार :** पीड़ित ने डीआईजी से शिकायत कर आरोपी दरोगा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। आरोप है कि पीड़ित को दरोगा लगातार जेल भेजने की धमकी दे रहा है।

केमरी थाना क्षेत्र के गांव जनूनागर निवासी रामकिशन का कहना है कि उसके बेटे अमित के खिलाफ 19 मई को चाह इच्छा राम निवासी सचिन ने 70 ग्राम सोना के संबंध में शिकायत की थी। पुलिस ने अमित को थाने बुलाया और दरोगा ने उसे बैठा लिया था। बेटे का हाल जानने गए पिता को भी उसी दरोगा ने थाने में बैठा लिया। आरोप है कि दरोगा ने पिता-पुत्र को छोड़ने के एवज में 30 हजार रुपये मांगे। पीड़ित ने किसी तरह 12 हजार रुपये दरोगा को दिए और बाकी 18 हजार रुपये घर से लाकर देने की बात कही। पीड़ित ने डीआईजी से शिकायत करते हुए दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# प्रतिबंधित दवाओं पर रोक लगाने के लिए की छापेमारी

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**




बंद कराया गया मेडिकल स्टोर।

- **औषधि निरीक्षक की छापेमारी से मची रही खलबली**

**अमृत विचार :** प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने के लिए विभाग के अधिकारियों द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। शुक्रवार को शहर के मोहल्ला पीला तालाब रोड स्थित मेडिकल स्टोर सर्जिकल फार्मा पर छापेमारी होने से अन्य मेडिकल संचालकों में खलबली मच गई।

जिलाधिकारी के निर्देश पर औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने पीला तालाब रोड स्थित आजाद सर्जिकल फार्मा पर छापा मारा। यहां ड्रग्स एंड कास्मेटिक एक्ट के नियमों के उल्लंघन मिला। मौके से निरीक्षक ने तीन संदिग्ध दवाओं के नमूने लिए। इन्हें जांच के लिए ड्रग टेस्टिंग लैबोरेट्री भेजा गया। औषधि निरीक्षक ने बताया कि मेडिकल स्टोर पर काफी कमियां मिली हैं। इसके लिए सात दिन तक दुकान बंद रहेगी। दो माह में क्रय-विक्रय बिल की जानकारी मेडिकल संचालक से भी मांगी गई है। प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने के लिए निरंतर छापेमारी की जा रही है। अभियान लगातार जारी रहेगा।

# भीषण गर्मी में बिजली की अंधाधुंध कटौती से उपभोक्ताओं में रोष

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बब्लू ने एक्सईएन प्रथम को ज्ञापन देकर भीषण गर्मी में बिजली कटौती पर रोक लगाने की मांग की है। कहा कि बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में रोष पनप रहा है।

उन्होंने कहा कि शहर में बिजली की अंधाधुंध कटौती की जा रही है। इससे भीषण गर्मी में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। कहा कि तार और खंभे बदलने का बहाना बनाकर कटौती की जा रही है। जिन दुकानों के सामने बिजली के खंभे आ रहे हैं, उन्हें तुरंत हटाया जाए। खंभे लगे होने से किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। ज्ञापन देने वालों में महबूब अली मिर्जा, मोहसिन खान, मुनाजिर हुसैन, फैयाज अहमद, गुड्डू आदि शामिल रहे।

# 18 महीने बाद खुली हवा में सांस ले सकती हैं पूर्व सांसद डॉ. तजीन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** सब कुछ ठीक रहा तो 18 माह के बाद पूर्व सांसद (राज्यसभा) डॉ. तजीन फात्मा खुले में सांस ले सकती हैं। दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में हाईकोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि सोमवार या मंगलवार को वह जेल से बाहर आ सकती हैं। फिलहाल पूर्व सांसद रामपुर की जिला कारागार में सजा काट रही हैं।

बता दें कि सपा नेता आजम खां ने अपने बेटे अब्दुल्ला आजम खां के दो जन्म प्रमाण पत्र बनवाए थे। सपा सरकार जाने के बाद सूबे में आई भाजपा सरकार ने सपा के फायर ब्रांड नेता आजम खां की घेराबंदी शुरू कर दी थी। इसके बाद भाजपा से शहर विधायक आकाश सक्सेना ने दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में सपा नेता आजम खां, डॉ. तजीन फात्मा और स्वार टांडा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को आरोपी बनाया था। कोर्ट ने 18 अक्टूबर 2023 को तीनों को सात-सात साल कैद की सजा सुनाई थी। इसके बाद आजम खां के अधिवक्ता ने जिला जज की कोर्ट में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र लगाए थे। जिन्हें खारिज कर दिया गया था। इसके बाद आजम खां ने हाईकोर्ट में जमानत के लिए अपील की थी। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने तीनों को दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में जमानत दे दी है। उम्मीद जताई जा रही है कि आठ माह बाद डॉ. तजीन फात्मा सोमवार या मंगलवार को जेल से बाहर आकर खुले में सांस ले सकती हैं।

### सपा में खुशी का माहौल



आसिम खां।

**रामपुर, अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी के नेता आसिम खान ने कहा कि बर्थ सर्टिफिकेट मामले में उच्च न्यायालय ने मोहम्मद आजम खां की सजा पर रोक लगा दी है। अब्दुल्ला आजम खां, डॉ.तजीन फात्मा को जमानत मिलना न्यायिक व्यवस्था में आमजन के विश्वास को बढ़ाता है। देर जरूर हुई है लेकिन हमें उच्च न्यायालय से इंसाफ की उम्मीद थी और आगे भी रहेगी। आमजन में विशेष कर समाजवादी परिवार में इस राहत भरी खबर से खुशी का माहौल है। हमें यह भी उम्मीद है बहुत जल्द हम सब के लीडर मोहम्मद आजम खां और अब्दुल्ला आजम भी हम सब के बीच मौजूद होंगे।

# गवाह से जिरह नहीं करने पर कोर्ट ने आरोपियों पर लगाया जुर्माना

**रामपुर, अमृत विचार :** गवाह से जिरह न करने पर कोर्ट ने सपा नेता आजम खां सहित पांच आरोपियों पर पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया है। अब इस मामले में चार जून की तारीख तय की गई है।

शहर कोतवाली में 2019 में यतीमखाना बस्ती को खाली कराने के नाम पर मारपीट, लूटपाट, डकैती समेत कई धाराओं में सपा नेता आजम खां, रिटायर्ड सीओ आले हसन, इस्लाम ठेकेदार, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल समेत कई सपाइयों के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज कराए थे। इनकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। शुक्रवार को गवाह राजकुमार शर्मा कोर्ट में पेश हुए। लेकिन, बचाव पक्ष ने उनसे जिरह नहीं की। न्यायालय ने अंतिम अवसर देते हुए आजम खां सहित चार आरोपियों पर 5000 रुपये का जुर्माना लगाया।

# फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे आकाश

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**





मोहम्मद आजम खां। डा. तजीन फात्मा।





अब्दुल्ला आजम। आकाश सक्सेना।

- **हाईकोर्ट ने आजम खां की सात साल की सजा पर लगाई रोक, पत्नी व बेटे की जमानत मंजूर**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खां को हाईकोर्ट से मिली राहत के बाद शहर विधायक आकाश सक्सेना हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले का सम्मान है। लेकिन वह इस फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। ऐसे में कानूनी अधिकारों के तहत वह इस मामले को उच्चतम न्यायालय लेकर जाएंगे।

सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां इन दिनों सीतापुर की जेल में बंद हैं। जबकि उनकी पत्नी डॉ. तजीन फात्मा रामपुर और छोटा बेटा अब्दुल्ला आजम हरदोई की जेल में बंद हैं। तीनों को अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में रामपुर कोर्ट ने सात-सात साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद आजम खां ने रामपुर कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

इस प्रकरण में सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने 14 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने अपना निर्णय सुना दिया। हाईकोर्ट ने आजम खां की सात साल की सजा पर रोक लगाते हुए अब्दुल्ला आजम और डॉ. तजीन फात्मा की जमानत मंजूर कर ली।

हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद मुकदमे के वादी शहर विधायक आकाश सक्सेना ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि वह हाईकोर्ट के फैसले का सम्मान करते हैं, लेकिन इससे संतुष्ट नहीं हैं। ऐसे में अब हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ वह सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

### डूंगरपुर मामले में कोर्ट में बचाव पक्ष ने पेश किए कागजात

**रामपुर, अमृत विचार** : डूंगरपुर के एक मामले में शुक्रवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। मुरादाबाद से आए एएसआई राजेश्वर कुमार, डूडा में तैनात यासीन खां सहित तीन लोगों ने आले हसन और डूडा से संबंधित कागजात पेश किए। अब इस मामले में चार जून को सुनवाई होगी। वर्ष 2019 में गंज थाने में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने कई मुकदमे दर्ज कराए थे। आरोप है कि बस्ती को खाली कराने के नाम पर उनके साथ लूटपाट व मारपीट की गई थी। बुलडोजर से मकानों को ध्वस्त किया गया था। इस मामले में सपा नेता आजम खां को भी आरोपी बनाया गया था। इस तरह के दो मामलों में सपा नेता आजम खां को बरी किया जा चुका है जबकि एक मामले में सजा हो चुकी है। डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मुरादाबाद से आए एएसआई राजेश्वर कुमार, डूडा में तैनात यासीन खां सहित तीन कर्मचारियों ने कागजात पेश किए। इसमें सुनवाई के लिए अगली तारीख चार जून लगाई गई है। इसके अलावा डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो चुकी है। 29 मई को फैसला आ सकता है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि इसके अलावा डूंगरपुर एक अन्य मामले में बहस के लिए अंतिम अवसर देते हुए तीन जून की तारीख तय की गई है।

**सुविधा** स्वास्थ्य विभाग ने की विशेष पहल, 25 एलटी को किया प्रशिक्षित

# फोन पर देख सकेंगे 12 बीमारियों की रिपोर्ट

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



**अमृत विचार :** संचारी रोग पर नियंत्रण और प्रभावी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने विशेष पहल की है। मरीज और तीमारदारों को अब 12 प्रकार की बीमारियों की रिपोर्ट ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए यूडीएसपी का सिटीजन पोर्टल तैयार किया गया है। मरीजों की ओर से जांच के लिए सैंपल देने के बाद रिपोर्ट को पोर्टल पर ऑनलाइन किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग ने यूनिफाइड डिसीज सर्विलांस प्लेटफार्म कार्यक्रम के तहत इंटीग्रेटेड डिसीज सर्विलांस प्रोग्राम के अंतर्गत आने वाले 12 रोगों पर नियंत्रण करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कराया। इसमें सीएचसी और पीएचसी पर तैनात 25 लैब टैक्नीशियन को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अब यह एलटी अपने स्वास्थ्य केंद्र पर ओपीडी व इमरजेंसी में होने वाली जांच के बाद आने वाली रिपोर्ट का विवरण यूडीएसपी के सिटीजन पोर्टल पर अपलोड करेंगे। इसके बाद कोविड पोर्टल की तरह इस पोर्टल पर भी जांच रिपोर्ट ऑनलाइन जारी हो जाएगी। यह मरीजों को आसानी से प्राप्त हो जाएगी। रिपोर्ट को ऑनलाइन करने से मरीज को अपने रोग का सही समय पर पता चलेगा। स्वास्थ्य विभाग को यह भी जानकारी हो सकेगी कि किस क्षेत्र में किस रोग का असर अधिक है। ताकि बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाया जा सके।

### इन बीमारियों की रिपोर्ट होगी ऑनलाइन

मलेरिया, फाइलेरिया, कालाजार, जापानी इंसेफेलाइटिस, डेंगू, चिकनगुनिया, स्क्रप टाइफस, लैक्टोस्पाइरेसिस, हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी, मियादी बुखार, कालरा

> मच्छर जनित और संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए विशेष पहल हुई है। सीएचसी, पीएचसी पर तैनात 25 एलटी को प्रशिक्षित कर रिपोर्ट ऑनलाइन करने का तरीका बताया है। यह रिपोर्ट ऑनलाइन होने से संबंधित क्षेत्र में फैलने वाली बीमारी का आसानी से आकलन हो सकेगा।
>
> **-डा. ताहिर हाशमी, एपीडोमोलॉजिस्ट**

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, एक लाख की क्षति

**संवाददाता, बिलासपुर**

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला आनंदनगर में एक मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इसमें करीब एक लाख रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

मोहल्ला आनंदनगर निवासी शिव रतन जागरण करके परिवार का पालन-पोषण करता है। गृहस्वामी के अनुसार गुरुवार देर रात मकान में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। शोर-शराबा होने पर पड़ोसियों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने आग पर जैसे-तैसे काबू पाया। गृहस्वामी ने बताया कि आग से घर में रखा अनाज, कपड़े, अलमारी, डबल बेड आदि जलकर नष्ट हो गया। बताया कि आग से लगभग एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इस संबंध में राजस्व प्रशासन को सूचना दे दी गई है। तहसीलदार निश्चय कुमार ने बताया कि लेखपाल को भेज कर जांच कराई जाएगी। इसके बाद मुआवजे की प्रक्रिया शुरू होगी।



घर में लगी आग से जली अलमारी।

# दो माह पूर्व अपहृत युवती को पुलिस ने किया बरामद

**बिलासपुर, अमृत विचार :** दो माह पूर्व अपहृत हुई युवती को केमरी पुलिस ने सिमरा मोड़ से बरामद कर लिया है।

थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर मुखबिर की सूचना पर अपहृत युवती को बरामद कर मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट व कोर्ट में युवती के बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती 17 मार्च को घर से दवाई लेने निकली थी और लापता हो गई थी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। इसके बाद तीन मई को कोर्ट के आदेश पर मेरठ निवासी दूसरे समुदाय के चार लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस युवती की तलाश में जुट गई थी। अभी कोई आरोपी पुलिस के हाथ नहीं आ सका है।

# प्रेम विवाह रचाने वाली महिला का पति दो दिन से लापता

**संवाददाता, मसवासी**

- **महिला ने पुलिस को दी तहरीर में जताई पति की हत्या की आशंका**

**अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से प्रेम विवाह रचाने वाली महिला ने फुफेरे देवर पर पति को गायब करने का आरोप लगाया है। उसने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला ने पति की हत्या की आशंका जताई है।

चौकी क्षेत्र निवासी युवती ने कुछ दिनों पूर्व गांव के ही युवक से प्रेम विवाह कर लिया था। आरोप है कि ससुराल वाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। उन्होंने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस मामले को लेकर दोनों पक्षों में कुछ दिन पूर्व पंचायत भी हुई थी। पंचायत में महिला को उसके पति के घर भेज दिया गया था। अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है। प्रेम विवाह रचाने वाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका पति दो दिन से लापता है। पति को उसका फुफेरा भाई बुलाकर ले गया था। इसके बाद से उसका पति घर नहीं लौटा। महिला ने आशंका जताई है कि उसके पति की हत्या कर दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। महिला के पति का फुफेरा भाई भी घर से गायब है। पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। लापता युवक को तलाशने में गांव के ही कुछ लोगों की मदद भी ली जा रही है।

उधर क्षेत्र के एक गांव में महिला ने पति पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। महिला का आरोप है कि उसका पति आए दिन मारपीट करता रहता है। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता है।

## एक नजर

### जेल में फ्रेंच और अंग्रेजी सीख रहे बंदी

रामपुर, अमृत विचार : व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य बसंत गुप्ता की ओर से स्कूल की शिक्षिका श्रेया गुप्ता ने जेल अधीक्षक प्रशांत मौर्य को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य की प्रतिनिधि ने कहा कि जेल में निरुद्ध बंदियों को फ्रेंच व अंग्रेजी बोलना सिखाई जा रही है। इसके लिए बंदियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग व प्रशिक्षण कारागार में आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर जेल अधीक्षक प्रशांत मौर्य ने बताया कि जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को फ्रेंच व इंग्लिश का ज्ञान दिया जा रहा है।

### पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

टांडा, अमृत विचार : पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर दो वारंटियों को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार वीर सिंह पुत्र डालचन्द निवासी ग्राम बादली थाना टांडा व बाबू पुत्र याकूब निवासी भरतपुर दढ़ियाल थाना टांडा के विरुद्ध अलग-अलग न्यायालय में मुकदमे विचाराधीन हैं। दोनों आरोपी काफी समय से न्यायालय के समक्ष तारीखों पर उपस्थित नहीं हो रहे थे। इसके कारण न्यायालय ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिए थे। इसके आधार पर शुक्रवार को दोनों वारंटियों को मुखबिर की सूचना पर उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### पूर्वमंत्री की पत्नी के निधन पर जताया शोक

रामपुर, अमृत विचार : पूर्व केन्द्रीय मंत्री की पत्नी के निधन पर जिला सहकारी बैंक के सभागार में शोकसभा हुई। इसमें बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी समेत सभी अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे। डीसीबी के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने कहा कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश गंगवार की पत्नी सौभाग्यवती का निधन बरेली के एक अस्पताल में लंबी बीमारी के कारण हुआ है। अधिकारियों, कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके अलावा भाजपा कार्यालय में भी शोकसभा हुई। इसमें जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, राजीव मांगलिक, अशोक विश्नोई, पंडित जागेश्वर दयाल दीक्षित, जुगेश अरोड़ा कुक्कू आदि शामिल रहे।

# टैबलेट चलाने के लिए बेसिक शिक्षकों को मिलेगा सिम

## 200 रुपये प्रतिमाह का रिचार्ज भी कराकर देगा विभाग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- दो माह के लिए पास हुआ बजट जिले में बांटे गए 2392 टैबलेट

अमृत विचार : काफी समय पहले बेसिक शिक्षकों को टैबलेट दिए गए थे। शासन ने अब टैबलेट के लिए सिम कार्ड देने के साथ ही डेटा के लिए भी बजट जारी कर दिया है। अब बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक शिक्षक को टैबलेट चलाने के लिए सिम दिया जाएगा। इसका 200 रुपये प्रतिमाह का रिचार्ज और दो माह के लिए डेटा भी दिया जाएगा।

सरकारी स्कूलों में तैनात शिक्षकों को बच्चों को ऑन लाइन पढ़ाने में परेशानियां आ रही थीं। इसके देखते हुए प्रदेश में शिक्षकों को टैबलेट बांटने के आदेश दिए गए थे। इसके तहत जिले में 1253 स्कूलों को चिह्नित करते हुए 2392 टैबलेट बांटे गए थे। शिक्षक-शिक्षिकाओं को ऑनलाइन उपस्थिति लगाने के साथ ही बच्चों को पढ़ाने के आदेश हुए थे।



टैबलेट का प्रतीकात्मक फोटो।

टैबलेट मिलने के बाद शिक्षकों ने सिम का मुद्दा उठाया था। शिक्षकों की परेशानियों का समाधान करते हुए अब शासन ने सिम और उसके रिचार्ज कराने के लिए भी बजट पास कर दिया है। कहा कि सिम खरीदने के बाद उसमें 200 रुपये प्रतिमाह का रिचार्ज कराकर शिक्षकों को दी जाए। इसे लेकर विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जल्द ही शिक्षकों को सिम रिचार्ज भी कराकर दिया जाएगा।

### कुछ शिक्षक वाईफाई से चला रहे थे टैबलेट

शिक्षकों को जनवरी में टैबलेट बांटे गए थे। ताकि शिक्षक स्कूलों का सारा काम ऑनलाइन कर सकें। लेकिन उन्हें सिम नहीं दी गई थी। इस पर बहुत से शिक्षक वाईफाई से कनेक्ट करके टैबलेट चला रहे थे। उस पर काम भी कर रहे थे। जबकि कुछ स्कूलों में नेटवर्क की समस्या आ रही थी। इस समस्या के समाधान के लिए अब शासन की ने सिम के लिए बजट पास कर दिया गया है।

> जनवरी में 2392 टैबलेट बांटे गए थे। अब शासन ने टैबलेट चलाने के लिए दो माह का बजट पास किया है। सिम खरीद कर उसमें 200 रुपये का डेटा रिचार्ज कराकर जल्द ही शिक्षकों को दिया जाएगा। -अंकित सक्सेना जिला समन्वयक, ट्रेनिंग

### ईस्कॉन भक्तों का 29 को लगेगा जमावड़ा

रामपुर, अमृत विचार : श्री हरिनाम प्रचार समिति की ओर से 29 मई को उत्सव पैलेस में गीता ज्ञान महोत्सव एवं कृष्णमय भव्य संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसमें ईस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपालदास महाराज गीता ज्ञान का प्रचार करेंगे। भव्य संकीर्तन भी होगा। इसमें दूर-दूर से ईस्कॉन भक्तों का जमावड़ा लगेगा।

सोमवार को मिस्टन गंज में हुई बैठक में आयोजक विनोद अग्रवाल और नरेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में कई मुख्य आकर्षण भी होंगे। ठाकुर जी का सवामन फूलों से अभिषेक और छप्पन भोग लगाया जाएगा। कार्यक्रम शाम साढ़े छह बजे से प्रारम्भ होगा। इसके बाद महाप्रसाद का वितरण होगा।

बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक जागृति करना है। ताकि आपसी सौहार्द, प्रेम और भाईचारे की भावना विकसित हो। उन्होंने सभी से श्री राधाकांत और शीलप्रभुपाद का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की। इस अवसर पर योगेश गुप्ता, केके अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# फुंका ट्रांसफार्मर रखने पर की नारेबाजी

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : ग्राम पंचायत गद्दीनगली के मझरा हुसैनगंज के ग्रामीणों ने फुंका ट्रांसफार्मर रखने के विरोध में बिजली केंद्र में निगम के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों ने फुंके ट्रांसफार्मर के स्थान पर नए ट्रांसफार्मर की बजाए फुंका ट्रांसफार्मर रखकर ग्रामीणों के साथ मजाक किया है।

गद्दीनगली के मझरा हुसैनगंज के ग्रामीण शुक्रवार को मसवासी बिजली उपकेंद्र पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। आरोप लगाया कि दो दिन पूर्व गांव में 10 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया था। निगम के कर्मचारी फुंका ट्रांसफार्मर उतारकर ले गए थे। इसके बाद दूसरा फुंका ट्रांसफार्मर रखकर चले गए। ट्रांसफार्मर से लोगों के घरों में बिजली नहीं पहुंची तो ग्रामीणों को शक हुआ। उन्होंने निगम के अधिकारियों से संपर्क किया। इसके बाद कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर को चेक किया तो पता चला कि वह फुंका हुआ है। बिजली कर्मियों के इस



विद्युत उपकेंद्र पर प्रदर्शन करते गद्दीनगली के ग्रामीण। ● अमृत विचार

- मसवासी विद्युत उपकेंद्र पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

मजाक से भीषण गर्मी में ग्रामीणों का सब्र जवाब दे गया। उन्होंने शुक्रवार को उपकेंद्र पहुंचकर कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की।

कहा कि भीषण गर्मी में बिजली का संकट होने से उनके बच्चे बीमार पड़ गए हैं। दिन का सुकून और रात की नींद हराम हो गई है। बिजली कर्मचारियों ने किसी तरह ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत किया। 24 घंटे के भीतर नया ट्रांसफार्मर रखने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पुराने ट्रांसफार्मर के स्थान पर अब 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर रखा जाए। ताकि गांव का बिजली संकट दूर हो सके।

प्रदर्शन करने वालों में जमील अहमद, लईक अहमद, मोहम्मद अली, शादाब हुसैन, नवाब जान, इरफान खान, छोटे खान, मोहम्मद उमर, नवाब हुसैन, शौकत अली, मोहम्मद अली, ताहिर, जमील सेठ, शफी जान, नबी जान आदि शामिल रहे। उधर उपखंड अधिकारी भगवंत सिंह ने बताया कि गांव में शीघ्र नया ट्रांसफार्मर रखवाया जाएगा।

# बीडीओ से अभद्रता करने वाली सफाईकर्मी निलंबित

संवाददाता, शाहबाद

- आरोपी महिला सफाई कर्मी को मिलक ब्लॉक में किया अटैच

अमृत विचार : खंड विकास अधिकारी से अभद्रता करना महिला सफाई कर्मचारी को भारी पड़ गया। महिला को जेल भेजने के साथ ही निलंबित भी कर दिया गया है। बीडीओ की संस्तुति पर डीपीआरओ ने निलंबन की कार्रवाई कर उसे मिलक ब्लॉक में अटैच कर दिया है। वहीं, मिलक के एडीओ पंचायत को विभागीय जांच सौंपी गई है।

गांव बलुपुरा की सफाई कर्मचारी सुनीता पर आरोप था कि बुधवार को उसने ग्राम सचिवालय में चल रही बैठक में ग्राम प्रधान रामोली के साथ मारपीट की। उसके साथ उसका बेटा अरुण, तरुण और बेटी नीलम भी थे। सैफनी पुलिस ने प्रधान की तहरीर पर सफाईकर्मी और उसके परिजनों पर मामला दर्ज कर लिया था।

दूसरी ओर शाहबाद के बीडीओ नरेंद्र सिंह ने शाहबाद कोतवाली में गुरुवार को सुनीता पर मामला दर्ज कराया। उनके अनुसार बलुपुरा में निरीक्षण के दौरान गंदगी मिलने पर दस दिन में सफाई के निर्देश दिए थे। इस पर भड़की सुनीता उनके दफ्तर में आ गई और चिल्लाते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। वह एससी एक्ट और महिला उत्पीड़न का मुकदमा कराने की धमकी देकर चली गई। सैफनी पुलिस ने प्रधान के मुकदमे में गुरुवार को सुनीता और उसकी बेटी नीलम को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। बीडीओ नरेंद्र की संस्तुति पर डीपीआरओ ने उसे निलंबित कर मिलक के बीडीओ दफ्तर से अटैच कर दिया है।

# जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 27 से

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला योग खेल संघ की अध्यक्ष डॉ. वंदना शर्मा ने बताया कि जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 27 मई को प्रातः नौ बजे से शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी में शुरू होगी। इसमें जनपद के सभी स्कूल और ओपन वर्ग से लगभग 200 छात्र -छात्राएं प्रतिभाग करेंगे।

नैनीताल रोड स्थित बमनपुरी स्थित शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में बैठक हुई। इसमें जिला योग खेल संघ की अध्यक्ष डॉ. वंदना शर्मा ने बताया कि विभिन्न सब जूनियर नौ से 14 वर्ष, जूनियर 15 से 18 वर्ष, सीनियर 19 से 28 वर्ष और मास्टर वर्ग 29 से 55 वर्ष आयु शामिल होंगे। योगासन खिलाड़ी हट्रेडिशनल योगासना, आर्टिस्टिक सिंगल,



शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में चैंपियनशिप के बारे में चर्चा करते पदाधिकारी।

- आर्टिस्टिक सिंगल, आर्टिस्टिक पेयर, रिदमिक पेयर एवं आर्टिस्टिक ग्रुप इवेंट की प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग

आर्टिस्टिक पेयर, रिदमिक पेयर एवं आर्टिस्टिक ग्रुप इवेंट की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इसका आयोजन जिला योगासन खेल संघ ने उत्तर प्रदेश प्रदेश योगासन संघ के सचिव रोहित कौशिक के निर्देशन में किया जाएगा। इस मौके पर डॉ.अनूप कुमार सिंह उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी, मीनाक्षी रानी सचिव, सतीश कुमार कोषाध्यक्ष, मनोज कुमार, तुषार शर्मा, अंतरा यादव स्टेट कोच, ज्योति खुराना प्रदेश स्तरीय खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# श्री श्याम संकीर्तन में झूमे श्रद्धालु

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : बाबा श्याम प्रेमी सेवा समिति के तत्वावधान में आठवां श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कलाकारों ने सुंदर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

नैनीताल हाईवे स्थित श्री द्वारिकाधीश मंदिर परिसर में समिति के पदाधिकारियों ने श्री खाटू श्याम बाबा का दरबार सजाया। सबसे पहले बाबा को छप्पन भोग लगाया गया। इसके बाद दौसा राजस्थान से आए गायक अजय शर्मा ने बाबा की शान में एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। भजन सुन श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए।

उत्तराखंड के रुद्रपुर से आए गायक कलाकार रितेश मनोचा ने भी भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर सभी के मन को मोह लिया। इसके अलावा दिल्ली से आई महिला गायक ऋतु पांचाल ने भी एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। इससे पहले मुख्य यजमान गगन कुमार अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल, ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, भारत भूषण गुप्ता, पारुल अग्रवाल, सभासद कुशल गर्ग, अनिल मदान, विनोद जैन आदि ने मत्था टेककर बाबा का आशीर्वाद लिया। व्यवस्था में समिति के अध्यक्ष सुनील गुप्ता, सचिन अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, अमित अग्रवाल गुड्डू आदि मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# समर कैंप में मस्ती के साथ सीखा हुनर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : तारक एजुकेशनल एकेडमी के सह प्रधानाचार्य अमित बनर्जी ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियां भी आवश्यक है। इससे उनका सर्वांगीण विकास होता है। विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए ही विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया गया।

पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल एकेडमी में शुक्रवार को चार दिन से चल रहे समर कैंप का समापन हो गया। इसमें विद्यार्थियों को विभिन्न योग आसन, जूडो कराटे, एरोबिक्स, मेहंदी लगाना, क्राफ्ट वर्क, क्ले वर्क, ड्राइंग, वेस्ट मैटेरियल के प्रयोग के बारे में बताया। इसके अलावा अबेकस के प्रयोग द्वारा गिनती को सरल बनाना, स्केटिंग, सॉफ्ट टॉयज बनाना आदि सिखाया गया। बच्चों ने समर कैंप में हिंदी की मात्राओं का ज्ञान तथा



समर कैंप में खेलते बच्चे। ● अमृत विचार

- शिक्षा के साथ विभिन्न गतिविधियां भी जरूरी : अमित
- विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की कलाओं का लिया आनंद

अंग्रेजी के बेसिक शब्दों का प्रयोग भी सीखा।

विद्यालय में आयोजित समर कैंप विद्यालय में योग शिक्षा में निपुण श्वेता शर्मा तथा जूडो कराटे में ब्लैक बैल्ट दीपा के दिशा निर्देशन में संपन्न किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की कलाओं का आनंद लिया। समर कैंप के अंतिम दिन विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के इंडोर गेम्स भी कराए गए। इसका कैंप में आए विद्यार्थियों ने बहुत आनंद उठाया। इस अवसर पर विद्यालय हेड्स पूजा अरोरा, कुलदीप कौर, बीना, कुमारी रिया, कमल, ज्योति, नेहा आदि मौजूद रहे।

### भावाधस का 60वां स्थापना दिवस मनाया

बिलासपुर, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित प्रीत कालोनी में भावाधस के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष प्रेम नरेश वाल्मीकि के नेतृत्व में संगठन का 60वां स्थापना दिवस मनाया गया।

उन्होंने भगवान वाल्मीकि एवं बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) ने वाल्मीकि समाज को अलग पहचान दिलाई है। भावाधस हर किसी के सुख-दुख में सदैव तत्पर रहता है। हर कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी निष्ठा के साथ निभाता है। बाद में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर परवेश वाल्मीकि, जानू चौहान, विशाल वाल्मीकि, आस्था वाल्मीकि, कुलदीप वाल्मीकि, अनुज वाल्मीकि, राहुल नरेश वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# 22 राज्यों में पहुंचाए भगवान वाल्मीकि के उपदेश : दीप

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : नगर पालिका सभागार में भावाधस ने 60वां स्थापना दिवस धूमधाम सें मनाया। इसमें भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री ने कहा कि भगवान वाल्मीकि के उपदेशों को देश के 22 राज्यों में समाज के लोगों के घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया है।

शुक्रवार को राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही ने कहा कि भावाधस की स्थापना 24 मई 1964 को पंजाब के लुधियाना शहर में हुई थी। 60 वर्ष से भावाधस भगवान वाल्मीकि के उपदेशों को भारत के 22 राज्यो में समाज के लोगों के घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। भगवान वाल्मीकि ने रामायण जैसे महाग्रंथ की रचना कर मानव जाति को शिक्षा, प्रेम, भाईचारे व सौहार्द की प्रेरणा दी। वाल्मीकि



भगवान वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात पदाधिकारी।

समाज में व्याप्त बुराइयों का अंत कर समाज को एकजुट कर अपने अधिकारों के लिए संघर्षरत रहने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर भावाधस के ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप वाल्मीकि, सर्वेश वाल्मीकि, रावत वाल्मीकि, राजू वाल्मीकि, अविनाश वाल्मीकि, अजय कुमार, महेन्द्र वाल्मीकि, राजा वाल्मीकि, रितिक वाल्मीकि, प्रमोद वाल्मीकि, राजो देवी, शकुंतला देवी, आशा देवी आदि मौजूद रहे।

# साथी से अभद्रता पर भड़के अधिवक्ता, जताया रोष

संवाददाता, बिलासपुर

- बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार : अधिवक्ता के साथ एक व्यक्ति द्वारा अभद्रता करने के मामले में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इसमें आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शुक्रवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मकबूल अहमद के नेतृत्व में अधिवक्ता तहसील भवन पहुंचे। उन्होंने एसडीएम की अनुपस्थिति में तहसीलदार निश्चय कुमार को ज्ञापन सौंपा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने तहसीलदार को बताया कि बार एसोसिएशन के सदस्य मोहम्मद यूसुफ एडवोकेट ग्राम पजावा में रहते हैं। गांव के ही कुछ दबंगों ने अधिवक्ता की खेत की मेड़ तोड़ दी थी। अधिवक्ता ने इसकी शिकायत भोट पुलिस से की थी। बाद में पुलिस की मौजूदगी में दबंग तोड़ी गई मेड़ दोबारा बनवाने को राजी हुए थे।

अधिवक्ता का आरोप है कि जब दबंग व्यक्तियों से मेड़ डालने के लिए कहा तो उन्होंने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए उनसे अभद्रता की। मांग है कि अधिवक्ता को धमकी देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस मौके पर अमरीक सिंह चौहान, गुरपाल सिंह रंधावा, राकेश शर्मा, लाल सिंह, ख्यालीराम लोधी, रामधुन मौर्य, ओमप्रकाश यादव, मजहर अली, मोहम्मद आसिम रजा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

**चिंतनीय** जिला अस्पताल में शुक्रवार को पांच चिकित्सकों ने की 1082 मरीजों की ओपीडी

# डायरिया और बच्चा वार्ड में भर्ती हुए 52 रोगी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला अस्पताल में शुक्रवार को डायरिया व बच्चा वार्ड में 52 नए रोगी भर्ती हुए। इनमें डायरिया के 27 और बच्चा वार्ड में 25 रोगी भर्ती हुए। सुबह दस से दोपहर दो बजे तक की ओपीडी में पांच चिकित्सकों ने 1082 रोगियों की नब्ज टटोली। यानी एक चिकित्सक ने करीब 200 रोगियों को देखा।

चिकित्सकों के अनुसार अन्य दिनों में रोजाना की ओपीडी 100-120 होती है। मौसम में बदलाव होने की वजह से रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई है। ज्यादातर रोगी उल्टी, दस्त और बुखार से पीड़ित हैं। छोटे बच्चों के शरीर में पानी की कमी होने की दिक्कत आ रही है। हालत सही न होने पर बच्चा वार्ड में भर्ती कराया



जिला अस्पताल के वार्ड में भर्ती बच्चे। ● अमृत विचार

जा रहा है। तापमान में उतार- चढ़ाव की वजह से लोग बुखार, डायरिया सहित अन्य बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इनमें अधिकतर बुजुर्ग शामिल हैं।

चिकित्सक इलाज के साथ मरीजों को गर्मी से बचाव की भी सलाह दे रहे हैं। शुक्रवार की सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक 1082 रोगियों की ओपीडी हुई।

डा. ओपी राय, डा. शशांक शेखर झा, डा. हसीब अहमद सिद्दीकी जनरल फिजिशियन, डा. संजय अग्रवाल, डा. दशरथ सिंह, डा. युगल किशोर बाल रोग विशेषज्ञ और मनोरोग चिकित्सक डा. अजमी नाज ने रोगियों को देखा। डा. दशरथ सिंह, डा. युगल किशोर, डा. संजय अग्रवाल और डा. ओपी राय, डा. डीके वर्मा कक्ष के बाहर भीड़ लगी रही। रोगी और तीमारदार चिकित्सक को दिखाने के लिए खड़े रहे।

### रोगियों की स्थिति

| | |
|---|---|
| अल्ट्रासाउंड | 50 |
| खून की जांच | 206 |
| रेफर | 15 |
| ओपीडी | 1082 |
| सीटी स्कैन | 62 |

### यह बरतें सावधानी

- डिहाइड्रेशन से बचने के लिए खूब पानी पीएं।
- नीबू पानी, नारियल पानी और शिंकजी का सेवन फायदेमंद है।
- सूती कपड़े पहनें।
- दूषित खाना या पानी न पिएं।
- भोजन को गर्म करके ही खाएं।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### राजधानी एक्स. में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन जीआरपी और आरपीएफ स्टाफ ने ट्रेन में चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार को प्लेटफार्म पांच से आरोपी अफजाल निवासी मोहल्ला किला थाना आंवला को पकड़ा है। उसने मार्च में राजधानी एक्सप्रेस में यात्री का सामान चोरी कर लिया था। उसके खिलाफ आंवला थाने में भी कई मुकदमे दर्ज हैं। कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया है।

### घर में घुसकर महिला से की छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र में पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर महिला से छेड़खानी की। विरोध करने पर पर उसके कपड़े फाड़ दिए। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि आरोपी चांद मियां उस पर गलत नजर रखता है। आरोप है कि 13 मई की रात चांद मियां उनके घर में घुस आया। आरोप है कि उसने महिला के साथ छेड़छाड़ की। विरोध पर कपड़े फाड़ दिए। शोर सुनकर परिजन आए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# शाहबाद-बिलारी रोड पर धड़ल्ले से दौड़ रहीं डग्गामार बसें

## एआरटीओ की ओर से नहीं की जाती चालकों के खिलाफ कार्रवाई, नियम ताक पर रखकर ठूंस-ठूंस कर बस में बैठाते हैं सवारियां

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत के बाद भी शाहबाद क्षेत्र में दौड़ रही डग्गामार बसों से सवारियां ढोने और दिल्ली सहित बाहरी राज्यों से सामान लाने का सिलसिला नहीं थम रहा है। एआरटीओ की ओर से डग्गामार वाहन चालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है। डग्गामार वाहनों में नियम ताक पर रखकर ठूंस-ठूंस कर सवारियां भरी जाती हैं।

क्षेत्र में डग्गामार बसों के संचालक हठधर्मी पर उतरे हुए हैं। कानूनी कार्रवाई को भूल कर सैकड़ों की संख्या में सवारियां ठूंसकर बसों को दौड़ा रहे हैं। सवारी अधिक होने पर परिचालक किसी की भी परवाह किए बगैर बस की छत पर सामान के अलावा सवारियों को भी बैठा लेते हैं।

हालात इतने खराब हैं कि कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से इन डग्गामार बसों के संचालन की शिकायत की गई है। इसके बावजूद संचालकों पर कोई लगाम नहीं लगाई गई है। आए दिन क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। डग्गामार वाहन के बस चालकों के खिलाफ प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।



निजी बस में चढ़ती सवारियां। ● अमृत विचार


"बसों में क्षेत्र के तमाम किसान मजदूरी करने जाते हैं। बिना परमिट व बिना फिटनेस वाली बसों के संचालक यात्रियों से अवैध वसूली करते हैं। संचालकों द्वारा बिना फिटनेस चल रही अवैध बसें चलाकर यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।" – प्रमोद यादव


"शाहबाद-बिलारी मार्ग पर धड़ल्ले से डग्गामार बसें दौड़ रही हैं। यही बसें आए दिन हादसों का सबब बनती हैं। जान जोखिम में डालकर यात्री सफर करते हैं। जिम्मेदार अधिकारियों को इससे कोई सरोकार नहीं है।" – दान सिंह गामा

### ऐसे हो रहा है डग्गामार बसों का संचालन

शाहबाद से होकर निकलने वाली डग्गामार अधिकांश बसों का संचालन बरेली के सिरौली व बदायूं से किया जा रहा है। यहां से चलने वाली बसों की संख्या करीब दो दर्जन है। यह बसें दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा सहित कई राज्यों में सवारी लाने ले जाने और टैक्स बचाकर सामान ढोने का काम कर रही हैं। इन डग्गामार बसों पर परमिट के नाम पर कोई भी कागज देखने को नहीं मिलता है। डग्गामार बसों में अधिकांश बसें डबल डेकर हैं। इसकी वजह से इन बसों में सौ से भी ज्यादा सवारियां बैठा ली जाती हैं। विभाग यदि प्रयास करे तो इन डग्गामार वाहनों को आसानी से पकड़ा जा सकता है। इन वाहनों को संचालित करने वाले लोग सरकार को चूना लगाते हैं। कमाल की बात तो यह है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार इनका संचालन रोकने और इन पर कार्रवाई करने का आश्वासन तो देते हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं करते।


"सिरौली से शाहबाद से बिलारी, मुरादाबाद से होते हुए दिल्ली-हिमाचल एवं चंडीगढ़ के लिए रोजाना डग्गामार बसों का संचालन किया जा रहा है। प्रशासन इससे बेखबर है। किसी भी डग्गामार बस संचालक पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।" – बुन्दू फौजी


"जिम्मेदार अधिकारियों से इन डग्गामार बसों के संचालन होने की शिकायत की गई है। इसके बावजूद इनके संचालकों पर कानूनी कार्रवाई नहीं होती है। आए दिन क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने से हादसे होते रहते हैं।" – सतेन्द्र प्रताप सिंह

"शाहबाद में कितनी बसें पंजीकृत हैं, कितनी नहीं, इसका कोई भी अलग से आंकड़ा हमारे पास नहीं है। पूरे जिले का बता सकते हैं। बिना परमिट बस चलती पाई जाती हैं तो कार्रवाई भी होती है। आगे भी कोई बस मिलेगी तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।" – अनिल कुमार, पीटीओ रामपुर

### डग्गामार वाहनों के संचालन पर लगे रोक

आरटीआई एक्टिविस्ट सैयद बबलू अली ने डीएम को पत्र लिखकर डग्गामार वाहनों के संचालन पर रोक लगाने की मांग की है। आरोप है कि इससे टैक्स चोरी हो रही है। डग्गामार वाहनों में अवैध वस्तुओं का परिवहन भी किया जा रहा है। आरटीआई एक्टिविस्ट ने जिलाधिकारी से शिकायत कर कहा है कि शाहबाद क्षेत्र में डग्गामार वाहनों के चालक लापरवाही से बस चलाते हैं। इसके चलते आए दिन हादसे होते रहते हैं। डग्गामार वाहनों चलाने को लेकर आए दिन विवाद होते रहते हैं। वाहन संचालक बस की छत पर भी सवारी बैठा लेते हैं। इससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। आरोप यह भी है कि वाहन चालक दिल्ली से बिसातखाने का सामान एवं कपड़ा भी लेकर आते हैं। इससे सरकार के टैक्स का चूना लगाया जा रहा है। परिवहन विभाग को भी लाखों रुपये का चूना लग रहा है। आरटीआई एक्टिविस्ट ने डग्गामार वाहनों के संचालन पर शीघ्र रोक लगाने की मांग की है।

## सुभाषनगर में फाल्ट, लोगों की जाग कर कटी रात

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र में गुरुवार दोपहर हुआ फाल्ट शुक्रवार सुबह ठीक हो सका। गर्मी से बेहाल लोगों ने पूरी रात जाग कर काटी। शुक्रवार दोपहर 12 बजे इसी क्षेत्र में भूमिगत लाइन में फाल्ट से एक बार फिर बिजली ठप हो गई, जो शाम 6 बजे बहाल हो सकी। 6 घंटे लोग बिजली संकट से जूझते रहे। वहीं, किला क्षेत्र में लोकल फाल्ट से तीन घंटे बिजली कटौती की गई। जोगी नवादा क्षेत्र में ट्रिपिंग से लोग परेशान रहे।

सुभाषनगर और मढ़ीनाथ उपकेंद्र पर परसाखेड़ा से आने वाली 33 केवी लाइन में गुरुवार दोपहर 1 बजे फाल्ट हो गया था। इससे करीब 15 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए थे। अधिकारियों ने अलग अलग इलाकों में रोस्टिंग के अनुसार बिजली सप्लाई देकर काम चलाया। परसाखेड़ा में फाल्ट शुक्रवार सुबह 8 बजे ठीक हो पाया। गुरुवार दोपहर से शुक्रवार सुबह तक मढ़ीनाथ, बदायूं रोड, सर्वोदय नगर, तिलक कॉलोनी, राजीव कॉलोनी, गणेशनगर, शांति बिहार समेत कई इलाकों में लोगों ने जाग कर रात काटी। वहीं, सुभाषनगर उपकेंद्र से जुड़ी बीडीए टू कॉलोनी में भूमिगत केबिल में फाल्ट से शाम 6 बजे तक बिजली बाधित रही।

# शुक्रवार की साप्ताहिक बाजार का स्थान बदला

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** शुक्रवार की साप्ताहिक बाजार का स्थान बदल दिया गया है। अब बाजार नगर पंचायत कार्यालय के पीछे खाली पड़ी भूमि पर लगाया गया। नगर में स्वार-काशीपुर मुख्य मार्ग के किनारे साप्ताहिक बाजार लगने से जाम की समस्या बनी रहती थी। जाम में फंसे लोग बेहद परेशान हो जाते थे। शुक्रवार को भी साप्ताहिक बाजार होने पर नगर पंचायत कर्मियों ने साप्ताहिक बाजार स्थल के गेट में ताला लगा दिया था। शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय के पीछे खाली भूमि पर बाजार लगा।

नगर में सुल्तानपुर-पट्टी मुख्य मार्ग के किनारे शुक्रवार को सब्जी और बुधवार, रविवार को लहसुन-मिर्च का बाजार लगता है। शुक्रवार को सब्जी के साप्ताहिक बाजार में आए लोग अतिक्रमण करके मुख्य मार्ग के किनारे अपनी दुकान लगा लेते थे। बाजार में खरीदारी करने वाले लोग मुख्य मार्ग के किनारे अपने वाहनों को आड़ा-तिरछा खड़ा करके चले जाते थे। इस कारण जाम लग जाता था। रविवार और बुधवार को तो स्थिति और बदतर हो जाती है। बाजार में लहसुन और मिर्च बेचने आए लोग मुख्य मार्ग के किनारे ही सड़क पर लहसुन और मिर्च के बोरे रखकर खड़े हो जाते हैं। अपनी बाइकों को जबरन दुकानों के आगे खड़ा कर देते हैं। इसके कारण जाम की स्थिति बन जाती है। काफी समय तक लोग जाम में फंसे रहते हैं।

शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार होने पर तड़के ही तमाम दुकानदार ई-रिक्शा में अपना सामान लेकर बाजार स्थल में पहुंच गए। मामले की जानकारी होने पर नगर पंचायत प्रशासन ने साप्ताहिक बाजार स्थल के गेट में ताला लगा दिया। गेट पर ताला देख दुकानदारों में खलबली मच गई। दोपहर के समय पहुंचे नगर पंचायत कर्मचारियों ने दुकानदारों से बाजार हटाने को कहा। चिलचिलाती धूप में दुकानदारों को आलू-प्याज से भरे बोरे ई-रिक्शा और ट्रैक्टर ट्राली में लादने पड़े। सारा सामान साप्ताहिक बाजार की नई जगह पर लेकर पहुंचे।

कुछ दुकानदारों का सामान नगर पंचायत की ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरकर कर्मचारियों ने साप्ताहिक बाजार स्थल की नई जगह पर पहुंचाया। स्वार एसडीएम अवनीश कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। यहां जाम की समस्या के कारण नगर पंचायत प्रशासन के ने बाजार को हटवा दिया होगा।


साप्ताहिक बाजार स्थल के मुख्य गेट पर ताला लगा होने के कारण एकत्र भीड़।

- नगर पंचायत कार्यालय के पीछे खाली पड़ी भूमि पर लगा बाजार

## माध्यमिक स्कूलों में चिह्नित किए जाएंगे कमजोर छात्र

**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कमजोर छात्रों को चिह्नित कर विशेष कक्षाओं का संचालन किया जाएगा, ताकि वे 10 वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। अफसरों के अनुसार कक्षा 9 में मासिक और वार्षिक परीक्षा के अंकों के आधार पर कमजोर छात्रों को चिह्नित किया जाएगा। डीआईओएस ने सभी प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं।

कमजोर छात्रों के लिए शासन स्तर पर पाठ्यक्रम तैयार कराया गया है। इसमें विभिन्न विषयों को शामिल किया गया है। कमजोर छात्रों के शिक्षण कार्यों की हर महीने की मानिटरिंग के लिए शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि विशेष कक्षा संचालन के लिए छात्रों का चयन कर उनकी सूची उपलब्ध कराने के लिए सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए गए हैं।

# अवैध कब्जे पर गरजी जेसीबी

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** तालाब की भूमि पर कब्जा कर किए गए अतिक्रमण पर शुक्रवार को प्रशासन की जेसीबी गरजी। प्रशासनिक कार्रवाई से कब्जाधारकों में हड़कंप मचा रहा। अधिकारियों ने कहा कि सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

तहसील क्षेत्र में कई तालाब भूमाफिया हड़प चुके हैं। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद तालाब विलुप्त होने की स्थिति में हैं। उपजाऊ जमीनों, खलिहानों, तालाबों और नहर विभाग की जमीनों पर भी अवैध कब्जे हो चुके हैं। हालांकि प्रशासन समय-समय पर अभियान चलाकर इन कब्जों को हटवा भी देता है। लेकिन साठगांठ के चलते कार्रवाई के कुछ दिन बाद ही कब्जाधारी दोबारा काबिज हो जाते हैं। बीते दिनों नगरवासियों ने एसडीएम को एक शिकायती पत्र सौंपा था। उनका आरोप था कि नगर में तालाबों की संख्या बहुत अधिक थी। लेकिन लोगों ने उन्हें पाटकर अवैध प्लाटिंग कर दी है। कई तालाब विलुप्त हो चुके हैं। कुछ तालाबों पर साठ-गांठ के चलते भूमि की श्रेणी बदलने का भी खेल खेला गया। इस पर प्रशासन संज्ञान लेने के लिए तैयार नहीं है।

लोगों की शिकायत का संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी ने शुक्रवार को नायब तहसीलदार राजेश कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया। टीम जेसीबी लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट तालाब पर पहुंची। टीम ने पट चुके तालाब की पैमाईश की और फिर अतिक्रमण पर जेसीबी चलवा दी। कब्जाधारियों को भी जमकर हड़काया।

उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने गांव खौंदलपुर स्थित एक चकमार्ग और गूल को भी कब्जा मुक्त कराया। दोबारा कब्जा करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। अधिकारियों को मौके पर देख कब्जाधारी खिसक लिए। उप जिलाधिकारी ने बताया कि राजस्व भूमियों को कब्जा मुक्त कराने के लिए अभियान जारी रहेगा। बाकी तालाबों को भी चिन्हित किया जा रहा है। तालाबों की जमीनों पर हुए अतिक्रमण को साफ करा दिया जाएगा।

**कार्रवाई**

- बिलासपुर में अधिकारियों ने हटवाए कब्जे
- प्रशासनिक कार्रवाई से कब्जाधारकों में मचा हड़कंप

# एकजुट होकर लड़ें हक की लड़ाई

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन की पंचायत में जिला महासचिव मोहम्मद हसीब वारसी ने किसानों से एकजुट होकर अपने हक की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। कहा कि देश में बढ़ रही महंगाई पर अंकुश लगाने में सरकार पूरी तरह नाकाम है।

भाकियू भानु से जुड़े किसानों की शुक्रवार को क्षेत्र के लाला वाला बाग में पंचायत हुई। इसमें जिला महासचिव मोहम्मद हसीब वारसी ने कहा कि देश का किसान-मजदूर जब तक एकजुट नहीं होगा तब तक शासन-प्रशासन उनकी समस्याओं को नहीं सुनेगा। अब समय आ गया है कि देश के किसानों को भी व्यापारियों व अन्य कर्मचारियों की तरह एकजुट होकर अपने हक की लड़ाई लड़नी होगी। राजनैतिक पार्टियां अपना उल्लू सीधा करने के लिए किसान-मजदूर को जाति-बिरादरी में बांटकर वोट हासिल कर सत्ता में आ जाती हैं।

सत्ता हासिल करने के बाद किसानों को भूल जाती हैं। सरकार महंगाई को कम करने में पूरी तरह नाकाम है। मांग की कि सरकार किसानों का कर्ज माफ करे। पंचायत में नजाकत अली को वरिष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष तथा डॉक्टर मांगा को तहसील महामंत्री बनाया गया। इस दौरान महावीर सिंह, साबिर अली, बब्बू हाजी, मोहम्मद आरिफ, असगर अली, मुरारी लाल, जाने आलम, मोहम्मद अली आदि मौजूद रहे।


किसान पंचायत को संबोधित करते हसीब वारसी। ● अमृत विचार

- सरकार महंगाई को कम करने में पूरी तरह नाकाम

## चक्षु पोर्टल पर ऑनलाइन ठगी की शिकायत करें

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश पर जिले में बैंकों की शाखाओं की ओर से ग्राहकों को चक्षु पोर्टल के बारे में जागरूक किया जा रहा है। बैंक अधिकारियों की ओर से ग्राहकों को बताया जा रहा है कि कोई भी अज्ञात नंबर से फोन पर ओटीपी मांगे तो वे इसकी शिकायत संदेश, स्क्रीन शॉट और नंबर के साथ चक्षु पोर्टल पर कर सकते हैं।

चक्षु पोर्टल की टीम तकनीकी माध्यम से साइबर अपराधी के बारे में पता लगाएगी। बैंक अधिकारियों के अनुसार हाल ही में भारत सरकार ने साइबर अपराध को कम करने के लिए मार्च में चक्षु पोर्टल की शुरुआत की है। एलडीएम वीके अरोरा ने बताया कि चक्षु पोर्टल का लिंक संचार साथी पोर्टल पर उपलब्ध है। इस वेबसाइट पर जाकर ग्राहकों को चक्षु पोर्टल वाले आप्शन पर क्लिक करना होगा।

# डकैतों ने की पल्लेदार की हत्या, नकदी-जेवर लूटा

संवाददाता, इस्लामनगर (बदायूं)

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव अल्लेहपुर समसपुर की मढ़ैया में गुरुवार रात बदमाशों ने पल्लेदार के घर धावा बोल दिया। आरोपियों ने घर में घुसते ही उस पर डंडों से प्रहार कर दिया। पत्नी ने बदमाशों को जेवर व रुपये दे दिए। सामान लेने के बाद लुटेरे वहां से भाग गए। डकैती की सूचना पर घटना स्थल पर एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, फॉरेंसिक टीम व थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को चंदौसी के निजी अस्पताल में भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शुक्रवार दोपहर को एडीजी पीसी मीणा ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया और जल्द खुलासा करने के निर्देश एसएसपी को दिए। अल्लेहपुर समसपुर की मढ़ैया निवासिनी ममता ने बताया कि उसके पति महेश राणा (35) पल्लेदारी करते थे। ही वह ब्याज पर रुपये भी देते थे। गुरुवार की रात रुपये के लेन देन को लेकर महेश का गांव के पप्पू से विवाद हुआ था। रात साढ़े 10 बजे महेश घर पर आया और बिना खाना खाए सो गया। पड़ोस में उसकी पत्नी, बेटा साजन और बेटी रिचा सोई थी। रात करीब ढाई बजे तीन चार लोग घर में घुस आए और महेश पर ताबड़तोड़ डंडों से प्रहार कर दिया। ममता ने सोचा कि बदमाश लूटने के मकसद से घर में घुसे हैं।

## सूचना

मैं कि श्रीमती सरोज देवी पत्नी श्री ओमप्रकाश सिंह निवासी 182, आवास विकास निकट नूरमहल तहसील सदर जनपद रामपुर उ०प्र०, हाल निवासी ग्राम भरतपुर पो०-कुंडा काशीपुर, उधमसिंहनगर उत्तराखण्ड की एक किता आवासीय मकान स्थित आवास विकास योजना नं0-3 तहसील सदर जिला रामपुर हाउस नं0-बी 182, क्षेत्रफल-43.74 वर्ग मी0 जिसके पूरब में दीवार नूरमहल, पश्चिम में हाउस नं0-183 EWS, उत्तर में-हाउस नं0-204 EWS, दक्षिण में रास्ता 6 मी० की मालिक व काबिज हूँ जिसका मूल बैनामा दिनांकी 16.08.1999 जिसका इन्द्राज सबरजिस्ट्रार कार्यालय रजिस्ट्रेशन तहसील सदर जनपद रामपुर मे वही नं0-1, जिल्द सं0-293 पृष्ठ सं0-229 से 244 दस्तावेज सं0-2744/2745 पर दर्ज है। तथा सम्पत्ति प्रबन्धक अधिकारी उ०प्र० आवास एवं विकास रामपुर द्वारा किशन लाल भाटिया पुत्र श्री चिमन लाल भाटिया निवासी 182, आवास विकास, निकट नूरमहल तहसील सदर जिला रामपुर के हक में निष्पादित किया गया था। जो कि दिनांक-10.04.2024 को जिला कचहरी रामपुर से फोटो कॉपी करवाकर लाते समय जिला कचहरी रामपुर से कहीं गुम हो गया है जो काफी तलाश करने के बाबजूद भी प्रार्थिनी को प्राप्त नहीं हो पाया है।

उपरोक्त विवरण का मूल बैनामा किसी भी बैंक या अन्य किसी वित्तीय सरकारी या गैर सरकारी संस्था मे बंधक नहीं किया गया है और न ही उपरोक्त विवरण की सम्पत्ति को या उसके किसी भाग को किसी दीगर शक्स को बेचा गया है। प्रार्थिनी अब इस सम्पत्ति को आगे विक्रय या दान करना चाहती है यदि किसी व्यक्ति विशेष वित्तीय संस्था या अन्य किसी भी कानूनी व्यक्ति को प्रार्थिनी के उपरोक्त सम्पत्ति को अग्रिम विक्रय करने या दान करने एवं अन्य किसी वित्तीय संस्थान से ऋण लेने मे कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रार्थिनी को आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद गुजरने के पश्चात किसी भी प्रकार का कोई दावा या क्लेम किसी भी प्रकार से स्वीकार नहीं होगा।
नोटः- उपरोक्त मूल बैनामा दिनांकी 16.08.1999 दस्तावेज सं0-2744/2745 के गुम होने की सूचना सम्बन्धित थाने मे दिनांक 12.04.2024 को दर्ज करवा दी गयी है।

**अधिवक्ता जितेन्द्र प्रधान एडवोकेट**
**चैम्बर नं0-100, जिला कचहरी**
**जिला रामपुर**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
आन्ध्रा Andhra | कार्पोरेशन Corporation
क्षेत्रीय कार्यालय- प्रथम तल, बी.डी.ए. कॉम्पलेक्स, प्रियदर्शनी नगर, बरेली (यू.पी.) 243122

## ई-नीलामी बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूत हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 साथ में पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। आम जनता और विशेष रूप से कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति लेनदार के पास बंधक पड़ी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को सम्बन्धित कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) से बैंक/प्रतिभूत लेनदार के पास उनके बकायों की वसूली हेतु, निम्नांकित सारणी में अंकितानुसार तिथि को "जैसी है जहां है", "जैसी है जो है" तथा "जो भी है वही है" आधार पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि, सम्बन्धित सम्पत्तियों के समक्ष निम्न सारणी में अंकितानुसार होगी।

### प्रतिभूत आस्तियों की अनुसूची

| क्र. सं.. | कर्जदार, सह-कर्जदार व गारंटीदाता का नाम | बेचे जाने वाली अचल संपत्ति का विवरण | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि+ब्याज | आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋणी :** 1. **मैसर्स हसन प्रिन्टिंग एण्ड स्टेशनरी, प्रोप्राईटर-नाहिद कमाल,** मोहल्ला चौक मोहम्मद सईद खां, रामपुर (उ.प्र.)- 244901 2. **नाहिद कमाल** पुत्र मेंहदी हसन, मोहल्ला चौक मोहम्मद सईद खां, रामपुर (उ.प्र.)- 244901 **गारन्टर :** **श्रीमती शारिक कमाल** पुत्र मेंहदी हसन, मोहल्ला चौक मोहम्मद सईद खां, रामपुर (उ.प्र.)- 244901 शाखा : रामपुर (ई.सी.बी.) | आवासीय भवन के साम्यिक बन्धक क्षेत्रफल 1180 वर्ग मी., स्थित प्लॉट नं. 40 मिन, हजरतपुर, तोपखाना, तहसील सदर, जिला रामपुर, उ.प्र. जो कि श्री शारिक कमाल पुत्र मेहंदी हसन और श्री नाहिद कमाल पत्नी शारिक कमाल के नाम है। **चौहद्दी : उत्तर**-सड़क, **दक्षिण**-विक्रेता का मकान, **पूरब**-मकसूद का प्लॉट, **पश्चिम**-अजीज अहमद का प्लॉट | रु. 7,43,827/- (सात लाख तेतालीस हजार आठ सौ सत्ताईस रुपये मात्र) + ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 51.12 लाख | रु. 5.112 लाख |

**नियम व शर्तें : बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 में वर्णित नियम व शर्तों तथा निम्नलिखित आगामी शर्तों के अधीन होगी:-**
1. सम्पत्तियों को "जैसा है जहां है" और "जैसी है जो है" और "जो भी है वही है" के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट प्रतिभूत आस्तियों के विवरणों को प्राधिकृत अधिकारी की उचित जानकारी के अनुसार अंकित किया गया है, किन्तु प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलत बयानी या भूल-चूक के लिए जवाबदेय नहीं होंगे। 3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री के लिए दिनांक 12.06.2024 को दोपहर 12:00 से अप. 04:00 बजे तक वेबसाईट www.mstcecommerce.com में प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी। 4. बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों हेतु, कृपया www.mstcecommerce.com या www.unionbankofindia.co.in देखें। 5. अधिक जानकारी के लिए ऊपर दी गई शाखा से सम्पर्क कर सकते हैं। 6. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि, ई-नीलामी के दिन के प्रारम्भ होने पर या उससे पहले।

दिनांक : 24.05.2024 स्थान-बरेली प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक

**दिक्कत** पुलिया नीचे होने की वजह से नहीं हो रही पानी की निकासी, नालियों का गंदा पानी सड़क और लोगों के घर में घुस रहा

# चपटा कॉलोनी में पानी की निकासी न होने से परेशानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर पांच की चपटा कॉलोनी में बनी नालियों में पानी की निकासी नहीं हो रही है। इससे नालियों का पानी सड़कों पर आ रहा है। कॉलोनीवासियों को आने-जाने में दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि पानी की निकासी के लिए कई बार सभासद से कहा जा चुका है। मगर सुनवाई नहीं हो रही है।

चपटा कॉलोनी के पहले गेट पर बनी पुलिया से दिनभर दुपहिया वाहन गुजरते हैं। इस वजह से पुलिया कई स्थानों से चटक गई। इसका मलबा नाली में गिर रहा है। इसीलिए कॉलोनी में बनी नालियों की पानी की निकासी नहीं हो रही है। इसकी वजह से नालियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है और लोगों के घरों में जा रहा है। इससे घरों में रखा सामान भी खराब हो रहा है।

यहां के लोगों का कहना है कि नाली के पानी की निकासी न होने की वजह से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है पानी में मच्छर भिनभिना रहे हैं। मच्छरों से लोग बीमार हो रहे हैं। लेकिन पुलिया का निर्माण नहीं हुआ है। पुलिया की स्थिति देखने के लिए पालिका अधिकारी, कर्मचारी मौके पर आए भी थे। इसके फोटो खींचकर चले गए। पानी की निकासी के लिए बताया कि पुलिया का निर्माण ऊंचा करके कराया जाएगा। जिससे पानी की निकासी में कोई दिक्कत नहीं होगी।


चपटा कॉलोनी की नालियों में भरा कूड़ा-कचरा। ● अमृत विचार


"में बनी नालियों के पानी की निकासी न होने से काफी परेशानी हो रही है। इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।" –शबाब


"जब तक पुलिया नहीं बनती है तब तक सफाई कर्मचारियों से सफाई तो कराई जाए। नाली चोक हुई है, इसमें मच्छर पनप रहे हैं।" –रेशमा

### पालिकाध्यक्ष के सामने भी उठ चुकी है समस्या

चपटा कॉलोनी में पुलिया के निर्माण की समस्या पालिकाध्यक्ष सना खानम के समक्ष भी उठ चुकी है। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि पुलिया को पालिका के निर्माण विभाग की ओर से बनवाया जाएगा। इसके लिए खाद्य एवं सफाई निरीक्षक देवेंद्र गौतम भी रिपोर्ट सिविल जेई को दे चुके हैं। मालूम हो कि इसी कॉलोनी की सड़क भी मरम्मत कराकर बनवाई गई है।

"चपटा कॉलोनी में पुलिया बननी है। इसको निर्माण विभाग द्वारा बनवाया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी विभाग के जेई को सौंप दी गई है। जल्द ही पुलिया बनवा दी जाएगी।" –दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ

## एक नजर

### इंजीनियर की शिकायत पर पांच पर एफआईआर

**मैनाठेर, अमृत विचार :** निजी फर्म में क्वालिटी इंजीनियर पर नौकरी न मिलने से क्षुब्ध आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। जिसमें इंजीनियर को बचाने आया कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित इंजीनियर की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक निजी फर्म के इंजीनियर आदित्य प्रताप निवासी दोहना प्रीतम, थाना भोजीपुरा बरेली ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह एक निजी फर्म एमएच में क्वालिटी इंजीनियर है। 23 मई को फर्म में चेकर पद के लिए नौकरी का इंटरव्यू चल रहा था। इस दौरान जसवीर पुत्र कृपाल भी इंटरव्यू देने लिए आया था। इंटरव्यू के दौरान जसवीर पद के लिए अयोग्य पाया गया। इस दौरान गुस्से में जसवीर ने आदित्य प्रताप को बाहर देख लेने की धमकी दी। आरोप है कि जब इंजीनियर आदित्य प्रताप घर जाने के लिए कंपनी से बाहर निकले तभी जसवीर ने उन पर हमला कर दिया। बीच बचाव में आए रोहित को आरोपियों ने धारदार हथियार से जख्मी कर दिया। सिर में चोट लगने के कारण उसकी हालत गंभीर है।

### क्षेत्र में चल रहे अधिकांश स्विमिंग पूल में नहीं है साफ पानी की व्यवस्था, लाइफ गार्ड और दुर्घटना होने पर उपचार की भी नहीं है सुविधा

# नियमों को ताक पर रखकर हो रहा स्विमिंग पूल का संचालन

**संवाददाता, डिलारी**

**अमृत विचार :** क्षेत्र में मानकों की अनदेखी कर कई जगह स्विमिंग पूल चल रहे हैं। जिनमें सुरक्षा के भी पूरे प्रबंध नहीं हैं। साथ ही इनमें अनियमितताओं की भरमार है। इन स्विमिंग पूल के संचालक मोटी कमाई कर रहे हैं। उधर जिम्मेदार इन सबसे से अनजान बने हैं। अगर कोई हादसा हो जाता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए लोग स्विमिंग पूल में तैरने पर धनराशि खर्च करते हैं। लेकिन नगर में में पैसा खर्च करने के बावजूद लोगों को पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। हालात यह हैं कि पानी की सफाई, लाइफ गार्ड और दुर्घटना होने पर उपचार की व्यवस्था भी यहां नहीं है।



डिलारी दौराहे पर अवैध रूप से संचलित स्विमिंग पूल में नहाते बच्चे। ● अमृत विचार

इसके साथ ही स्विमिंग पूल संचालन के कई मानकों के बारे में संचालकों को जानकारी तक नहीं है।

स्विमिंग पूल में प्रशिक्षित कोच की व्यवस्था नहीं है। साथ ही दो लाइफ गार्ड भी नहीं हैं। साथ ही सुरक्षा के मानक भी पूरे नहीं किए जा रहे हैं। ऐसे में सवाल यह है कि यदि स्विमिंग पूल में कोई हादसा हुआ तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

#### अवैध पार्किंग से कमाते हैं पैसे

डिलारी दोराहा स्थित एक स्विमिंग पूल के बाहर अवैध पार्किंग भी चल रही है। अधिकारियों के अनुसार अभी तक स्विमिंग की अनुमति नहीं दी गई है, लेकिन यह स्विमिंग पूल धड़ल्ले से चल रहा है। साथ ही इसके बाहर अवैध पार्किंग के नाम पर प्रति वाहन 20 रुपये भी वसूले जा रहे हैं। इस ओर न तो किसी अधिकारी का ध्यान है और न ही इसमें कोई कार्रवाई हो रही है।

"मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। जानकारी लेकर जांच कराऊंगा। आरोपी पाए जाने पर संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
–**अजय कुमार मिश्रा,** एसडीएम, ठाकुरद्वारा

#### स्विमिंग पूल के मानक

- खेल निदेशालय से पूल का संचालन शुरू करने से पूर्व अनुमति जरूरी है।
- स्विमिंग पूल में आपातकाल स्थिति के लिए दो लाइफ जैकेट का होना जरूरी है।
- स्विमिंग पूल में दो आक्सीजन सिलेंडर, दो कृत्रिम सांस यंत्र भी होने चाहिए।
- पूल में फिल्टर प्लांट होना चाहिए जो प्रत्येक दिन चार घंटे चलाया जाए।
- स्विमिंग पूल चलाने के लिए सबसे पहले स्विमिंग कोच जो राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय खिलाड़ी हो, उसकी जरूरत होती है।
- प्रत्येक स्विमिंग पूल के लिए दो लाइफ गार्ड, जो भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा प्रमाणित हों, उनका होना जरूरी होता है।
- पानी को साफ रखने के लिए करना होता है क्लोरीन का इस्तेमाल, एक स्विमिंग पूल में करीब पांच किलो क्लोरिन रोजाना डालनी होती है।

### घर में घुसकर की मारपीट महिला समेत चार घायल

**मैनाठेर, अमृत विचार:** क्षेत्र के मिलक गुरेर में गुरुवार की शाम दो पक्षों में कहासुनी हो गई। इस दौरान आरोपी पक्ष ने पीड़ित पक्ष के साथ मारपीट की है।

थाना क्षेत्र के मिलक गुरेर निवासी अजीत ने बताया कि गुरुवार की शाम को उसके पड़ोसी नशे में हमारे घर आकर गालीगलौज करने लगा। उस समय ग्रामीणों ने मामला शांत करा दिया। अजीत का आरोप है कि शुक्रवार की सुबह आरोपी पक्ष के तीन से चार लोग हाथों में लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की घटना में पीड़ित पक्ष से अजीत की मां और परिवार के दो अन्य लोग बुरी तरह घायल हो गए। पीड़ित पक्ष घायलावस्था में शिकायत करने के लिए थाने पहुंच गया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए कुंदरकी सीएचसी भेज दिया। वही पीड़ित पक्ष ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### अनशनरत वृद्धा से जबरन लगवाया अंगूठा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पुलिस पर मोहल्ला धीमरी, थाना मझोला निवासी आमरण अनशनरत वृद्धा लीलावती ने डीजीपी के नाम प्रेषित शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि पुलिस वाले जबरन उसका अंगूठा लगवा लिए हैं। साथ ही धमकी दी है कि अगर दोबारा धरने पर बैठी तो जेल भेज देंगे। वह शुक्रवार को दूसरे दिन भी आमरण अनशन पर बैठी रही।

लीलावती ने डीजीपी उत्तर प्रदेश को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि शुक्रवार को उसकी भूख हड़ताल का दूसरा दिन था। लेकिन गुरुवार की शाम पुलिस उसका बैनर उतार कर ले गई। वहीं बिना महिला पुलिस के जबरन उसका हाथ पकड़कर अंगूठा लगवा लिया। उसे धमकी देकर गए हैं कि दोबारा धरने पर बैठी तो तेरे लड़के को जेल भेज देंगे। इस प्रकार उसके साथ अन्याय हो रहा है। कहा कि अगर अबकी बार जबरन उसका अंगूठा लगवाया गया तो वह छत से कूदकर अपनी जान दे देगी। इसमें थाना मझोला की पुलिस व आरोपी महेंद्र पाल सिंह का पूरा गिरोह जिम्मेदार होगा। उसकी मांग है कि इन आरोपियों से उसकी जमीन का पूरा पैसा वापस दिलाया जाए। साथ ही इनके खिलाफ गैंगस्टर का केस दर्ज कर जेल भेजा जाए।

# जंगल में गोवंश के अवशेष मिलने से ग्रामीणों में रोष

## बजरंग दल कार्यकर्ताओं व पुलिस ने गड्ढे में दबवाए हिस्से

**संवाददाता, पाकबड़ा**

**अमृत विचार:** जंगल में गोवंश के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परीक्षण के लिए डॉक्टर को बुलाया। उसी समय बजरंग दल के कार्यकर्ता भी पहुंच गए। उसके बाद दोनों ने मिलकर गोवंश के अवशेषों को गड्ढा खोदकर उसमें दबा दिया।

शुक्रवार की सुबह जब ग्रामीण अपने खेतों पर जा रहे थे। थाना क्षेत्र पाकबड़ा एवं डिडोली अमरोहा के गांव की सीमा के गांव वारीपुर के जंगल में गोवंश के सिर व कटे हुए पैर मिले। इससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही अन्य गांवों के लोग भी मौके पर पहुंच गए। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परीक्षण के लिए डॉक्टर को बुलाया। डॉक्टर ने परीक्षण के लिए सैंपल लिए। इसी बीच बजरंग दल के कार्यकर्ता राजीव ठाकुर, अनंत कौशिक, नवनीत शर्मा, सुधांशु, प्रमोद, जयवर्धन आदि मौके पर पहुंच गए और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए कहा। थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने ग्रामीण एवं कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। इस पर बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं पुलिस ने गड्ढा खोदवा कर अवशेषों को दबाया। हकीमपुर चौकी इंचार्ज संजय त्यागी की ओर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर टीमें लगा दी गई है। जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।



खेत में गोवंश के अवशेष दबाने को गड्ढा खोदती जेसीबी। ● अमृत विचार

### बकाया मांगने पर युवक के साथ की मारपीट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र में बकाया पैसे मांगने पर दबंगों ने कारखानेदार के भाई को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन सगे भाईयों समेत चार आरोपियों रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना मझोला क्षेत्र के जयंतीपुर निवासी जहूर अहमद के अनुसार वह अपने भाई के कारखाने में काम करता है। उसी कारखाने में मोहल्ले के रियाज स्टील काटने की डाई बनवाता है। जहूर के अनुसार रियाज पर उसके कुछ पैसे बकाया चल रहे थे। इसी बीच 14 मई को रियाज कारखाने पर आया और गाली गलौज शुरू कर दी। इसी बीच आरोपी के भाई रिजवान व अनवर और भतीजा जुबैर आ गए। पीड़ित के अनुसार सभी आरोपी उसे धमकाने लगे तो वह कारखाने के ऊपर बने अपने मकान में चला गया। आरोप है कि चारों लाठी-डंडा और सरिया लेकर मकान में घुस आए और उसके साथ मारपीट की। जब पीड़ित के परिवार के लोगों ने ललकारा तो आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। एसएचओ केके वर्मा ने बताया कि तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।



कांठ रोड स्थित हरथला में सड़क पर उड़ती धूल। ● अमृत विचार

# दमा, अस्थमा के मरीज बना रही धूल

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- **24 घंटे उड़ने वाली धूल को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी कर रहे नजरअंदाज**
- **कांठ रोड पर निर्माण कार्य के चलते उठ रही धूल, राहगीरों के साथ व्यापारी भी परेशान**

**अमृत विचार:** कांठ रोड के चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। जिसकी वजह से पांच महीने से 24 घंटे धूल उड़ रही है। लेकिन, जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों का कांठ रोड से आए दिन गुजरना होता है। लेकिन, कार के शीशे बंद कर सड़क पर चलने की तकलीफ का अंदाजा अधिकारियों को नहीं हो रहा है।

मुरादाबाद को स्मार्ट बनाने में सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है। लेकिन, सरकारी विभागों द्वारा किए जा रहा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। जिससे कांठ रोड का बुरा हाल है। 24 घंटे उड़ रही धूल से वहां रहने वाले लोग और दुकानदार दमा, अस्थमा जैसी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इसके अलावा रोज वहां से गुजरने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के चौड़ीकरण के कार्य को अंजाम देने वाले मनमर्जी से कार्य कर रहे हैं। जिससे अब तक कार्य पूरा नहीं हो सका है। सड़क पर उड़ रही धूल से हो रहे प्रदूषण से क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आशुतोष चौहान कांठ रोड पर हो रहे प्रदूषण से अनजान बने है।



जिगर कॉलोनी में रामगंगा नदी के तट पर अस्थाई पुल से गुजरते लोग। इन दिनों नदी में पानी कम होने के कारण काई जमने लगी है। वहीं लोग इस पुल से गुजरकर अपने खेतों पर चारा लेने व फसलों की देखभाल को जाते हैं। ● अमृत विचार

### पथराव और फायरिंग के मामले में छह पर रिपोर्ट

**मैनाठेर, अमृत विचार:** क्षेत्र के ललवारा गांव में गुरुवार की देर शाम हुए पथराव और फायरिंग के मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित पक्ष के आफताब आलम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव में हाजी मुन्नू अपने घर के दरवाजे पर सीढ़िया बना रहे थे जिसका आफताब के भतीजे फहीम से विरोध किया। इस बात से नाराज़ हाजी मुन्नू, खुशनूद, रियासत, गुलाम रसूल आक्रोशित हो गए और फहीम को लाठी-डंडों, सरिये व तबल से पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान जब कैशर जहां फहीम को बचाने आई तो आरोपियों ने उसे भी पीटा। शोर पर लोगों को आता देख आरोपी धमकी देकर भाग गए। पीड़ित आफताब आलम की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पक्ष के 6 लोगों सुहैल, गुलाम रसूल,रिहासत, नजाकत, मुन्नू खुशनूद आदि के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता में विजय प्रतिभागियों को किया सम्मानित। ● अमृत विचार

# डांस चैम्पियनशिप में मुरादाबाद प्रथम

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** राज्य स्तरीय डांस स्पोट्र्स प्रतियोगिता का आयोजन 19 मई को किया गया था। जिसमें विभिन्न जिलों के लगभग 230 डांस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें ओवरऑल चैम्पियनशिप में मुरादाबाद प्रथम स्थान, बरेली द्वितीय और आजमगढ़ तृतीय स्थान पर रहा।

मुरादाबाद को प्रथम स्थान दिलाने में सेंट मैरी स्कूल (17 मेडल), पीएमएस स्कूल (01 मेडल), अल्पाइन पब्लिक स्कूल (6 मेडल), शरोन डांस एकेडमी (12 मॉडल), सुप्रीम टाइगर डांस स्टूडियो (3 मेडल), शी डांस स्टूडियो (3 मेडल) का महत्वपूर्ण योगदान रहा। निर्णायकों द्वारा मुरादाबाद के सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की गई। निर्णायक मंडल में शुभम शर्मा, नेहा दुबे तथा अर्पित श्रीवास्तव रहीं। जिला डांस स्पोट्र्स संघ मुरादाबाद के सचिव शरोन हार्डी ने बताया कि जिन डांस प्रतिभागियों ने मेडल प्राप्त किए हैं, वे 27 व 28 जुलाई को उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय डांस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

### रास्ते में भैंस निकालने को लेकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**मैनाठेर, अमृत विचार:** क्षेत्र के लालपुर हमीर में एक भाई ने दूसरे भाई को रास्ते में भैंस निकालने को लेकर मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित लहूलुहान हालत में थाने पहुंच गया। पीड़ित ने आरोपी भाई के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के लालपुर हमीर निवासी इमरान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गर्मी में तबीयत खराब होने के चलते वह अपने घर के रास्ते में चारपाई पर लेटकर ड्रिप लगा रहा था। तभी बड़ा भाई अपनी भैंस लेकर आ गया। इस दौरान भैंस की जंजीर उसकी ड्रिप में फंस गई जिससे ड्रिप की निडिल निकल गई। जब पीड़ित ने इसकी शिकायत की तो आरोपी भाई ने लाठी से पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने घायल को कुंदरकी सीएचसी भेज दिया।

**मौसम** 25 मई को सूर्य के 3 :15 बजे रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही शुरू होगी तीव्र गर्मी दो जून तक रहेगी

# नौतपा आज से, नौ दिन तक तपाएंगे सूर्यदेव के उग्र तेवर

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- **मौसम वैज्ञानिक भी पहले ही जारी कर चुके हैं हीट वेव का आलर्ट**
- **नौतपा में हर दिन रहती है तेज गर्मी सावधानी बरतने की जरूरत**

**अमृत विचार :** ज्योतिषियों के अनुसार सूर्य 25 मई को 3:15 बजे रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। इसके बाद नौ दिन यानी दो जून तक नौतपा रहेगा। इसके साथ ही सूर्य देव आठ जून को 1:04 बजे तक रोहिणी नक्षत्र में रहेंगे। इसी दिन सूर्य देव मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश कर जाएंगे। नौतपा में सूर्य देव के तेवर उग्र रहते हैं। मौसम वैज्ञानिक भी पहले से ही इन दिनों में तापमान बढ़ने का अनुमान जारी कर चुके हैं। ऐसे में गर्मी के मौसम में सावधानी बरतने की जरूरत है।

ज्येष्ठ मास की ग्रीष्म ऋतु नौतपा को अधिक गर्मी का संकेत माना जाता है। नौतपा शुक्ल पक्ष में आर्द्रा नक्षत्र से नौ नक्षत्रों तक यानी नौ दिनों तक रहता है। यह आवश्यक नहीं है कि नौतपा में अधिक गर्मी हो। आर्द्रा के नौ नक्षत्रों तक जो सबसे अधिक गर्मी प्राप्त करता है, बाद में सूर्य उस नक्षत्र में 15 दिनों तक रहता है और अच्छी वर्षा होती है। सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने पर नौतपा शुरू होता है। सूर्य अभी वृष राशि में गोचर कर रहे हैं और यहां इनको गुरु का भी साथ मिल रहा है। गुरु भी एक मई को ही वृषभ राशि में आ चुके हैं। गुरु और सूर्य का यह संयोग गर्मी के मौसम में तपिश को और बढ़ाएगा। नौतपा में तेज हवा के साथ बवंडर और बारिश की भी संभावना रहती है। ज्योतिषाचार्य पंडित राधेश्याम शर्मा वासंतेय कहते हैं कि प्रतिवर्ष नौतपा ज्येष्ठ मास में लगता है। गर्मी में सावधानी बरतने की जरूरत है। घर से बहर सिर को ढककर निकलें। तेज धूप से आकर एकदम पानी नहीं पिएं।



#### नौतपा में करें ये उपाय



श्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ रामपुर के आचार्य पंडित राधेश्याम शर्मा वासंतेय कहते हैं कि नौतपा में जल्दी उठकर सूर्य को रोजाना अर्घ्य देकर अपने दिन का आरंभ करेंगे। ऐसा करने से आप गर्मी के कारण होने वाली बीमारियों से काफी हद तक बचे रहेंगे। रोजाना सुबह सूर्य को उठकर प्रणाम करें और ऊं सूर्याय नम : का जप करें। नौतपा में जरूरतमंद लोगों को ठंडी वस्तुओं का दान करें। नौतपा में लोगों को पानी पिलवाएं। साथ ही दही, नींबू, नारियल पानी और ठंडे फलों का दान करें। नौतपा में रोजाना भगवान कृष्ण के बालरूप की पूजा करें और उन्हें रोजाना कपूर और चंदन का लेप लगाएं और साथ ही मिसरी का भोग लगाएं। कपूर और चंदन का लेप भगवान को लगाने के बाद स्वयं भी उसका तिलक करें। इससे आपके दिमाग को ठंडक मिलेगी और क्रोध पर काबू रहेगा। नौतपा में रोजाना शिवलिंग पर ठंडा जल चढ़ाएं या फिर फलों के रस से भोलेबाबा का अभिषेक करें। ऐसा करने से आपको भी राहत मिलती है।

#### इस समय अपने चरम पर होती है गर्मी

ज्योतिषाचार्य के मुताबिक चंद्र देव रोहिणी नक्षत्र के स्वामी हैं, जो शीतलता का कारक है। परंतु इस समय में ये सूर्य के प्रभाव में आ जाते हैं। जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में 15 दिनों के लिए आता है इन पंद्रह दिनों के पहले नौ दिन सबसे अधिक गर्मी वाले होते हैं। इस दौरान धरती पर सूर्य की किरणें सीधे लंबी पड़ती हैं। इस कारण तापमान अधिक बढ़ जाता है। यदि नौतपा के सभी दिन पूरे रहे तो यह अच्छी बारिश का संकेत होता है। सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में आने का प्रभाव ज्योतिष गणना के मुताबिक शनि की वक्री चाल के चलते नौतपा खूब तपेगा। हालांकि नौतपा के आखिरी दो दिनों के भीतर आंधी तूफान व बारिश होने की संभावना भी रहेगी, ऐसी गणना का संकेत है।

# पासबुक पाकर खिले बेटियों के चेहरे

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** प्रवर अधीक्षक डाक, मुरादाबाद मंडल, अमित दत्त (आईपीओएस) ने बेटियों के सुंदर और सुनहरे भविष्य के लिए केंद्रीय डाक विभाग की सुकन्या समृद्धि खाते की पासबुकें छोटी-छोटी बेटियों को मौके पर प्रदान कीं। यह कार्य वित्तीय समावेशन एवं नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक अनोखी पहल के रूप में हुआ।

भारतीय डाक सेवा के अधिकारी अमित दत्त ने बताया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और बेटियों के खाते खुलवाओ के स्लोगन पर प्रत्येक 10 साल तक की छोटी बेटियों के लिए डाकघर में सुकन्या समृद्धि खाता मौजूद है। जिस पर अधिकतम 8.2% ब्याज डाक विभाग द्वारा दिया जाता है एवं यह मात्र 250 रुपये से किसी भी डाकघर से खुलवाया जा सकता है। बेटियों के भविष्य के सपनों को सजाने वाली आधुनिकतम गुल्लक की भांति कार्य करने वाली यह सुकन्या समृद्धि डाकघर खाते को प्रत्येक बिटिया द्वारा खुलवाया जाना चाहिए। इसके लिए अपने जनपद / मंडल की कोई भी बिटिया इस खाते को खुलवाने से वंचित न रहे। मेरी बेटी, मेरा मान, मेरी शान और मेरा अभिमान सोच को ही सार्थक बनाते हुए एक जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रत्येक डाकघर कर्मचारी सुकन्या समृद्धि बेटियों के खाते सभी बेटियों के खुलवाएं। साथ ही प्रवर अधीक्षक द्वारा महिला सम्मान पत्र एवं अन्य डाकघर की जन आकर्षक जनकल्याणकारी अधिकतम ब्याज की अनेकों योजनाओं के बारे में बताया।



सुकन्या समृद्धि खाते की पासबुक के साथ खाताधारक व उपस्थित अधिकारी।

## एक नजर

### जिला अस्पताल से ई-रिक्शा चोरी, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अंतर्गत शातिर चोर जिला अस्पताल से एक ई-रिक्शा चुराकर ले गए। पुलिस ने पीड़ित ई-रिक्शा चालक की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना मझोला क्षेत्र के लाइनपार रामलीला ग्राउंड के पास रहने वाले किशन कुमार ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। किशन कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 21 मई को सुबह लगभग 10 :30 बजे वह अपने बेटे को दिखाने जिला अस्पताल गए थे। जिला अस्पताल इमरजेंसी कक्ष के सामने अपना ई-रिक्शा खड़ा करके बेटे को दिखाने चले गए। वापस लौटकर आए तो वहां से ई-रिक्शा गायब था। कोई व्यक्ति वहां से ई-रिक्शा चोरी कर ले गया। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच की जा रही है।

### चोरी की बाइक के साथ पकड़ा गया युवक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गलशहीद थाना पुलिस ने एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गलशहीद थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया कि शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर दरोगा अमर मलिक, ऋषभ शर्मा व सिपाही रवित कुमार ने चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम रितिक शर्मा निवासी गांव क्योरार थाना मिलक जनपद रामपुर बताया। आरोपी ने बताया कि उसने हयात अस्पताल के पास से बीती 13 मई को बाइक चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

### नगर में सड़कों के गड्ढे भरने की मांग उठाई

**कांठ, अमृत विचार :** नगर व गांवों में सड़कें खोद कर पाइपलाइन बिछाई गई है, लेकिन कई माह बाद भी गड्ढे नहीं भरे गए हैं। इनमें गिरकर स्कूली बच्चे चोटिल हो चुके है। लोगों की शिकायत पर नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम ने मंडल आयुक्त से भी शिकायत की थी, लेकिन कोई भी कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है। मोहल्ला फकीरगंज में बिहारी स्कूल के पीछे सड़क के गड्ढे भरने का कार्य अधर में छोड़ दिया गया है। जल निगम के अधिशासी अभियंता मोहन राय से भी शिकायत की गई। नागरिक जेई पंकज भारद्वाज से भी कई बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने शीघ्र ही गड्ढों को भरने की मांग की है।

### महिला की मौत के मामले में अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गांव गुलाब नगर में गुरुवार को कार की टक्कर से हुई महिला की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलाब नगर निवासी आसमा (48) पत्नी जाफर गुरुवार को अपने चार माह के बेटे हमजा की दवाई लेने के लिए ठाकुरद्वारा आई थी। ठाकुरद्वारा स्योहारा मार्ग पर स्थित सूरजन नगर चौकी क्षेत्र के गांव गुलाब नगर के पास वह बच्चे को गोद में लेकर बस से उतरी। इस दौरान तेज रफ्तार कार चालक ने महिला को रौंद दिया था। हादसे में महिला की मौके पर मौत हो गई थी और बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया था। काशीपुर में उसका उपचार चल रहा है। मृतक के पति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

---

### प्रभात मार्केट से कटघर रेलवे स्टेशन और इंपीरियल तिराहे तक सड़क की दोनों पटरियों पर था व्यापारियों का कब्जा

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम से व्यापारियों की नोकझोंक, जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को प्रभात मार्केट से कटघर रेलवे स्टेशन और इंपीरियल तिराहे से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। कई जगह अतिक्रमण करने वालों ने विरोध जताकर टीम से नोकझोंक भी की। बावजूद इसके टीम ने जेसीबी से अतिक्रमण ध्वस्त किया। कई जगह प्रवर्तन टीम बिना अतिक्रमण हटाए विरोध को देखकर आगे बढ़ गई।

अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह के निर्देश पर उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, प्रवर्तन टीम के प्रभारी एसके शाही आदि के नेतृत्व में टीम प्रभात मार्केट पहुंची।

यहां जैसे ही अतिक्रमण हटाना शुरू किया व्यापारियों व फुटपाथ पर फड़ लगाने वालों ने विरोध करना शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि केवल छोटे व्यापारियों व फुटपाथ वालों का अतिक्रमण तोड़कर उनको उजाड़ा जा रहा है। जबकि बड़े अतिक्रमणकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। भेदभाव का जमकर विरोध किया। टीम के अधिकारियों से उनकी जमकर नोकझोंक हुई। अधिकारियों ने उनको आश्वास्त किया कि चिह्नित अतिक्रमण ही हटाया जा रहा है। इसके बाद टीम ने दुकानदारों व रेहड़ी पटरी वालों के द्वारा नाला और फुटपाथ पर किए अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त कराना शुरू कर दिया। ठेले और सड़क की पटरी पर रखे सामान को टीम ने जब्त कर लिया।

दुकानों के आगे निकले छज्जे, घरों के आगे बने चबूतरे और नाली पर लगे लोहे के जाल को टीम ने जेसीबी से तोड़कर अतिक्रमण हटवाया। टीम ने अवैध तरीके से संचालित खोखे, टीनशेड आदि को तोड़ डाला। चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण न करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई होगी। इस दौरान कर निर्धारण अधिकारी, निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, राजस्व विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।



गुलाबबाड़ी में अवैध निर्माण तोड़ती निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार

- टीम ने टीन शेड व खाने पीने के ठेले लगाने वालों का सामान जब्त कर दी चेतावनी

#### पेयजल पाइपलाइन की लीकेज ठीक कराई

नगर निगम के जलकल अनुभाग की टीम ने वार्ड 3, 17, 19, 24, 34, 54, 56, 70 में एक स्थान पर और वार्ड 18 व 57 में दो स्थान पर पेयजल की पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराई। वार्ड 39, 54, 61 में पाइप लाइन की सफाई कराई गई। जबकि वार्ड 33 में गंदा पानी आने की समस्या दूर कराई गई। वार्ड 7, 10, 20, 41, 44, 47, 48, 57, 67 में सीवर की मशीन से सफाई कराई गई।

#### 97 एलईडी लाइटों की हुई मरम्मत

पथ प्रकाश अनुभाग की टीम ने वार्ड 1, 3, 8, 17, 18, 35, 44, 54, 57, 59, 61 व 63 में खराब 97 एलईडी लाइटों की मरम्मत कराई गई। टीम ने लाइन फाल्ट को भी ठीक कराया।

#### नालों की कराई सफाई

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे के निर्देश पर रेलवे स्टेशन रोड से महाराणा प्रताप चौक तक जीएमडी रोड से मैक्स इंश्योरेंस तक, झब्बू का नाला, गोल कोठी, डिप्टीगंज, दौलतबाग व फैजगंज में जेसीबी व छोटी पोकलैन मशीन से नाले की तलीझाड़ सफाई कराई गई। स्प्रिंकलर मशीन के माध्यम से पानी का छिड़काव कराया गया। संचारी रोगों की रोकथाम के लिए एंटीलार्वा का छिड़काव कराया गया।

---

# हादसे में होमगार्ड की मौत, पत्नी ने भी दम तोड़ा

### जहर खाने से अस्पताल में भर्ती थी पत्नी, एक साथ हुआ दंपति का अंतिम संस्कार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के मुड़िया भायपुर में होमगार्ड की पत्नी ने गुरुवार शाम को विषाक्त पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे कांठ रोड पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। होमगार्ड पत्नी के उपचार के लिए रुपये लेने देर रात लगभग 12 बजे बाइक से घर जा रहा था। हाईवे पर टोल प्लाजा के शिवा होटल के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। घायल होमगार्ड को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं रात तीन बजे पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। शुक्रवार को पुलिस ने दोनों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए। परिजनों ने दोनों का एक साथ अंतिम संस्कार कर दिया। होमगार्ड व उसकी पत्नी की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।


नवल का फाइल फोटो।

थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव मुंडिया भायपुर निवासी नवल सिंह होमगार्ड थे। वह इन दिनों यातायात निरीक्षक अनुराधा सिंघल के हमराह की ड्यूटी कर रहे थे। उनके परिवार में पत्नी दीपमाला के अलावा बेटी सुहानी, अंजलि, बेटा विराट और मितांशु हैं। पुलिस के मुताबिक नवल सिंह का पत्नी दीपमाला से काफी समय से विवाद चल रहा था।

वह तीन महीने से मायके में थी। गुरुवार शाम पत्नी अचानक घर पहुंच गई। फोन पर किसी बात को लेकर पत्नी से होमगार्ड का विवाद हो गया। जिससे गुस्सा होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। दीपमाला की हालत बिगड़ने पर बेटी सुहानी ने परिजनों को बताया। आनन-फानन में परिजन दीपमाला को पहले जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर उसे कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। ड्यूटी से ही नवल सिंह सीधे अस्पताल पहुंच गए थे। उनके साथ टीआइ और अन्य स्टाफ भी अस्पताल पहुंचा। देर रात लगभग 12 बजे नवल सिंह अस्पताल से अपने घर पैसे लेने के लिए बाइक से जा रहे थे। इस दौरान रामपुर रोड हाईवे पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार वाहन उनकी बाइक को रौंद दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल को जिला अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सकों ने होमगार्ड को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाकर परिजनों को सूचना दी।

शुक्रवार तड़के तीन बजे पत्नी दीपमाला ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने दंपति के शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने दोनों पति और पत्नी का एक साथ अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रक का टायर फटने पर हादसा हुआ है। ट्रक को कब्जे में ले लिया है। हादसे से बाद फरार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

#### चार बच्चों के सिर से उठा मां-बाप का साया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मूंढापांडे में मुड़िया भायपुर में रहने वाले नवल किशोर 2005 से होमगार्ड विभाग में तैनात थे। उसके परिवार में पत्नी दीपमाला के अलावा चार बच्चे सुहानी (13), अंजली (12), विराट (9) और मीतांशु (6) हैं। माता-पिता की मौत के बाद चारों बच्चों के सिर से मां-बाप का साया उठ गया। चारों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

#### पांच भाइयों की इकलौती बहन थी दीपमाला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** होमगार्ड की पत्नी होमगार्ड की पत्नी दीपमाला मुरादाबाद के लक्ष्मीनगर की रहने वाली थी। उसके भाई मोनू ने बताया दीपमाला पांच भाइयों में इकलौती बहन थी। बहनोई नवल सिंह बहन पर शक करता था। इसी बात को लेकर वह अक्सर उसके साथ मारपीट करता था। इसी से तंग आकर दीपमाला अपने बच्चों को लेकर कुछ दिन पहले मायके आ गई थी। गुरुवार को एक बार फिर से दोनों के बीच विवाद हुआ था। जिससे गुस्साई दीपमाला ने जहर खा लिया था।

#### बेटी सुहानी ने पिता को दी थी सूचना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** होमगार्ड नवल के साले मोनू ने बताया कि उसकी भांजी सुहानी ने मां के जहर खाने की सूचना अपने पिता को दी थी। सूचना मिलते ही नवल ड्यूटी छोड़कर बाइक से अस्पताल पहुंचे थे। जिसके बाद वह देर रात में पैसे लेने के लिए घर जा रहे थे। इसी बीच हाईवे पर वह ट्रक की चपेट में आ गया।

---

# मध्याह्न भोजन योजना मामले में एडी बेसिक ने मांगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**कार्रवाई**
- महानिदेशक के आदेश पर हो रही है घोटाले की जांच
- शिवसेना के कार्यकर्ता ने की थी घोटाले की शिकायत

**अमृत विचार:** शिवसेना के कार्यकर्ता राजकुमार वाल्मीकि द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के महानगर क्षेत्र में मध्याह्न भोजन योजना में बच्चों को भोजन आपूर्ति के नाम पर लाखों रुपये का फर्जी बिलों का भुगतान कर घोटाला करने की शिकायत मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की महानिदेशक से की थी। इस मामले में 15 मई को महानिदेशक कंचन वर्मा ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को जांच करने का आदेश दिया था। पत्र एडी बेसिक व जिलाधिकारी को भी भेजा था। जिसके क्रम में एडी बेसिक ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के साथ ही नगर शिक्षाधिकारी से मामले में रिपोर्ट मांगी है।

शिकायतकर्ता बंगला गांव निवासी शिवसेना कार्यकर्ता राजकुमार वाल्मीकि ने 3 मई को महानिदेशक को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि नगर क्षेत्र के कई स्कूलों में एनजीओ के माध्यम से भोजन वितरण कराया जाता है। जिसमें छह महीने से अधिक समय से फर्जी बिलों का भुगतान कर एमडीएम में घोटाला किया जा रहा है। वार्षिक परीक्षा के बाद अवकाश के दिनों में भी फर्जी हाजिरी लगाकर भोजन वितरण दिखाकर उसका भुगतान निकाल लिया गया। शिकायत की जांच करने के लिए महानिदेशक कंचन वर्मा ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को पत्र लिखा। अब एडी बेसिक शिक्षा बुद्ध प्रिय सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर इस मामले में जांच कर कार्रवाई करने और रिपोर्ट देने के लिए कहा है। प्रतिलिपि भेजकर नगर क्षेत्र के सभी खंड शिक्षाधिकारियों से भी मध्याह्न भोजन योजना के स्वयंसेवी संस्था व विद्यालयों के द्वारा उपलब्ध कराए गए सत्यापित बिलों की छायाप्रति पूरी रिपोर्ट के साथ भेजने का आदेश दिया है। उनका कहना है कि रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

---

# किशोरी से प्रेमी व उसके दोस्त ने किया सामूहिक दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मोबाइल से किशोरी की बनाई अश्लील वीडियो, एसएसपी के निर्देश पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी के साथ प्रेमी और उसके दोस्त ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं आरोपियों ने मोबाइल से उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। जिसे वायरल करने की धमकी देकर लगातार उसे ब्लैकमेल किया। पीड़िता के पिता ने एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

थाना मझोला क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि पड़ोस में रहने वाले युवक का उसके घर आना-जाना था। इस बीच आरोपी ने उसकी बेटी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और उससे फोन पर बातचीत करने लगा। आरोप लगाया कि बीती 11 अप्रैल की शाम आरोपी उसके घर आया और उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर सुनसान जगह पर ले गया। जहां आरोपी ने किशोरी से दुष्कर्म किया। इस बीच आरोपी के दोस्त ने उसकी वीडियो बना ली। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी के दोस्त ने भी दुष्कर्म किया। जिसके बाद आरोपी रात लगभग 11 बजे उसे घर छोड़कर चले गए। 14 मई की शाम पांच बजे किशोरी घर पर अकेली थी। इसी दौरान आरोपी अपने दो दोस्तों के साथ घर में घुस आया। आरोप है कि तीनों ने किशोरी के साथ छेड़खानी की। शोर शराबा होने पर आरोपी भाग गए। आरोपियों की हरकतों से तंग आकर 19 मई को किशोरी ने आत्महत्या की कोशिश की। पूछताछ करने पर पीड़िता ने अपने पिता को आपबीती सुनाई। उन्होंने मझोला थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी ने मझोला थाना प्रभारी को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

### व्हाट्सएप डीपी पर पति की फोटो लगाकर ठगे 40 हजार

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत साइबर ठगों ने व्हाट्सएप डीपी पर पति का फोटो लगाकर 40 हजार की ठगी कर डाली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना मझोला क्षेत्र के इंदिरा आवास समिति मिलन विहार निवासी सत्यपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी सरोज के मोबाइल पर एक अंजान नंबर से कॉल आई। उसके व्हाट्सएप डीपी पर सत्यपाल की फोटो लगी थी। आरोपी ने सरोज से कहा कि तुरंत 40 हजार रुपये ट्रांसफर कर दो। महिला ने बिना कुछ सोचे आरोपी द्वारा बताए गए नंबर पर 40 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। जिसके बाद महिला ने अपने पति को कॉल की और रुपये भेजने की बात कही। तब सत्यपाल ने बताया कि उसने कोई कॉल नहीं की है। तब दोनों को पता चला कि उनके साथ साइबर ठगी हो गई। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। साइबर सेल की मदद से आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# रंग लाया एनआरएमयू का आंदोलन, तबादले रद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रेलवे सिग्नल और दूरसंचार विभाग में हुए तबादलों को रद कराने की मांग को लेकर एनआरएमयू आंदोलन 12वें दिन रंग लाया। शुक्रवार को तीन कर्मचारियों के तबादले रद कर दिए गए।

नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन द्वारा सिग्नल और दूरसंचार विभाग के तबादलों के खिलाफ पिछले 12 दिन से आंदोलन चल रहा था। मंडल मंत्री राजेश चौबे ने रेलवे अधिकारियों से कहा था कि हर हाल में सीनियर डीएसटीई व सीनियर डीईई/टीआरडी द्वारा नियम के खिलाफ किए गए अनुचित तबादलों को रद करना होगा। अन्यथा रेल प्रशासन के अधिकारियों को एनआरएमयू के कार्यकर्ताओं का गुस्सा झेलना पड़ेगा। मंडल मंत्री राजेश चौबे ने महाप्रबंधक को पत्र लिखने का काम किया। जिसमें 22 मई को महाप्रबंधक और पीसीपीओ से वार्ता हुई। जिसमें रेलवे के आलाधिकारियों ने भी किए गए तबादलों को नियम विरुद्ध माना। जिसके बाद महाप्रबंधक व पीसीपीओ द्वारा राजेश चौबे को आश्वस्त किया गया कि जल्द यह आदेश रद किया जाएगा, साथ ही साथ पीसीपीओ द्वारा सीनियर डीपीओ को आदेशित किया गया कि जल्द यह अनैतिक तबादले रद किए जाएं।

मंडल मंत्री राजेश चौबे ने बताया कि एनआरएमयू के नेतृत्व में हुआ आंदोलन सफल हुआ और अंत में प्रशासन ने अपने घुटने टेकते हुए तत्काल प्रभाव से सिग्नल विभाग के किए गए अनैतिक स्थानांतरण को रद (केप्ट इन एबेयंस) कर दिया। टीआरडी विभाग के तीन कर्मचारियों के स्थानांतरण रद किए कर दिए गए। उन्होंने बताया कि टीआरडी विभाग में जो बचे हुए अनैतिक स्थानांतरण हैं, उनको भी नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन जल्द ही रद कराने का काम करेगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि रेलवे प्रशासन ने टीआरडी विभाग के बाकी बचे स्थानांतरण को जल्द रद नहीं किया तो नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन का आंदोलन यथावत जारी रहेगा।



डीआरएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**खुशी जताई**
- पिछले 12 दिन से आंदोलन कर रहे थे रेलवे कर्मचारी
- तीनों कर्मचारियों के तबादले रद होने से कर्मियों में खुशी

---

**राहत** स्मार्ट रोड नेटवर्क और रेट्रोफिटिंग ऑफ ओल्ड मार्केट एरिया का काम मई में पूरा कराने का दावा कर रहे अधिकारी

# लाइटों की रोशनी से जगमग होगा महानगर का बुध बाजार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर का हृदयस्थल इस महीने के अंत तक स्मार्ट हो जाएगा। नई तकनीक के लाइटों से जगमगाएगा। इस क्षेत्र में स्मार्ट रोड नेटवर्क और रेट्रोफिटिंग आफ ओल्ड मार्केट एरिया जैसे बड़ी परियोजनाओं का कार्य स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत चल रहा है। कार्यदायी संस्थाओं पर सख्ती और स्मार्ट सिटी के महानिदेशक तकनीकी पर कार्रवाई के बाद अब काम में तेजी आई है। इस महीने के अंत तक सभी कार्य पूरा होने का भरोसा स्मार्ट सिटी के अधिकारी जता रहे हैं। जिसके बाद यहां आने वाले लोगों को बेहतर अनुभव होगा।


स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के कारण बदला बुध बाजार का नजारा। ● अमृत विचार

बुध बाजार में काम में देरी पर एक तरफ जहां व्यापारियों में नाराजगी है वहीं मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह भी नाराजगी जता चुके हैं। पिछले दिनों कार्य में शिथिलता और रूचि न लेने के चलते स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक (तकनीकी) अनिल कुमार मित्तल का वेतन भुगतान भी रोका गया था। नगर विधायक भी काम में देरी और व्यापारियों के उत्पीड़न के विरोध में आवाज उठा चुके हैं। बुध बाजार में स्मार्ट सिटी मिशन के रेट्रोफिटिंग आफ ओल्ड मार्केट एरिया और स्मार्ट रोड नेटवर्क के अन्तर्गत बाजार के सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। कार्यदायी संस्थाओं बिजली विभाग और उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम की सुस्ती से काम लटका रहा। अब अधिकारी काम में तेजी कराने में जुटे हैं। इंटरलाकिंग की ईंटे बिछाई जा रही हैं तो डिवाइडर पर फिनिशिंग का काम तेजी से चल रहा है। पिछले दिनों नगर विधायक रितेश गुप्ता व्यापारियों के साथ शिविर कार्यालय पहुंचकर नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी मिशन लिमिटेड के सीईओ दिव्यांशु पटेल से मुलाकात कर नाराजगी जताई थी। जिसके बाद मंडलायुक्त के निर्देश पर बुध बाजार में दुकानों के आगे वेडिंग जोन एरिया में शेड लगाए जाने की सहमति बनी थी जिससे गर्मी में धूप और बरसात में पानी से बचाव हो सकेगा। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम की ओर से अब काम की मानीटरिंग नियमित की जा रही है।

अपर नगर आयुक्त प्रथम व स्मार्ट सिटी के एसीईओ अतुल कुमार का कहना है कि बुध बाजार में सभी कार्य मई में ही पूरा कराने का पूरा प्रयास है। कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया है कि हर हाल में मई में काम पूरा कराना प्राथमिकता है।

### हत्यारोपी ने युवक पर किया जानलेवा हमला

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शादी समारोह में आए युवक पर एक हत्या के मामले में आरोपी ने अपने साथियों के साथ हमला बोल दिया। पुलिस ने एसएसपी के आदेश आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना मझोला गायत्री नगर निवासी दीपक कुमार ने एसएसपी हेमराज मीना को दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि मोहल्ले का रहने वाला अरुण एक हत्या के मामले में जेल गया था। जिसमें आरोपी को पकड़वाने में पीड़ित ने पुलिस की मदद की थी। तब से आरोपी उससे रंजिश रखता है। आरोप है कि 10 मई की रात दीपक अपने दोस्त की शादी में गया था। जहां अरुण अपने साथियों के साथ आया और उस पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर एसएसपी ने मझोला पुलिस को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज के आदेश दिए।

# भाई-भाभी समेत आठ पर घर में घुसकर मारपीट व लूट का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कोर्ट के आदेश पर आठ के खिलाफ दर्ज की गई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के एक युवक ने अपनी सगे भाई व भाभी समेत आठ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट व लूट का आरोप लगाया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है।

थाना सिविल लाइंस की मधुबनी कालोनी निवासी शाहनवाज रफी हाल में सदर कोतवाली क्षेत्र के तंबाकू मोहल्ले में रहते हैं। कोर्ट में दी शिकायत में शाहनवाज रफी ने बताया कि उसका अपने भाई से मधुबनी स्थित मकान को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप लगाया कि उसका छोटा शाहवेज रफी, उसकी पत्नी सिमरन रहमान, मोहम्मद आदिल, फैज, अहमद, नोमान आदिल व अदनान मिराज उसके मकान में रात करीब 11 बजे घुस आए और एक लाख रुपये व पुश्तैनी जेवरात जिनकी कीमत लगभग 40 लाख रुपये चोरी कर ले गए। इस बीच उसकी भाभी सिमरन ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस ने शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट के आदेश दिए। थाना सिविल लाइंस पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी शाहवेज रफी, सिमरन रहमान, हिफजुर्रहमान, मोहम्मद आदिल, फैज, अहमद, नोमान आदिल व अदनान मिराज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक झुलसा

**गजरौला, अमृत विचार :** पेंट करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक झुलस गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाई निवासी शेर सिंह गुरुवार को क्षेत्र के गांव भारापुर माफी में मकान में काम कर रहा था। इसी बीच शाम के समय घर के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जिससे वह करंट की चपेट में आकर झुलस गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। लोगों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रुपयों को लेकर हुए विवाद में घर में घुसकर पीटा

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा में सुरेंद्र सिंह का परिवार रहता है। उनका आरोप है कि गांव के एक युवक की कुछ दिन पहले मौत हो गई थी। जिस पर गांव का युवक उन पर पर मृत युवक के रुपये होने की बात कह रहा था। जबकि उस युवक से कोई रुपये नहीं लिया। इस बात को लेकर आरोपी ने अपने परिवार के साथ मिलकर पीड़ित के घर में घुसकर मारपीट की। जिसमें सुरेंद्र पुत्र नेमचंद, उसकी मां चमेली, भाई लोकेश तथा पत्नी धर्मवती घायल हो गए। घायल अवस्था में युवक कोतवाली पहुंचा और पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। वहीं पुलिस ने तहरीर लेने के बाद घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### ग्रामीण करेंगे बगद नदी की खोदाई में सहयोग

**गजरौला, अमृत विचार :** शुक्रवार को ब्लॉक सभागार परिसर में बैठक हुई। जिसमें भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह ने बगद नदी की खोदाई पर चर्चा की। कहा कि क्षेत्र के गांव फरीदपुर गढ़ी, शकूराबाद, खाईखेड़ा खादर, अहरौला तेजवन आदि के पास से निकल रही बगद नदी की खोदाई का निर्माण कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी की अपील का हवाला देते हुए ग्राम प्रधान व ग्रामीणों से भी खोदाई में सहयोग की बात कही। 25 मई की सुबह सात बजे गांव शकूराबाद व खाईखेड़ा में खोदाई किए जाने की बात कही। इस दौरान ग्राम प्रधान हेमंत शर्मा, संजीव यादव, हैप्पी प्रधान, इकबाल अहमद, वीर सिंह, विकास मित्तल, राजवीर सिंह, नितिन कुमार आदि रहे।

# भीषण गर्मी में डायरिया से मजदूर की मौत

## एक दिन में डायरिया और बुखार के 35 मरीज भर्ती, ओपीडी में चिकित्सकों ने देखे 500 मरीज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** आसमान से बरस रही आग की चपेट में आने से जिले में डायरिया और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिला अस्पताल में डायरिया के 25 मरीज भर्ती हैं और बुखार के 35 मरीज हैं। जबकि शुक्रवार को 15 मरीज डायरिया और 20 मरीज बुखार के बढ़ गए। वहीं, डायरिया से पीड़ित धनौरा क्षेत्र के मजदूर की की मौत हो गई। डायरिया पीड़ित मजदूर की मौत से परिवार का बुरा हाल है।

भीषण गर्मी से क्षेत्र के लोग बेहाल हैं। लोगों की जान तक गर्मी से जा रही है। गर्मी के प्रकोप के चलते जिले में बुखार, डायरिया, उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही हैं। इन बीमारियों में सबसे ज्यादा बच्चे और बुजुर्ग चपेट में आ रहे हैं। यहां तक कि अब डायरिया जानलेवा हो रहा है। बुखार व डायरिया से शुक्रवार को धनौरा क्षेत्र के मजदूर की मौत हो गई। दरअसल थाना मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव डींगरपार में निवासी 40 वर्षीय सुरेश पुत्र फत्तन सिंह मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। उसे दो दिन पहले बुखार आया था। परिवार वालों के अुनसार बुखार के बाद उन्हें डायरिया हो गया। स्वास्थ्य बिगड़ने पर पहले तो गांव में ही उनका उपचार कराया। उसके बाद तबियत ज्यादा बिगड़ने पर शुक्रवार सुबह उन्हें जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर, जिला अस्पातल के वार्डों में बुखार व डायरिया के अन्य मरीज भी भर्ती हैं। गुरुवार तक बुखार के 78 और डायरिया के 38 मरीज मिले। जबकि शुक्रवार को डायरिया के 15 और बुखार के 20 मरीज और भर्ती हुए। सरकारी अस्पताल सहित निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है। दिन-प्रतिदिन बढ़ती गर्मी का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिख रहा है। जिला अस्पताल में आने वाले रोगियों की संख्या बढ़ गई है। वहीं रोजाना 500 से अधिक मरीजों की ओपीडी हो रही है।


जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने के लिए कतार में खड़े मरीज। ● अमृत विचार

> शुक्रवार सुबह धनौरा के व्यक्ति सुरेश को जिला अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती कराया था। जिसकी जांच कर मृत घोषित कर दिया गया था। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।
> **–डॉ. इकबाल,** इमरजेंसी चिकित्सक, जिला अस्पताल

### उल्टी-दस्त के रोगी बढ़े

गर्मी का प्रकोप अब लोगों की सेहत बिगाड़ रहा है। जिला अस्तपाल समेत निजी अस्पतालों में उल्टी-दस्त के रोगी बढ़ रहे हैं। गर्मी में सबसे अधिक लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत है। डिहाईड्रेशन के चलते मरीज अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं। वहीं चिकित्सकों की सलाह है कि भीषण गर्मी में घरों से बाहर न निकलें। अपने शरीर में पानी की कमी न होने दें।

### डायरिया से बचाव के लिए बरतें सावधानी

- भरपूर मात्रा में पानी पीते रहें।
- नारियल पानी, मौसमी फलों का सेवन करें।
- घर पर बने शरबत, दही जैसी चीजों को डाइट में शामिल करें।
- शरीर को डिहाइड्रेट नहीं होने दें।
- घर में पानी को उबाल कर ठंडा कर पिएं।
- अधिक से अधिक पानी, ग्लूकोज व शिकंजी पिएं।


हसनपुर में सड़क किनारे झाड़ियों में लगी आग। ● अमृत विचार

# झाड़ियों और पेड़ों में लगी आग, यातायात प्रभावित

संवाददाता, हसनपुर

- अग्निशमन की टीम ने आग पर काबू पाया

**अमृत विचार :** गजरौला मार्ग पर सड़क किनारे लगे पेडों और झाड़ियों में आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। सड़क किनारे लगी आग से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ।

शुक्रवार को गजरौला मार्ग स्थित गांव आगापुर के निकट सड़क किनारे पेड़ों में आग लग गई। आग की लपटों के कारण मार्ग पर गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। राहगीरों ने सड़क किनारे आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग पानी की गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है किसी असामाजिक तत्व द्वारा आग लगाई गई है। अग्निशमन विभाग के कर्मचारी उस्मान ने बताया कि संभल मार्ग स्थित सड़क किनारे पेड़ों में किसी ने आग लगा दी गई थी सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

# घर में घुसा सांड़, दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, दंपती घायल

संवाददाता, हसनपुर

**विवाद**
- एक घर में घुसे सांड़ को भगाने के दौरान दूसरे घर में घुस गया था
- मामले की शिकायत पर पुलिस ने कही जांच कर कार्रवाई की बात

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ले में देर रात एक घर में अचानक सांड़ घुस गया। जिसको लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मारपीट में दंपती घायल हो गया। घायल दंपती को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं पुलिस जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

मोहल्ला मनापुर निवासी रोशन लाल ने गाय पाल रखी हैं और दूध बेचकर परिवार पालते हैं। गुरुवार रात नौ बजे उनके घर में सांड़ घुस आया। जिसको भगाने के लिए रोशन लाल डंडा लेकर उसके पीछे भाग गया। इसी दौरान सांड़ उनके पड़ोसी के घर में घुस गया। जिससे पड़ोसी को शक हुआ कि रोशन लाल द्वारा उनके घर में सांड़ को घुसाया गया है। इसी को लेकर दोनों पक्षों में नोकझोंक के बाद कहासुनी हो गई और देखते देखते मारपीट होने लगी। मारपीट में लाठी-डंडे चले। मारपीट में रोशन लाल व उनकी पत्नी कुंती घायल हो गए। घायल दंपती कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने घायल दंपती से तहरीर लेकर उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी से दुष्कर्म, पीड़िता के पिता ने कराई रिपोर्ट दर्ज

**ढबारसी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव में किशोरी के पिता ने किशोर पर दुष्कर्म के फोटो वायरल करने की धमकी देकर शोषण करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव निवासी कक्षा 12 की नाबालिग छात्रा का पड़ोस के दूसरे समुदाय के किशोर से प्रेम प्रसंग चल रहा था। किशोरी की मां ने पति को बताया कि किशोर ने उनकी बेटी से दुष्कर्म किया है और उसके मोबाइल में आपत्तिजनक फोटो भी हैं। अब आरोपी किशोर आपत्तिजनक फोटो को वायरल करने की धमकी देकर बेटी का शोषण कर रहा है। घटना की जानकारी होने पर लड़की का पिता लड़की को लेकर थाने पहुंचा तथा आरोपी किशोर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# कुत्तों के हमले में 12 ने गंवाई जान, प्रशासन खामोश

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में आवारा कुत्तों के हमले में करीब 12 लोगों की मौत हो चुकी है और कई लोग घायल हो चुके हैं। कई परिवारों ने अपने बच्चों को भी खोया है तो कई ने घर के मुखिया को। लोग कुत्तों को पकड़वाने की मांग करते हैं, लेकिन अधिकारियों को कोई परवाह नहीं है। जब कोई ऐसा हादसा हो जाता है तो औपचारिकता के रूप में आवारा कुत्तों को पकड़ने के निर्देश दिए जाते हैं।

तहसील क्षेत्र में आवारा कुत्तों का लंबे समय से आतंक है। लेकिन अधिकारी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। आवारा कुत्ते रामपुर भूड़ गांव में 31 मार्च 21 को चंद्रपाल के 12 वर्षीय कक्षा पांच के छात्र पुत्र शरद, चार अप्रैल 22 को राजकुमार के 8 वर्षीय पुत्र आर्यन, हुसैनपुर में कक्षा नौ की छात्रा रिकी तथा बिजनौरा गांव में चमन सिंह की पत्नी नथिया, दीपपुर निवासी खड़ग सिंह के इकलौते 12 वर्षीय बेटे कनिष्क, नगर के चामुंडा रोड निवासी नरसिंह पत्नी नन्हे, रामपुर भूड़ निवासी कल्पना पुत्री जविंदर को आवारा एवं गांव मनौटा निवासी काव्या पुत्री रामदास को कुत्तों को झुंड मौत की नींद सुला चुका है। इसके अलावा लगभग 50 से अधिक लोगों पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर जख्मी किया है। लेकिन, प्रशासन का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। जिसके कारण ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में भारी रोष व्याप्त है। उप जिलाधिकारी भगत सिंह ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों की वार्ता कर संबंधित विभागों की टीम गठित कर कुत्तों को पकड़वाया जाएगा।


हसनपुर क्षेत्र के गांव मनौटा में विलाप करते काव्या के परिजन। ● अमृत विचार

- शिकायतों की अनदेखी कर रहे वरिष्ठ अधिकारी
- 50 से अधिक लोगों को कुत्तों के झुंड ने किया घायल

### शहर व ग्रामीण इलाकों में कुत्तों का बढ़ रहा आतंक

**गजरौला, अमृत विचार :** गर्मी शुरू होते ही कुत्तों का आतंक बढ़ने लगा है। आए दिन बच्चों पर कुत्ते हमला कर रहे हैं। बीते चार माह में गजरौला क्षेत्र में तीन बच्चों पर कुत्ते ने हमला बोलकर गंभीर रूप से घायल कर चुके हैं। जिनमें 18 फरवरी को मोहल्ला जलाल नगर निवासी फुरकान का बेटा अली, 13 मार्च को गोवंशीय पशु को कुत्तों ने बुरी तरह नोंचा, पांच अप्रैल को मोहल्ला बसंत विहार निवासी कक्षा तीन की छात्रा साक्षी पर कुत्तों ने हमला बोलकर कर घायल किया था। बीते 12 अप्रैल को बहलोलपुर में बच्ची को कुत्तों ने हमला बोलकर मौत के घाट उतार दिया था। अब तक कुत्तों को पकड़वाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

# भाकियू ने थाने के बाहर किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** भाकियू ने मारपीट के मामले में उचित कार्रवाई न होने के विरोध में थाने के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। भाकियू ने धरने के दौरान बिजली कटौती का भी मुद्दा उठाया।

थाना क्षेत्र के गांव खंडसाल तगा निवासी भाकियू असली के न्याय पंचायत अध्यक्ष मनोज त्यागी के भाई राजीव त्यागी से गांव के ही प्रमोद त्यागी, समोद त्यागी व शुभ त्यागी ने मारपीट की थी। जिससे राजीव त्यागी की हड्डी टूट गई थी। जिसका इलाज मेरठ मेडिकल में कराया गया था। मारपीट करने वालों के खिलाफ धनौरा थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई थी। लेकिन भाकियू के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की। इसके विरोध में भाकियू कार्यकर्ता शुक्रवार को थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। धरने की सूचना पाकर थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह धरना स्थल पर पहुंचे और आश्वासन दिया। जिस पर कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त कर दिया। धरने के दौरान भाकियू के कार्यकर्ताओं ने भीषण गर्मी के चलते बिजली विभाग द्वारा हो रही कटौती को लेकर भी चर्चा की और चेतावनी देते हुए कहा कि अगर बिजली की आपूर्ति सुचारू नहीं दी गई, तो भाकियू असली के कार्यकर्ता आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। धरना प्रदर्शन करने वालों मे डूंगर सिंह, महावीर सिंह, जसपाल सिंह, नरेश सिंह, कलुवा खां, रामवीर सिंह, जन्म सिंह, राजीव त्यागी, मनोज त्यागी, राजेंद्र यादव, ईश्तियाक अल्वी, जावेद मलिक सहित भाकियू असली के कार्यकर्ता मौजूद रहे।


मंडी धनौरा में धरने पर बैठे किसानों को समझाते थाना प्रभारी। ● अमृत विचार

- थाना प्रभारी के आश्वासन पर समाप्त हुआ धरना

# आम की फसल का एग्रीमेंट कर आठ लाख रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** मुंबई में रहने वाले आम बाग के मालिक ने फसल का पांच साल के लिए एग्रीमेंट करने के बाद आठ लाख रुपये हड़प कर लिए। रुपये वापस मांगने पर बाग मालिक के लोगों ने कारोबारी को धमकी दी। इस मामले की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज की है।

बदायूं के मोहल्ला घंटाघर निवासी हारून सिद्दीकी आम का कारोबार करते हैं। उनके अनुसार 13 फरवरी 2021 को उन्होंने मुंबई के लोखंड वाला स्थित अंधेरी वेस्ट में रहने वाले साजिद परवेज से उनके अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर हेमनगर स्थित बाग की फसल का पांच साल के लिए एग्रीमेंट किया था और आठ लाख रुपये दिए थे। एग्रीमेंट के बाद हारून सिद्दीकी ने बाग की रखवाली शुरू कर दी। बताया जाता है कि 9 मई को वह बाग में था। तभी गांव जोई निवासी आकिल अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव रायपुर खुर्द निवासी जमशेद अली व शहर के मोहल्ला बंगाल निवासी नदीम अहमद और जमील अहमद, बाग स्वामी साजिद परवेज के इशारे पर अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ बाद में घुस आए। आरोपियों ने हारून को धमकाया और बाग नहीं छोड़ने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। आरोपियों ने मारपीट कर फायरिंग भी कर दी। हारून ने पेड़ के पीछे छिपकर जान बचाई। पीड़ित ने शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। मामले में बाग के स्वामी साजिद, परवेज, नदीम अहमद, जमशेद अली, जमील समेत तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ सिटी अरुण सिंह ने निष्पक्ष जांच करने के साथ कार्रवाई किए जाने की बात की है।

### पंचायत में अधिकारियों के पहुंचने की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार :** भाकियू ने उप जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर किसानों की पंचायत में संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति समय से सुनिश्चित करने की मांग की।

शुक्रवार को भाकियू के तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन उप जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा। ज्ञापन में कहा कि 25 मई को मंडी समिति के प्रांगण में किसानों की पंचायत होगी। जिसमें विद्युत विभाग, चकबंदी विभाग एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी समय से पहुंचे। किसानों को विद्युत विभाग द्वारा परेशान किया जा रहा है। अधिकारी पंचायत में उपस्थित होकर किसानों की समस्या का समाधान करें। चेतावनी दी कि अधिकारी नहीं पहुंचे तो किसान ठोस कदम उठाएंगे। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह, राम सिंह, विजय पाल, कमल सिंह, वीरेंद्र सिंह, रोहतास सिंह, राजपाल सिंह, रविंद्र आदि मौजूद रहे।

# अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस, झुलस रहा शरीर

गजरौला, संवाददाता

**अमृत विचार :** गर्मी से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है और जानवर भी बेहाल हैं। जानवर प्यास बुझाने के लिए पानी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं।

शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा। तापमान में वृद्धि ने लोगों को झुलसा दिया है। गर्मी में लोग घरों से निकलने में परहेज करने लगे हैं। लू ने लोगों की परेशानी को बढ़ा दिया है। चल रही गर्म हवाओं के कारण लोगों का शरीर झुलस रहा है। लोग पूरे शरीर को कपड़ों से ढककर घरों से निकलने को मजबूर हैं। गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही दिन के समय शहर व गावों की सड़क व गलियां सुनसान हो जाती हैं। गर्मी में दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी व तेज हवाओं से अधिक परेशानी दुपहिया वाहन चालकों को हो रही है। गर्मी के साथ साथ बिजली की कटौती भी लोगों की परेशानी का सबस बनी है। रात दिन तीन से चार बार बिजली कटौती हो रही है। तपती गर्मी से दिहाड़ी मजदूरों व सड़क किनारे दुकान लगाने वालों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। मौका मिलते ही लोग गर्मी से राहत के लिए ट्यूबवेल पर नहा रहे हैं।


गर्मी से बचने को ट्यूबवेल में नहाते युवा।


खिलाड़ियों को पुरस्कार देते विद्यालय के चेयरमैन खुर्रम आजाद खान।

# समर कैंप में आरआर ने सात विकेट से जीता मैच

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** गोल्डन पैटल्स इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को समर कैंप के पहले दिन ताईक्वांडो, स्केटिंग की ट्रेनिंग, साइंटिफिक वीडियोज से बच्चों को फन के साथ लर्निंग कराई गई। क्रिकेट ट्रेनिंग के साथ क्रिकेट मैच भी हुआ। जिसमें दो टीमों के बीच आठ-आठ ओवर का मैच खेला गया। जिसमें सीएसके टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी की और 80 रन बनाए। जिसमें आरआर टीम तीन विकेट खोकर विजेता रही। अम्मार शेख ने सबसे अधिक 43 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर विद्यालय के चैयरमेन खुर्रम आजाद खान ने खिलाड़ियों को इनाम दिया। इस मौके पर विद्यालय के खेल शिक्षक मोहम्मद अली आदि मौजूद रहे।

**परेशानी** किसान संगठनों की मांग को अनदेखा कर रहे अधिकारी, छुट्टा पशुओं को गोशाला में भिजवाने की मांग

# छुट्टा पशुओं से किसान हो रहे परेशान, अधिकारी खामोश

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** छुट्टा पशुओं के आतंक से क्षेत्र के किसान परेशान हैं। किसान प्रशासन से बार-बार मदद की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन किसान की पुकार जिम्मेदार अधिकारियों के कानों तक नहीं पहुंच रही।

छुट्टा पशुओं से बचाव के लिए हालांकि शासन ने गोशालाओं का निर्माण कराया गया है, लेकिन इसके बाद भी छुट्टा पशुओं के झुंड खेतों में पहुंचकर फसलों को नष्ट कर रहे हैं। किसान रात दिन खेतों में रहकर फसलों की रखवाली कर रहा है, लेकिन इतने के बाद भी वह फसलों को बचा नहीं पा रहा है। गर्मी के कारण छुट्टा पशु भी हिंसक हो गए हैं, छुट्टा पशु किसान एवं ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। छुट्टा पशुओं के हमले में कई मौतें भी हो चुकी हैं। विभिन्न किसान संगठनों द्वारा समय-समय पर आवाज उठाई जाती है और ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराया जाता है कि इन छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाया जाए, लेकिन हर बार किसान की अनदेखी की जाती है। किसानों ने दर्द बताते हुए कहा कि सरकार पशुओं से किसानों को बचाए।


हसनपुर में सड़क पर घूमते छुट्टा गोवंश। ● अमृत विचार

> सरकार किसानों के प्रति काफी गंभीर है और छुट्टा पशुओं को लेकर विभिन्न योजनाएं चलाकर लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। शासन के निर्देश पर तहसील क्षेत्र में कई गोशालाओं का निर्माण कराया गया है। जिनके रखरखाव एवं खाने के लिए शासन के द्वारा पैसा भेजा जाता है। गोवंशीय पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाया जाता है। **–भगत सिंह,** उप जिलाधिकारी, हसनपुर



> तहसील क्षेत्र के किसानों के सामने बड़ी समस्या छुट्टा पशुओं की है। छुट्टा पशु किसानों की फसल बर्बाद कर उन पर हमला करके उन्हें घायल कर रहे हैं, लेकिन य प्रशासन पूरी तरह से मौन बैठा है। **–कृष्ण कुमार शर्मा, जिला अध्यक्ष भारतीय किसान संघ**



> क्षेत्र के किसान दुखी हैं। गुहार लगाने के बाद भी प्रशासन पशुओं को नहीं पकड़वा रहा। छुट्टा पशु के कारण किसानों की फसलों का तो नुकसान हो रहा और छुट्टा पशु किसानों को घायल भी कर रहे हैं। **–चौधरी नरेंद्र सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष भारतीय किसान संघ**



> प्रशासन को किसानों की समस्या से अवगत कराया है। छुट्टा पशुओं को गोशाला भिजवाने की मांग की गई है। लेकिन सिर्फ आश्वासन मिलता है। जिससे किसानों में प्रशासन के प्रति भारी रोष है। **–चौधरी चेतन सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाकियू असली**



> छुट्टा पशुओं को पकड़वाने के लिए ज्ञापन दिया जाता है। लेकिन अधिकारियों द्वारा किसानों की इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। जिसके कारण किसानों में भारी रोष व्याप्त है। **–चौधरी समरपाल सिंह, तहसील अध्यक्ष भाकियू असली**

### खनन का वीडियो किया वायरल

**रहरा, अमृत विचार :** बिहारीपुर में मिट्टी खनन का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। शुक्रवार सुबह गांव के खनन माफिया ने अपने ही ट्रैक्टर का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इससे पहले भी खनन माफिया ने अपना वीडियो वायरल किया था। वीडियो वायरल हुआ तो अधिकारी मामले की जांच में जुटे। इस बारे में खनन अधिकारी मनीश यादव से बात करनी चाही तो उनका फोन लगातार व्यस्त रहा।

**ठेका सूचना**

हजरत शेख दाऊद बंदगी रह० (वक्फ-311) उझारी, जनपद अमरोहा में प्रत्येक वर्ष लगने वाले सालाना उर्स/मेले का ठेका दिनांक 28/05/2024 (मंगलवार) को दरगाह हजरत शेख दाऊद बंदगी रह० के मैदान में खुली बोली के आधार पर प्रातः 11:00 बजे किया जाएगा। इच्छुक ठेकेदार समय से पहुंचकर बोली लगा सकते हैं। ठेके की शरायत की जानकारी विज्ञापन प्रकाशित होने के पश्चात किसी भी दिन प्राप्त की जा सकती हैं।

मौ० ताहिर (सदर) इफ्तिखार उल हसन (सचिव)

दरगाह कमेटी
हजरत शेख दाऊद बंदगी रह०
(वक्फ-311) उझारी, जनपद अमरोहा।
मो० 9319201176

## एक नजर

### परीक्षा की तिथि बदली तो परीक्षार्थियों को हुई परेशानी

**संभल अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीकॉम प्रथम वर्ष सेकंड सेमेस्टर के प्रश्न पत्र की परीक्षा की तिथि बदली तो शुक्रवार को परीक्षार्थियों को परेशानी हुई। सुबह के वक्त कई परीक्षार्थी संभल के एमजीएम कॉलेज परीक्षा केंद्र पर पहुंचे लेकिन जब पता चला कि परीक्षा आज नहीं है तो निराश होकर लौटे। दरअसल, विश्वविद्यालय ने बीकॉम प्रथम वर्ष सेकंड सेमेस्टर के फर्स्ट एड एंड हेल्थ प्रश्नपत्र की परीक्षा की तिथि 24 मई से बदलकर 28 मई घोषित की थी।

### मिट्टी लदे डंपर व ट्रैक्टर ट्राली किए चेक

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना के गांव शेरपुर, रसूलपुर के जंगल से शुक्रवार को डंपर व ट्रैक्टर ट्राली से अवैध खनन कर मिट्टी लेकर जाने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। रास्ते में मिट्टी लेकर आ रहे डंपर व ट्रैक्टर ट्राली को चालकों से रुकवाकर खनन से कागजात मांगे। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया खनन की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चैकिंग अभियान चलाया था। चालकों के खनन की अनुमति दिखाने पर डंपरों को छोड़ दिया गया है।

### सड़क पर बाइक फिसलने से चालक घायल

**संभल, अमृत विचार :** अमरोहा जिले के गांव इमरतपुर निवासी अनिल कुमार शुक्रवार को बाइक पर सवार होकर किसी काम से संभल आ रहा था। कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल आदमपुर मार्ग पर गांव नूरपुर के पास अचानक बाइक फिसलकर गिर गई। जिससे सुनील घायल हो गया।

### चाचा पर मारपीट का आरोप

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव मुकुटपुर निवासी देवन ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि सगे चाचा के उकसावे में आकर कल्याण ने देवन के हिस्से की जमीन को ट्रैक्टर हैरो से जोत दिया। विरोध किया तो कल्याण ने देवन को खेत से दौड़ा लिया। जिसके बाद देवन शिकायत करने थाने जा रहा था। कल्याण ने पीछे से आकर देवन को रेलवे क्रॉसिंग पर रोकर लिया और मारपीट करते हुए घायल कर दिया।

### तीन साल की बच्ची हुई लापता, पुलिस तलाश रही

**बबराला, अमृत विचार :** आंबेडकर पार्क बौद्ध विहार के पास से तीन साल की बच्ची लापता हो गई है। पुलिस बच्ची की तलाश में जुटी है। सीसीटीवी से सुराग खोजे जा रहे हैं। नगर पंचायत के वाहन से बच्ची का हुलिया बताते हुए नगर में मुनादी की जा रही है। आंबेडकर पार्क के पास सिलबट्टे तैयार कर जीवन यापन करने वाले समुदाय की तीन साल की बेटी माही शुक्रवार दोपहर लापता हो गई थी। परिजन और अन्य लोगों ने आसपास की तलाश की, देर रात तक कोई खबर नहीं लगी तो पुलिस चौकी पर सूचना दी। काफी खोजबीन के बाद भी बच्ची का पता नहीं चल सका। पुलिस बच्ची की तलाश में लोगों से पूछताछ कर सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

### टीबी की दवाई के लिए पहुंच रहे मरीजों को सरकारी अस्पतालों से नहीं मिल रही दवाइयां

# दवा न होने से टूट रही 3850 टीबी मरीजों के इलाज की चेन

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** जिले के सरकारी अस्पतालों में टीबी मरीजों को दी जाने वाली दवाई का टोटा हो गया है। मरीज भटक कर सरकारी अस्पतालों से वापस जा रहे हैं। 3850 मरीज के इलाज की चेन एक बार फिर से टूट रही है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग दवाइयां का टोटा नहीं होने का दावा कर रहा है। वहीं दवाइयां की व्यवस्था किए जाने की भी बात कह रहा है।

सरकारी अस्पतालों पर टीबी के मरीज अपनी दवाइयां लेने पहुंचते हैं तो वहां यह बताया जाता है कि ऊपर से टीबी की दवाइयां नहीं आ रही हैं। इस क्राइसिस के चलते टीबी मरीज की चल रही इलाज की चेन भी टूटती नजर आ रही है। सरकारी आंकड़ों पर बात करें तो जनपद में 3000 मरीज सरकारी तौर पर टीबी की बीमारी का इलाज ले रहे हैं तो 850 के लगभग मैरिज प्राइवेट तौर पर अपनी टीबी की बीमारी का इलाज करा रहे हैं।

अब सरकारी अस्पतालों में जब टीबी की दवाइयां का टोटा हो गया है तो फिर मरीजों की इलाज की चेन टूट गई है। जहां एक ओर मरीज दवाइयां न मिलने से परेशान हैं तो वहीं स्वास्थ्य विभाग क्राइसिस होने की बात तो मान रहा है लेकिन पूरी मात्रा में दवाइयां होने का भी दावा कर रहा है।

#### बाजार से भी गायब हो गई टीबी की दवाइयां

**बहजोई,अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों की हालत टीबी की दवाइयां को लेकर हालात खराब चल रही है। वहीं बाजारों में भी टीबी की दवाइयां नहीं मिल पा रही हैं। पहले बिना हिसाब लिए ही टीबी की दवाइयां मेडिकल स्टोर पर मिल जाती थी। लेकिन जब से औषधि निरीक्षक की ओर से टीबी की दवाइयां का हिसाब रखना का निर्देश दिया गया है तब से बाजारों में से टीबी की दवाइयां गायब हो गई हैं। सरकारी अस्पताल पर मिल नहीं रही तो बाजार में दवा न मिलने से मरीज परेशान है।

> टीबी की दवाइयां को लेकर बरेली से व्यवस्था की गई है। आज टीबी की दवाइयां बहजोई तक पहुंच जाएंगी। जहां से सभी सरकारी अस्पतालों पर दवाइयां उपलब्ध करा दी जाएंगी। टीबी की दवाइयां को लेकर जिला स्तर पर टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया से दवाइयां का भरपूर स्टॉक हो जाएगा। मरीजों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। पूरी मात्रा में दवाइयां मिलेगी।
> – डॉ संतोष पटेल, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, संभल।

# पत्नी पर एसिड फेंक कर पति ने खाया जहर , मौत

## एसिड अटैक से पत्नी ही हालत भी गंभीर ,आर्थिक तंगी से जूझ रहा था परिवार

कार्यालय संवाददाता, संभल



जिला अस्पताल में फरजाना का इलाज करते डाक्टर।



रिजवान को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन।

**अमृत विचार:** घरेलू विवाद के चलते कहासुनी के बाद पति ने पत्नी पर एसिड फेंकने के बाद खुद जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। पति की मौत हो गई जबकि पत्नी को गंभीर हालत में इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नई सराय निवासी रिजवान का कई दिनों से अपनी पत्नी फरजाना से घरेलू विवाद चल रहा था। थमने के बजाय दंपती में विवाद बढ़ता ही चला गया। शुक्रवार दोपहर 12 बजे फरजाना डॉक्टर से दवा लेने जाने के लिए घर से निकल रही थी तभी रिजवान घर आ गया। पास पहुंचते ही रिजवान ने पत्नी फरजाना पर बोतल में लाया गया एसिड उड़ेल दिया। एसिड के शरीर पर गिरने से फरजाना गंभीर रुप से झुलस गई। चीखती चिल्लाती फरजाना दौड़कर अपने जेठ अरमान के घर पहुंची। आनन फानन में अरमान ने उपचार के लिए फरजाना को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल लाते समय तेजाब से अरमान के कपड़े भी जल गए। इस घटना के एक घंटा बाद रिजवान ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने उपचार के लिए रिजवान को भी जिला अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर सीओ संभल अनुज कुमार चौधरी जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली। हालत में सुधार नहीं होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर रिजवान व फरजाना को हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस बीच रिजवान की मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि रिजवान की मौत हो गई है। फरजाना के भाई रिजवान की तहरीर पर फरजाना के पति रिजवान, ननद राना पत्नी अकरान व शाहना और देवर अंजार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

#### पत्नी कहती थी रोजाना मजदूरी करो ,इसी पर था विवाद

**संभल, अमृत विचार :** एसिड अटैक से झुलसी फरजाना ने जिला अस्पताल में बताया कि पति रिजवान एक दिन मेहनत मजदूरी करने के बाद कई दिन छुट्टी कर घर पर ही रहते थे। घर का खर्च नहीं चल पाता था तो वह रोजाना मजदूरी पर जाने की बात पति से कहती थी। इसी बात को लेकर वह नाराज हो जाते थे और उसके साथ मारपीट करते थे। फरजाना ने कहा कि शुक्रवार को वह दवा लेने जा रही थी तभी पति रिजवान आये और उसे थप्पड़ मारने के बाद अचानक बोतल का ढक्कन खोलकर उसके ऊपर एसिड फेंक दिया।

### युवती ने विषैला पदार्थ खाकर दी जान

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात बहन के देवर के साथ कमरे में आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े जाने पर परिजनों ने युवती को खरी खोटी सुना दी। युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। थाना क्षेत्र के एक गांव की 25 वर्षीय युवती का गांव में ही अपनी बहन के देवर के साथ प्रेम प्रसंग रहा था। गुरुवार की रात प्रेमी युवती के कमरे में पहुंच गया। दोनों की आवाज सुनकर परिजनों की आंख खुल गई। परिजन कमरे में पहुंचे तो दोनों आपत्तिजनक स्थिति में थे। परिजनों ने युवक को पकड़ लिया और धुनाई कर दी। इस बीच युवक खुद को छुड़ाकर भाग गया। देर रात युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। शुक्रवार की सुबह वह कमरे से बाहर नहीं आई। परिजनों ने देखा तो युवती मर चुकी थी। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि जहर खाने से युवती की मौत होने की सूचना मिली थी। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मतगणना से पूर्व वीवीपैट की पांच-पांच पर्चियों का कंट्रोल यूनिट से होगा मिलान

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** संभल व बदायूं लोकसभा की गुन्नौर विधानसभा की मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। मतगणना में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की 5-5 वीवीपैट मशीनों की पर्चियां का कंट्रोल यूनिट के अनुसार मिलान किया जाएगा। वहीं स्ट्रांग रूम को जब खोला जाएगा तो उसकी वीडियोग्राफी की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा में अलग-अलग रंग के परिचय पत्र विभिन्न राजनीतिक दलों के मतगणना एजेंटों को दिए जाएंगे।

4 जून को यूपी स्टेट वेयरहाउस में संभल लोकसभा क्षेत्र की असमोली, संभल व चंदौसी विधानसभा तथा बदायूं लोकसभा की गुन्नौर विधानसभा को बने मतगणना स्थल पर मतगणना की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन ने अमली जामा पहनाना शुरु कर दिया है। प्रत्येक विधानसभा में 14 टेबलों पर मतगणना की जाएगी तो वहीं मतगणना से पहले प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की पांच-पांच वीवीपैट मशीनों की पर्चियां का कंट्रोल यूनिट के अनुसार मिलान किया जाएगा। इन मशीनों का चयन रेंडमली लॉटरी सिस्टम से होगा। वीवी पेट मशीन की पर्चियों की गणना वीवी पैट काउंटिंग बूथ में होगी। यह प्रक्रिया माइक्रो ऑब्जर्वर की मौजूदगी में वीडियोग्राफी करते हुए कराई जाएगी। वीवीपैट मशीन की पर्चियां का संबंधित प्रपत्र अंकन करने के उपरांत अलग से सील होगा।

#### एआरओ टेबल पर राजपत्रित अधिकारियों की होगी तैनाती

**बहजोई,अमृत विचार :** हर राउंड हर की फीडिंग पूर्ण करने की संबंधित एआरओ की जिम्मेदारी होगी। साथ ही उनकी सहायता के लिए सहायकों की भी नियुक्ति की जाएगी। एआरओ टेबल पर व्यवस्था को संचालित करने के लिए राजपत्रित अधिकारी को नियुक्त किया जाएगा।

#### खुलेगा स्ट्रांग रूम तो होगी वीडियोग्राफी

**बहजोई,अमृत विचार :** मतगणना के समय स्ट्रांग रूम खोलने के दौरान वीडियोग्राफी कराई जाएगी। पूरी मतगणना प्रक्रिया वीडियोग्राफी में कैद की जाएगी। वहीं विधानसभा वार बने स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे भी मतगणना के समय चालू रहेंगे। जिनकी निगरानी मतगणना प्रारंभ से अंत तक रहेगी।

#### एजेंटों के अलग-अलग रंग के होंगे परिचय पत्र

**बहजोई,अमृत विचार :** मतगणना एजेंटों को परिचय पत्र विधानसभा क्षेत्र वार अलग-अलग कलर कोड के जारी किए जाएंगे। जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। इसी प्रकार कार्मिकों तथा मतगणना के अन्य कार्य को लिए नियुक्त कार्मिकों के भी परिचय पत्र अलग-अलग कलर कोड के कार्यों के अनुसार बनाए जाएंगे। इसमें पूरी पारदर्शिता बढ़ती जाएगी। जिस विधानसभा का परिचय पत्र बनेगा मतगणना एजेंट जिस विधानसभा में रहेगा।

> पूरी पारदर्शिता से मतगणना का कार्य किया जाए। प्रत्येक विधानसभा में 14 टेबलों पर मतगणना होगी। निर्वाचन आयोग ने जो निर्देश दिए उनका पालन करते हुए मतगणना का कार्य कराया जाएगा। 5-5 वीवी पेट मशीनों से पर्चियां का मिलान कंट्रोल यूनिट से किया जाएगा।
> – प्रदीप वर्मा, एडीएम, संभल

### डंपर से गिरकर पहिए के नीचे दबे बरेली के मजदूर की जान गई

**बहजोई, अमृत विचार:** गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण को लेकर मिट्टी डालने का काम कर रहे डंपर पर बैठा मजदूर अचानक गिरकर डंपर के पहिए के नीचे आकर कुचल गया। मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई।

बरेली जनपद के थाना फतेहगंज पूर्वी के गांव मेला पटरी निवासी अमृतपाल सिंह पुत्र गुरतेश पाल सिंह बहजोई चंदौसी मार्ग स्थित गांव अचलपुर में गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण को लेकर मिट्टी डालने के काम में लगा था। बहजोई के गांव रायपुर कला में जब डंपर मिट्टी लेकर आ रहा था तो मजदूर अमृतपाल सिंह भी डंपर पर बैठा हुआ था। जैसे ही डंपर गांव अचलपुर की तरफ चला तो अचानक अमृतपाल डंपर से नीचे गिर गया और डंपर के पहिए के नीचे आकर कुचल गया। अमृतपाल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना अमृतपाल के भाई ने पुलिस को दे दी। कोतवाल सत्येंद्र पवार ने बताया कि मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। भाई की ओर से थाना में सूचना दर्ज की गई है।



करंट से मौत के बाद मौके पर पहुंचे मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

# हाईटेंशन लाइन के पोल पर चढ़े व्यक्ति की करंट से मौत

संवाददाता,बहजोई

**हादसा**
- मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा है मृतक

**अमृत विचार:** अचानक हाईटेंशन बिजली की लाइन के पोल पर चढ़े व्यक्ति की करंट से बुरी तरह से झुलस कर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक मानसिक रूप से कमजोर था।

बहजोई के नया बाजार रामलीला ग्राउंड निवासी सुनील सुबह 8 बजे के लगभग घर से निकला था। वह पुराना डाकखाना रोड स्थित लाइन पार पहुंचा और वहां अचानक हाईटेंशन बिजली लाइन के पोल पर चढ़ गया। उसने विद्युत पोल से निकल रही एक लोहे की राड को पकड़ लिया। इस दौरान सुनील हाई टेंशन लाइन के करंट की चपेट में आ गया। करंट से वह बुरी तरह झुलस गया और जमीन पर गिर गया। जमीन पर गिरते ही उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस पहुंची तो परिजनों ने कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। कोतवाल सत्येंद्र पवार ने बताया कि एक व्यक्ति की हाई टेंशन विद्युत की चपेट में आकर मौत हो गई है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी तब तक परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया था।

# डीएम ने स्मार्ट क्लास का किया निरीक्षण,छात्राओं से पूछे सवाल

कार्यालय संवाददाता, संभल



छात्राओं व स्टाफ से बात कर जानकारी करते डीएम मनीष बंसल।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने राजकीय कन्या इंटर कॉलेज संभल में संचालित स्मार्ट क्लास का निरीक्षण किया। उन्होंने कौशल विकास में पंजीकृत छात्राओं से सवाल करते हुए पूछा कि क्या स्मार्ट क्लास उनके लिए उपयोगी है। छात्राओं ने हां में जवाब दिया।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने राजकीय कन्या इंटर कॉलेज संभल में स्मार्ट क्लास के बारे में जानकारी ली। जनपद के विभिन्न कॉलेजों को ऑनलाइन जोड़कर शिक्षण कार्य का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने स्मार्ट क्लास की उपयोगिता और उसके परिणामें की समीक्षा की। कहा गया कि स्मार्ट क्लास से अब तक 22 विद्यालय इंटरकनेक्ट कर ऑनलाइन शिक्षा प्रदान की जा रही है। जिससे शिक्षकों की कमी को पूरा किया जा सके। जिलाधिकारी ने डीआईओएस को निर्देश दिए कि पूरे जिले की समय सारणी बनाकर शिक्षण कार्य सुचारू रूप से कराया जाए। शिक्षिकाओं को ऑनलाइन शिक्षण में आने वाली तकनीकी समस्याओं का समाधान करने के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक वेदराम, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार, राजकीय इंटर कॉलेज लहरावन के प्रधानाचार्य सीपी सिंह, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या करिश्मा सिंह, शिक्षिका रेशू शर्मा आदि रहे।

**अभियान** अभियान चलाकर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी ने कछुओं को खिलाए परमल

# दुर्लभ कछुओं के संरक्षण को कराई तालाब पर सफाई

संवाददाता, जुनावई/गुन्नौर

**अमृत विचार :** जुनावई विकासखंड के गांव काशीपुर में दुर्लभ कछुओं के संरक्षण को कदम बढ़ाते हुए अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर तालाब पर सफाई अभियान चलाया।

अभियान के जरिये धरोहरों के संरक्षण और वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों को बताया कि तालाब में सॉफ्टशेल कछुओं की संरक्षित प्रजाति है। ऐसे में इनका संरक्षण आवश्यक है। काफी पुराने इस तालाब को साफ करने के लिए स्थानीय लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जब अपर पुलिस अधीक्षक खुद सफाई करने के लिए बढ़ीं तो लोगों में उत्साह का माहौल बन गया। काफी देर तक यहां सफाई अभियान चलाया। अपर पुलिस अधीक्षक ने कछुओं को परमल भी खिलाए। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर सत्य विजय सिंह, ग्राम प्रधान कृष्ण वीर, ग्राम विकास अधिकारी, दीपक यादव आदि मौजूद रहे।



काशीपुर गांव में तालाब की सफाई के काम में जुटे लोग। ● अमृत विचार

#### तालाब में मौजूद कछुओं की लंबाई अधिक

**गुन्नौर अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव काशीपुर के तालाब में मौजूद सॉफ्टशेल कछुआ की लंबाई अपेक्षाकृत अधिक होती है। यह गंगा जैसी नदियों में पाया जाता है। यह ज्यादातर मछली, उभयचर , सड़ा हुआ मांस और अन्य पशु पदार्थ खाता है, लेकिन जलीय पौधे भी खाता है। यह कछुआ वन्य जीवन ( संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची में सूचीबद्ध है और इस प्रजाति को अपने पास रखना एक अपराध है।

#### गंदगी देख लिया तालाब के कायाकल्प का संकल्प

**गुन्नौर अमृत विचार :** आईपीएस एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने कहा कि उन्हें प्रकृति और जंगल से प्यार है। लोकसभा चुनाव के दौरान काशीपुर आने पर गांव के तालाब में मौजूद विशालकाय कछुओं के बारे में पता चलने पर उत्सुकता वश देखा तो तालाब गंदगी से अटा पड़ा था। तभी इस उपेक्षित धरोहर की कायाकल्प का संकल्प ले लिया। 21 मई को गांव पहुंच कर ग्रामीणों संग बैठक कर श्रमदान से तालाब की सफाई कार्यक्रम तय किया। शुक्रवार को बच्चों और बड़ों की टीम बनाकर तीन घंटे श्रमदान से तालाब की सफाई की। पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक बार फिर से काशीपुर जाएंगी।

## सार-संक्षेप

### ससुराल वालों पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव ऐचोली निवासी पुष्पेंद्र की शादी छह वर्ष पहले बदायूं जिले के गांव धिमरपुरा निवासी राजकुमारी के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले राजकुमारी से बाइक लाने की मांग करने लगे थे। मना करने पर राजकुमारी से मारपीट करते थे। ससुराल वालों ने 20 मई को भी बाइक लाने की मांग की और मारपीट कर महिला को घर से निकाल दिया। सूचना मिलने पर पहुंचे मायके वालों के साथ भी राजकुमारी के ससुराल वालों ने मारपीट की। शुक्रवार को महिला मायके वालों के साथ थाने पहुंची और तहरीर देकर ससुराल वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### बालिकाओं ने हाथों पर मेहंदी लगाकर दिखाई प्रतिभा

**बबराला, अमृत विचार :** संस्कार भारती द्वारा आयोजित समर कैंप में चौथे दिन मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 50 से अधिक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता की निर्णायक ब्यूटी एक्सपर्ट सनम सोनम रही।उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप अकादमी में मेहंदी प्रतियोगिता हुई। सीनियर ग्रुप ( 17 से 20 वर्ष) और जूनियर ग्रुप ( 11 से 16 वर्ष) में माही गुप्ता, सृष्टि गुप्ता, भावना यादव, संजना यादव, तनीषा, मिस्टी, दिव्या, खुशी, सोफिया, दामिनी, अर्शी और अंशु आदि ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता आयोजक संस्कार भारती की जिला मंत्री ममता राजपूत ने बताया कि विजेताओं की घोषणा और पुरस्कार वितरण 28 मई को किया जाएगा।

### मजदूर की दिल्ली में बीम के नीचे दबकर मौत



गिरीश का फाइल फोटो।

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र के मजदूर की दिल्ली में मकान तोड़ने के दौरान बीम के नीचे दबकर मौत हो गई। मजदूर की मौत की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजन दिल्ली रवाना हो गए।थाना क्षेत्र के गांव पवसरा निवासी गिरीश कुमार ( 28 वर्ष) पुत्र खानचंद 15 दिन पहले दिल्ली के राजौरी गार्डन में मजदूरी करने गया था। शुक्रवार को गिरीश कुमार मकान की तुड़ाई कर रहा था। तभी बीम गिरने से गिरीश कुमार मलबे में दब गया और उसकी मौत हो गई। जैसे ही गिरीश कुमार की मौत की सूचना परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया। पत्नी और दो बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। परिजन दिल्ली रवाना हो गए।

### बिजली कटौती से बढ़ी दिक्कतें, सूख रहीं फसलें

**गुन्नौर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से आमजन हलकान है। बिजली की अघोषित कटौती और लोड शेडिंग के नाम पर बार-बार ट्रिपिंग आने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तापमान में लगातार वृद्धि से गर्मी का सितम बढ़ रहा है तो बिजली की अघोषित कटौती शुरू हो गई है। भीषण गर्मी के बावजूद भी बिजली कटौती हो रही है। जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी हो रही है। बिजली कटौती के कारण पानी की मोटर नहीं चल पा रही हैं। जिसके कारण घरों में पानी तक नहीं रहता है। दिन ही नहीं रात को भी बिजली बार बार गुल हो रही है। रात में सुकून से नींद भी नहीं आ रही है। आलम यह है कि नगर के साथ देहात क्षेत्रों में भी बिजली की अघोषित कटौती लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। गांव दौलतपुर निवासी अशोक का कहना रहा कि छह घंटे से अधिक की अघोषित कटौती के कारण परेशानी हो रही है। बिजली सप्लाई की स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। जिसके चलते खेतों में सिंचाई के लिए देर-सवेर ही जाना पड़ रहा है। सिंचाई के अभाव में फसलें सूख रही हैं।

### गाली गलौज व मारपीट में पांच लोग गिरफ्तार

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना थाना क्षेत्र के गांव मवई ठाकुरान निवासी सुमित कुमार शुक्रवार को कटी लाइन को जोड़ने पहुंची बिजली विभाग के टीम के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सुमित कुमार को हिरासत में ले लिया।वहीं गांव सैदपुर जसकोली निवासी सगे भाई बलवीर व साहब सिंह संपत्ति बंटवारे को लेकर आपस में गाली गलौज कर रहे थे। तो थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर काफूरपुर निवासी मसरूर व गांव के ही जमीरूल के बीच जमीन पर कब्जेदारी को लेकर विवाद हो रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने सुमित कुमार, बलवीर, साहब सिंह, मसरूर व जमीरूल को गिरफ्तार कर लिया और पांचों का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।

### किशोरी से युवक ने की अश्लील हरकतें,दी तहरीर

**संभल/रजपुरा अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में शौच करके वापस लौट रही किशोरी से युवक ने अश्लील हरकतें की। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने तहरीर देकर कहा कि उसकी 15 वर्षीय बेटी शौच करके वापस घर लौट रही थी। आरोप है कि गांव का ही एक युवक किशोरी के साथ अश्लील हरकतें करने लगा। युवक ने किशोरी को पैसों का लालच देकर साथ चलने की बात कही। बाद में घर पहुंची किशोरी ने परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने युवक से शिकायत की तो उसके परिजन गाली गलौज और मारपीट पर उतारू हो गए। पीड़ित ग्रामीण ने कार्रवाई करने की गुहार लगाई। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### होटल में सफाई करते युवक की करंट से मौत

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी वसीम 23 वर्ष अमरोहा जिले के गांव ढक्का मोड़ पर सैदनगली हसनपुर मार्ग पर स्थित होटल पर काम करता था। शुक्रवार की दोपहर में अफसर होटल में पानी में कपड़ा भिगोकर कपड़े से फर्श की साफ सफाई कर रहा था। होटल में रखे काउंटर के पास निकल रहे केबिल में लगे कट पर गीला कपड़ा टच हो गया। जिससे वसीम के शरीर में बिजली का करंट दौड़ने लगा। थोड़ी देर बाद होटल स्वामी मौके पर पहुंचा, देखा तो अफसर करंट की चपेट में आकर जमीन पर पड़ा तड़प रहा है। आनन फानन में बिजली की आपूर्ति को बाधित कर होटल स्वामी ने वसीम को पास के ही निजी चिकित्सक को दिखाया। डॉक्टर ने वसीम को मृत घोषित कर दिया।

### जातिसूचक शब्दों के साथ गाली गलौज का आरोप

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने शुक्रवार को बताया कि 14 मई को गांव के ही भोले ने बेटी के साथ छेड़छाड़ की थी। व्यक्ति ने भोले के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि इसी बात को लेकर गांव के ही भोले पक्ष के लोग व्यक्ति को धमकी दे रहे थे। गुरुवार को व्यक्ति थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानगढ़ में लगे साप्ताहिक बाजार से घरेलू सामान खरीदकर घर आ रहा था। रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर भोले पक्ष के एक व्यक्ति ने रास्ते में रोकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए व्यक्ति के साथ गाली गलौज की और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। शुक्रवार को व्यक्ति ने तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

### ट्रैक्टर की टक्कर से ई रिक्शा सवार तीन लोग घायल

**बबराला, अमृत विचार :** मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर गांव बाघऊ पुलिया के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ई रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा सवार तीन व्यक्ति घायल हो गए। रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव पाठकपुर निवासी राम सहाय पुत्र खुशीराम, राम खिलाड़ी पुत्र रामचरन और रवि शंकर पुत्र बनवारी शुक्रवार को शाम ई रिक्शा में सवार होकर गांव लौट रहे थे। नेशनल हाईवे पर गांव बाघऊ पुलिया के समीप पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। जिससे तीनों घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया।

### अनधिकृत 10 ई रिक्शों का चालान और तीन सीज

**संभल अमृत विचार :** परिवहन विभाग ने अनधिकृत ई रिक्शों के खिलाफ अभियान चलाया। अधिकारियों ने संभल-अमरोहा बस अड्डा के पास चेकिंग करते हुए 10 ई रिक्शों का चालान कर तीन को पुलिस चौकी भोलेश्वर में सीज किया। इस दौरान एआरटीओ प्रवर्तन जयप्रकाश गुप्ता, पीटीओ एम आबदीन अहमद टीम के साथ रहे। एआरटीओ प्रशासन डॉ .पीके सरोज ने बताया कि चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### सगे भाइयों सहित चार गिरफ्तार

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव मुकुटपुर निवासी सगे भाई कल्याण, भूकन व नेकपाल के बीच शुक्रवार को संपत्ति बंटवारे को लेकर विवाद हो रहा था। दूसरी ओर थाना क्षेत्र के गांव मानकपुर की मढैया निवासी उमेश आने जाने वाले लोगों के साथ गाली गलौज कर रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कल्याण, भूकन, नेकपाल और उमेश को गिरफ्तार कर शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।

### महिला ने ईंट मारकर बालक को किया घायल

**मनोटा, अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव खैरपुर निवासी रहीश ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि बेटे अल्फैज का दोपहर में खेल खेल में मुहल्ला के ही बच्चों से विवाद हो गया था। जिसकी शिकायत बच्चों ने अपने परिजनों से की। शिकायत को सुनकर बच्चों की मां मौके पर पहुंची और गाली गलौज करते हुए ईंट मारकर अल्फैज को घायल कर दिया।

बुद्धौ कलुषभूतायां विनाशे प्रत्युपस्थिते।
अनयो नयसङ्काशो हृदयात्रावसर्पति॥

विनाशकाल के समय बुद्धि विपरीत हो जाती है। ऐसे व्यक्ति के मन में न्याय के स्थान पर अन्याय घर कर लेता है। वह अन्याय के आसरे ही सब निर्णय लेता है।

## संपादकीय

# यात्रा संचालन के लिए

उत्तराखंड में चल रही चार धाम यात्रा के लिए इस बार रिकार्ड संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यात्रा के लिए 22 मई तक 31 लाख पंजीकरण हुए। परंतु भीड़ प्रबंधन को लेकर जो तैयारी होनी चाहिए थी, वह समुचित रूप से नहीं की गई। श्रद्धालुओं के सैलाब से प्रशासनिक व्यवस्थाएं चरमराई हैं। यह चिंताजनक और डराने वाली हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां आए तीर्थयात्रियों में से 52 श्रद्धालुओं की विभिन्न कारणों से मृत्यु हो चुकी है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री, सचिव और गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि चार धाम यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक गंगोत्री में तीन, यमुनोत्री में 12, बदरीनाथ में 14 और केदारनाथ में 23 श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई है। उनकी मृत्यु का कारण हृदयाघात बताया गया है। केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने यात्रा की जानकारी लेने के लिए उत्तराखंड की मुख्य सचिव समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। भीड़ नियंत्रण को लेकर अब उत्तराखंड सरकार केंद्रीय सुरक्षा बलों की मदद लेगी। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निगरानी समिति का गठन कर अधिकारियों को यात्रा मार्गों में तैनात रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिरों में श्रद्धालुओं को दर्शन का समान समय मिले तथा रजिस्ट्रेशन एवं दर्शन में वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता देने के साथ ही ऋषिकेश, हरिद्वार एवं अन्य ठहराव वाले स्थानों से केदारनाथ, बद्रीनाथ जा रहे वाहनों को अलग-अलग समय में छोड़ा जाए। यानि श्रद्धालुओं की मौत के बात अब शासन-प्रशासन जागा है।

केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने मिलकर काम करने का निर्णय लिया है। चार धाम यात्रा के दौरान स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ते हैं लेकिन यहां आने वाले श्रद्धालुओं को अव्यवस्थाओं की वजह से परेशानियां झेलने को मजबूर होना पड़े तो उसमें प्रशासन की नाकामी ही झलकती है। राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाले तीर्थाटन को सुनियोजित ढंग से संचालित कराने की जिम्मेदारी के प्रति संवेदनशीलता से काम लिया जाना चाहिए। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित किया जाना चाहिए। क्षमता से अधिक लोग वहां पहुंच रहे हैं, तो इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए। यात्रा मार्गों को समय पर दुरुस्त नहीं करना भी प्रशासन की बड़ी नाकामी है। मानसून के दौरान भी चार धाम यात्रा का संचालन सुचारू रूप से हो इसके लिए समय रहते पूरी तैयारी की जानी चाहिए। लोग निजी वाहन लेकर इन तीर्थ स्थलों पर पहुंच रहे हैं। इस कारण वाहनों की लंबी कतारें परेशानी का कारण बन रही हैं। यात्रियों व वाहनों की संख्या का संतुलन बनाए रखने के लिए सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाया जाना चाहिए।

# अवकाश में उल्लास का पर्याय हों समर कैंप



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

विद्यालय स्तर पर समर कैंप अवकाश के दिनों में कुछ निर्धारित अवधि के लिए तैयार किए गए कार्यक्रम होते हैं। निश्चित ही इस दौरान जो क्रियाकलाप आयोजित किए जाते हैं, उनके मूल में बच्चों के समग्र विकास की संकल्पना होती है।

सुनियोजित नियोजन इस कड़ी का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहलू है। इसमें स्थान का चुनाव (विद्यालय में किस स्थान पर कौन सी गतिविधि या क्रियाकलाप कराना है), मूलभूत बुनियादी सुविधाएं, आवश्यक संसाधन-सामग्री, संदर्भ व्यक्ति, समय-सारिणी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं का समुचित निर्धारण आवश्यक होता है। यहां यह भी ध्यातव्य है कि नियोजन में बच्चों तथा उनके अभिभावकों की राय को भी प्रमुखता से स्थान दिया जाए। बच्चे इस अवधि में 'हॉलिडे मोड' पर होते हैं। इसलिए सामान्य दिनों के औपचारिक विद्यालयीय अनुशासन के बजाय यहां लचीला रुख अपनाते हुए बच्चों को रचनात्मक स्वतंत्रता देनी होगी। समय-सारिणी के अनुरूप क्रियाकलापों का निर्धारण इस प्रकार से करना होगा कि बच्चों को प्रतिक्षण नवीनता का अनुभव हो तथा वे उनमें रम जाएं।

अक्सर शाम को घर के सामने पार्क में चला जाता हूं। पक्षियों का कलरव, बच्चों की चहल-पहल, तन-मन को सुकून देते फूल-पौधे जैसे कई कारणों के साथ स्वास्थ्य लाभ भी है। यहां बिताया एक घंटा दिनचर्या को संतुलित व सुव्यवस्थित बना देता है। इस दौरान यहां आने वाले विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों से कुछ देर का वार्तालाप भी एक विशेष पल होता है। यह विभिन्न बोर्ड में पढ़ने वाले बच्चे हैं, जो स्कूली शिक्षा के तमाम पहलुओं पर मुझसे बेझिझक अपने विचारों का आदान-प्रदान करते रहते हैं। उस दिन पार्क में पहुंचा तो बच्चे किसी चिंता में मशगूल दिखे।

मैं बातचीत में थोड़ा शामिल हुआ तो बोले, "क्या बताएं अंकल! कल से छुट्टियां हो रही थीं, लेकिन स्कूल में एक सप्ताह का 'समर कैंप' लगा दिया गया है''। ''समर कैंप! उससे तो आपको लाभ ही होगा''-मैंने कहा। ''कोई लाभ नहीं होगा अंकल, वही पुरानी बातें रिपीट होंगी जो कई साल से हो रही हैं"-एक सीनियर बच्चा बोला। इस बिंदु पर काफी देर बातचीत के बावजूद सभी बच्चे इस बात पर एकमत थे कि कैंप से उन्हें कोई विशेष लाभ नहीं होने वाला है, बल्कि यह उनके अवकाश के उल्लास को छीन रहा है।

विद्यालय स्तर पर समर कैंप अवकाश के दिनों में कुछ निर्धारित अवधि के लिए तैयार किए गए कार्यक्रम होते हैं। निश्चित ही इस दौरान जो क्रियाकलाप आयोजित किए जाते हैं, उनके मूल में बच्चों के समग्र विकास की संकल्पना होती है। ग्रीष्मकालीन शिविरों की संकल्पना का पहला संगठित स्वरूप 1861 में संचालित अमेरिकन 'गनरी कैंप' को माना जाता है। शिक्षक एवं उन्मूलनवादी फ्रेडरिक विलियम गन तथा उनकी पत्नी ने 1850 में वाशिंगटन के एक छोटे शहर में लड़कों के लिए 'द फ्रेडरिक गन स्कूल'(गनरी स्कूल) नाम से एक स्वतंत्र होम स्कूल संचालित किया था। विद्यार्थियों ने स्कूल संचालकों से स्कूल का कुछ समय सैनिकों की तरह प्राकृतिक परिवेश में जाकर बिताने का अनुरोध किया। फ्रेडरिक गन ने बच्चों के शारीरिक, चारित्रिक व शैक्षिक विकास को ध्यान में रखते हुए इस विचार को दो सप्ताह की सुनियोजित यात्रा के रूप में प्लान किया। वे पूरे स्कूल को दो सप्ताह की पैदल यात्रा पर ले गए, जहां बच्चों ने शिविर बनाया तथा प्राकृतिक परिवेश में जीवन के तमाम उपयोगी सबक सीखे। यह इस यात्रा की सफलता का ही प्रभाव था कि इस प्रकार के शिविर अगले कई वर्षों तक चलते रहे। इन शिविरों की सफलता और प्रभावकारिता के कारण फ्रेडरिक गन को 'संगठित कैंपिंग का जनक' माना जाता है।

आने वाले वर्षों में समर कैंप किंचित परिवेश व परिस्थितिगत बदलावों के साथ स्कूली शिक्षा का अहम हिस्सा बनते गए। उद्देश्य यही था कि बच्चे अनुकूल वातावरण में सहज रूप से अपनी प्रतिभाओं का विकास कर पाएं। विभिन्न संस्थाओं में इनके उल्लेखनीय परिणामों को दृष्टिगत रखते हुए हर शिक्षा बोर्ड ने समर कैंप के आयोजन को किसी न किसी रूप में स्वीकार किया जो अद्यतन जारी है। प्रश्न यही है कि ऐसा क्या किया जाए कि समर कैंप मात्र औपचारिकता बनकर न रह जाए, बल्कि बच्चे खुशी-खुशी इनका हिस्सा होने को आतुर हों। यह कैसे संभव हो, इस पर विचार करते हैं। अगर हम ग्रीष्मकालीन समर कैंप्स के उद्देश्यों की बात करें तो इनमें प्रमुख रूप से -सृजनात्मकता को बढ़ावा देना, कल्पना शक्ति को उभारना, नेतृत्व क्षमता विकसित करना, सह-अस्तित्व को समझना, नवीन परिस्थितियों से समायोजन, समस्या समाधान कौशल जैसे प्रमुख लक्ष्य उभर कर आते हैं। यह उद्देश्य अपनी पूर्णता को प्राप्त हों इसके लिए सबसे जरूरी है नियोजन अर्थात् सुनियोजित कार्ययोजना बनाना। इसके बाद कैंप का आयोजन (क्रियान्वयन), प्रबंधन, आकलन, मूल्यांकन, अभिलेखीकरण जैसे अन्य बिंदु आते हैं।

सुनियोजित नियोजन इस कड़ी का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहलू है। इसमें स्थान का चुनाव (विद्यालय में किस स्थान पर कौन सी गतिविधि या क्रियाकलाप कराना है), मूलभूत बुनियादी सुविधाएं, आवश्यक संसाधन-सामग्री, संदर्भ व्यक्ति, समय-सारिणी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं का समुचित निर्धारण आवश्यक होता है। यहां यह भी ध्यातव्य है कि नियोजन में बच्चों तथा उनके अभिभावकों की राय को भी प्रमुखता से स्थान दिया जाए। बच्चे इस अवधि में 'हॉलिडे मोड' पर होते हैं। इसलिए सामान्य दिनों के औपचारिक विद्यालयीय अनुशासन के बजाय यहां लचीला रुख अपनाते हुए बच्चों को रचनात्मक स्वतंत्रता देनी होगी। समय-सारिणी के अनुरूप क्रियाकलापों का निर्धारण इस प्रकार से करना होगा कि बच्चों को प्रतिक्षण नवीनता का अनुभव हो तथा वे उनमें रम जाएं। सामान्यतः समर कैंप एक सप्ताह से दो सप्ताह की अवधि के होते हैं। शेष समय बच्चे अपने घर-परिवेश में विभिन्न प्रकार के अनुभवों से गुजर रहे होते हैं। खेल, यात्राएं, समारोह, घरेलू कार्य, मेले, बाजार, स्वाध्याय, संकलन, टेक टाइम जैसे कितने ही कार्य अवकाश अवधि में उनकी दिनचर्या का हिस्सा होते हैं। अवकाश अवधि में बच्चों के इन पसंदीदा कार्यों को योजनाबद्ध रूप से सीखने से कैसे जोड़ा जाए समर कैंप में इस बिंदु पर भी पर्याप्त चर्चा-विमर्श हो।

उदाहरण के लिए यदि इस अवधि में बच्चे कोई यात्रा करने जा रहे हैं तो उसका सचित्र यात्रा वृत्तांत तैयार करें। यदि वह किसी कलाकार, कलमकार अथवा कामगार से मिलते हैं तो उसका साक्षात्कार लें। यदि उनके आसपास कोई आयोजन होता है तो उसकी आख्या बनाएं। कोई मूवी देखी है तो उसकी समीक्षा करें। समर कैंप के दौरान बच्चों को संगीत, नृत्य, कला, शिल्प, साहित्य, खेल जैसी विशिष्ट प्रतिभाओं के आधार पर चिह्नित कर उन्हें उस क्षेत्र विशेष पर आधारित क्रियाकलापों से प्रमुखता से जोड़ने का एक सुस्पष्ट पाथ-वे तैयार कराया जाए। इससे वे समर कैंप अवधि के बाद भी अपनी प्रतिभा को तराशना जारी रख सकेंगे।

एक स्वतंत्र, समावेशी तथा भयमुक्त वातावरण में समय बिताना, नई चीजें सीखते हुए स्वयं को समृद्ध करना तथा आत्मविश्वास में वृद्धि होना। ये कुछ ऐसे गुण हैं, जो समर कैंप के दौरान बच्चों में स्वाभाविक रूप से आ जाते हैं और उन्हें जीवन की विविध परिस्थितियों से समायोजन के लिए तैयार करते हैं। इसके लिए यह नितांत आवश्यक है कि कैंप केवल पुराने क्रियाकलापों की औपचारिक व नीरस पुनरावृत्ति भर न हो। मनोशिक्षाविद विलियम हल का कथन है कि 'यदि हम बच्चों को बोलना सिखाते तो वे शायद कभी बोलना नहीं सीखते'। यह कथन समर कैंप के संदर्भ में भी प्रासंगिक और विचारणीय है।

## प्रसंगवश

# मूर्ति विखंडन के मायने



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हिंदू धर्म की मान्यताओं और व्यवस्थाओं के अनुसार देवी-देवताओं की मूर्तियां विधि विहित पद्धति के अनुसार प्राण प्रतिष्ठित हो जाने पर तो प्राणवान हो ही जाती हैं, किंतु ऐसा न होने पर भी उन्हें पूज देने, श्रद्धा सहित अक्षत पुष्पादि अर्पित कर देने या भक्ति भाव सहित विनती कर देने पर भी जीवंत हो जाती हैं। गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि "भक्त जब पत्र, पुष्प, फल या जल जो भी मुझे भक्ति भाव फे अर्पित करता है तो मैं सदेह होकर उसका भोग करता हूं"।

इधर अयोध्या के राम मंदिर के प्रवेश द्वार से आगे नृत्य मंडप के पास स्तंभ पर उत्कीर्ण हनुमान जी की भुजा खंडित हो जाने का समाचार मिला है, जो चिंताजनक और दुःखद है। यहां एक धनुष का विग्रह भी टूटा हुआ बताया जा रहा है। ये किस तरह निर्मित हुए हैं और कैसी निम्न स्तरीय सामग्री लगाई गई कि इतनी जल्दी विखंडित हो गए। खजुराहों के मंदिरों पर सदियों पूर्व अंकित मूर्तियां आज भी ज्यों की त्यों हैं। सीसीटीवी कैमरे में आए चित्र के अनुसार एक भक्तिन महिला के मूर्ति से लिपट जाने से भुजा उखड़ गई। इससे मूर्ति में प्रयुक्त मैटेरियल की गुणवत्ता का अंदाजा सहज ही लग जाता है। अब मंदिर प्रशासन ने मूर्ति की मरम्मत करा दी है, किंतु धनुष अभी टूटा ही है। आगे से रोज रात दर्शन का समय समाप्त हो जाने के बाद निरीक्षण किया जाएगा और टूट -फूट की मरम्मत सुनिश्चित की जाएगी। यह कौन सी बात हुई? क्या श्रद्धार्पित मूर्ति का खंडित होना अपशकुन नहीं है?

रामचरितमानस में त्रिजटा ने एक दुःस्वप्न देखा था जिसमें रावण "मुंडित शिर खंडित भुज बीसा" दिखा था। फिर जो कुछ हुआ, वह सर्वविदित है। जब राजकुमारी सीता भवानी भवन में पूजन करने गईं तो शुभ संकेत मिला, "विनय प्रेम बस भईं भवानी। खसी माल मूरति मुसकानी"। यानी मूर्तियों के संकेत हलके में लेना बुद्धिमानी नहीं होगी। पहला यह कि मूर्ति का निर्माण इतना कमजोर कैसे हुआ? दूसरा यह कि अरबों की कमाई वाले मंदिर में मूर्तियों की सुरक्षा पर यथोचित खर्च क्यों नहीं किया जा रहा? दर्शन काल में मूर्तियों के इर्दगिर्द वर्दीधादी सेवादार तैनात कर दिए जाएं।

# बयानों की मियाद



अनूप शुक्ल
कानपुर

एक पार्टी में रहते हुए दिए गए बयान दूसरी पार्टी में ज्वाइन करने पर मान्य नहीं होंगे और अलग-अलग समय में दिए गए बयानों में विरोधाभास होने पर सबसे ताजा बयान ही मान्य होगा। ऐसी स्थिति में पुराने बयान की मियाद स्वत: समाप्त मानी जाएगी। राजनीति में बयानों की मियाद संबंधी यह नियम लागू होने पर देश के अधिक से अधिक लोग देश सेवा के क्षेत्र में आगे आएंगे। देश का धड़ल्ले से विकास होगा।

अक्सर लोगों का मन देश सेवा के लिए हुड़कने लगता है। खासकर चुनाव के समय देश सेवा की ललक सबसे तगड़ी होती है। इस इच्छा की पूर्ति के लिए लोग उसी पार्टी से चुनाव लड़ना चाहते हैं जिस पार्टी की सरकार बनने की संभावना होती है। बिना सरकार में शामिल हुए देश सेवा कोई मायने नहीं रखते।

सरकार बनाऊ पार्टी के लिए लोग या तो पार्टी बदलते हैं या पहली बार उस पार्टी में शामिल होते हैं। दोनों स्थितियों में पहले के दिए गए बयान बहुत समस्या पैदा करते हैं। पहले जिस पार्टी की ऐसी-तैसी करते रहे बाद में उसी की तारीफ करने पर लोग बहुत सवाल उठाते हैं। पहले आप इसको घटिया बताते रहे अब यह अच्छी पार्टी कैसे हो गई? जिसको गरियाते रहे उसकी जय बोलते हुए कैसा लगता है आपको। जिसका मुंह तोड़ने की मंशा रखते थे उसके चरण चांपते हुए कैसा फील होता है। बयान और भी बवाल करते हैं। कोई पार्टी विपक्ष में रहते हुए जो कहती है सरकार बनने पर उससे उलट काम करना पड़ता है। सरकार में रहते हुए जिन कामों की वकालत करते रहे चुनाव में हार कर विपक्ष में बैठने पर उसी का विरोध करना पड़ना है।

पहले का जमाना होता और बात अखबारों तक ही सीमित रहती तो कह देते -"अखबार ने मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर छापा है", लेकिन आजकल तो ट्विटर और फेसबुक का जमाना है। लोग आपके ही ट्विट आपको दिखाकर पूछते हैं -" ये तो आप ही ने कहा था। अब आप इसके उलट कैसे हो गए? इस हृदय परिवर्तन का कारण क्या है?" ट्विटर, फेसबुक और सोशल मीडिया पर दिए गए बयानों का ई-कचरा बहुत दिन तक सुरक्षित रहता है, जहां आपके खिलाफ हुआ आपके विरोधी आपके सामने लहराकर कहेंगे कि आपका आचरण इस बयान के विरुद्ध है। आपकी पॉलिटिक्स क्या है बंधुवर? आप लोगों से अगर कहेंगे कि आपका हृदय परिवर्तन हुआ है तो लोग विश्वास नहीं करेंगे।

सबको पता है कि हृदय परिवर्तन तो डाकुओं का होता है। राजनीतिज्ञ का तो केवल दल परिवर्तन होता है। पुराने बयानों से होने वाली असुविधा सर्वव्यापी है। सभी राजनीतिज्ञ इससे हलकान हैं। ऐसे में इसका यही एक उपाय है कि बयानों की मियाद तय कर ली जाए। हर राजनीतिज्ञ अपने बयान की सीमा तय कर दे। जैसे गारंटी/वारंटी की मियाद खतम होते ही ग्राहक का दावा खतम हो जाता है। वैसे ही बयान की मियाद खतम होते ही उस बयान पर सवाल बेमानी हो जाएंगे। कुछ मियादें इस तरह की हो सकती हैं: गैर राजनीतिज्ञ रहते हुए दिए बयानों की अवधि राजनीति में प्रवेश करते ही समाप्त हो जाएगी। वहीं सरकार में रहते हुए दिए गए बयान सरकार गिरते ही अमान्य हो जाएंगे। इसके साथ ही विपक्ष में रहते हुए दिए गए बयान सरकार बनने की स्थिति में स्वतः निरस्त हो जाएंगे।

एक पार्टी में रहते हुए दिए गए बयान दूसरी पार्टी में ज्वाइन करने पर मान्य नहीं होंगे और अलग-अलग समय में दिए गए बयानों में विरोधाभास होने पर सबसे ताजा बयान ही मान्य होगा। ऐसी स्थिति में पुराने बयान की मियाद स्वतः समाप्त मानी जाएगी। राजनीति में बयानों की मियाद संबंधी यह नियम लागू होने पर देश के अधिक से अधिक लोग देश सेवा के क्षेत्र में आगे आएंगे। देश का धड़ल्ले से विकास होगा। फिलहाल तो चुनाव के समय राजनीति में बयानबाजी को फैशन मानकर ही काम चलाना होगा और जैसा कि फैशन के बारे में सब जानते हैं कि फैशन के दौर में गारंटी का कोई मतलब नहीं होता। देश सेवा के पवित्र भाव के सामने दिए गए बयानों की कोई गारंटी नहीं होती।

## सोशल फोरम

# भारतीय चुनावी राजनीति



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

केंद्र में कांग्रेस का राज भारतीयों को अभी नहीं चाहिए। वे मोदी में ही अभी भविष्य देख रहे हैं, क्योंकि कुछ अनकहे मामलों में उनका नियंत्रण और स्थिरता अपनी कहानी खुद बयां करती है। पॉलिसी डायनामिक्स को आमजन नहीं समझता, डेवलपमेंट परफॉरमेंस के माने आमजन क्या जाने?

सोशल सेक्टर में इन्वेस्टमेंट के माने हैं बुढ़ापा पेंशन, फ्री राशन, मुफ्त चिकित्सा और दवा, मुफ्त शिक्षा और किताबें, सिलाई मशीनों का वितरण और न जाने क्या क्या! कुछ पार्लियामेंट्री कमेटियों की रिपोर्ट्स देख रहा था। हमारे माननीयों की मैपिंग हुई और देखा गया कि किसी विषय, जैसे कि साइंस एंड टेक्नोलॉजी में इनकी रुचि और जागरूकता का लेवल क्या है? संसद में साइंस और टेक्नोलॉजी से संबंधित विषयों पर स्वास्थ्य और एग्रीकल्चरल साइंस को लेकर कितने प्रश्न उठाए गए। स्थिति निराशाजनक से भी नीचे की है। इससे अच्छी तो यह 1990 आदि के दशक में थी। लोगों के जीवन को क्या अकेले मोदी ही या इनकी पार्टी के सांसद ही बदलने की काबलियत रखते हैं? इंडियन पार्लियामेंट की डायनामिक्स या हालात बदलने की ताकत वक्त के अनुसार बदली है, लेकिन लोकलुभावन चेहरों से नहीं, बल्कि संसद में कुछेक अच्छे पढ़े-लिखे लोगों और संसदीय कार्य प्रणाली की वजह से। इंडियन पार्लियामेंट को दिशा-निर्देश इनके कमेटी सिस्टम से ही मिलता है, बिहार या झाबुआ की पब्लिक रैलियों से नहीं।

कांग्रेस 60 साल रही है और मोदी जी? बड़ा सवाल यह है कि देश एक व्यक्ति के दिशा-निर्देश से क्यों चले? विपक्ष मजबूत चाहिए, लेकिन विपक्ष की मजबूती किन अर्थों में किन मुद्दों पर प्रकट हुई है? संसदीय कार्रवाई की रिपोर्ट्स का अध्ययन गिरते हुए स्तर की ओर इंगित करता है। डिबेट्स में क्या क्वालिटी है? बौद्धिक लोगों ने इस बारे अध्ययन करके बहुत रिसर्च पेपर्स लिखे हैं, लेकिन इनका अध्ययन कौन करता है? और जो लोग करते हैं, वे भारतीय राजनैतिक परिदृश्य को बदलने में असमर्थ हैं या कोई रुचि नहीं लेते।

-फेसबुक वॉल से

# वायुयान हादसे से यात्री सुरक्षा के नए सबक



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तरी अटलांटिक के ऊपर, साफ हवा में यह टर्बुलेंस हुआ, जो ताकत में पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से भी अधिक शक्तिशाली था। उनका कहना है कि पूरी दुनिया में वायुमंडलीय टर्बुलेंस में इसी तरह की वृद्धि हुई है।

अभी हाल ही में घटे एक वायुयान हादसे से यात्री सुरक्षा के नए सबक मिले हैं। वाकया लंदन से सिंगापुर जा रहे सिंगापुर एयरलाइंस के विमान का है। उड़ान के दौरान ही जब विमान हजारों फीट की ऊंचाई पर था उसमें सहसा भीषण उथल-पुथल (टर्बुलेंस) हुई जिसके कारण 73 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और 70 से अधिक लोग घायल हो गए। ताज्जुब यह है कि न कोई आंधी तूफान दिखा था, न ही घने बादलों का घेरा और आकाशीय बिजली। कोई चेतावनी नहीं। सबकुछ साफ, मगर फिर भी भयानक स्थिति उत्पन्न हो गई।

उड़ान में इतनी गंभीर बाधा किस कारण से आई? अब इस पर एयरोडायनमिक्स से जुड़े विशेषज्ञों के बीच विचार विमर्श हो रहा है। अभी इसी सिलसिले में एक रिपोर्ट नेचर पत्रिका के समाचार विश्लेषण स्तंभ में 22 मई को आई है। क्या जलवायु परिवर्तन विमानों में टर्बुलेंस की ऐसी तीव्रता और आवृत्ति को बढ़ावा दे सकता है? जिसमें यात्रियों की जान पर बन आए? विगत 20 मई को उड़ान भरने वाले इस विमान ने झटके से अचानक लगभग 1800 मीटर से अधिक नीचे तेजी से गोता लगाया जिससे यात्री और उनके सामान केबिन की छत से जा टकराए। एयरलाइन की 24 वर्षों में ऐसी यह पहली घातक घटना थी। रीडिंग यूनिवर्सिटी, यूके में वायुमंडलीय शोधकर्ता पॉल विलियम्स के अनुसार यह गंभीर टर्बुलेंस की घटना थी, जो विमान के यात्रियों एक प्रक्षेप्य (प्रोजेक्टाईल) में बदल देती है। सीट-बेल्ट न पहनने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए यह बिना किसी प्रतिबंध के रोलर कोस्टर पर बैठने जैसा भयावह अनुभव दे सकता है।

हवाई जहाजों की उड़ान में छोटे-मोटे टर्बुलेंस आम घटना हैं। अधिकांश उड़ानों में कुछ हद तक टर्बुलेंस का अनुभव होता है। जमीन के पास, हवाई अड्डे के आसपास तेज हवाएं विमानों के उड़ान भरने या उतरने के दौरान टर्बुलेंस पैदा कर सकती हैं। अधिक ऊंचाई पर, तूफानी बादलों में हवा का ऊपर-नीचे का प्रवाह विमानों के उनके बीच से या उनके पास से गुजरने पर हल्की से लेकर गंभीर टर्बुलेंस पैदा कर सकते हैं। पर्वत श्रृंखलाओं पर ऊपर की ओर बढ़ने वाली हवा की धाराएं भी टर्बुलेंस पैदा कर सकती हैं। विलियम्स का मानना है कि जब हवा पहाड़ के ऊपर से बहती है तो विमान ऊपर उठ जाता है और उसमें टर्बुलेंस हो सकता है। इसके अलावा ऐसी स्थिति अक्सर जेट धाराओं के किनारों पर होती हैं, जो कि दुनिया भर में घूमने वाली मजबूत हवा की धाराएं हैं, मगर बिना बादलों के भी घटित होने वाले टर्बुलेंस को "साफ हवा का टर्बुलेंस (क्लीयर एअर टर्बुलेंस)" कहा जाता है। विलियम्स कहते हैं कि सिंगापुर एयरलाइंस की घटना के सटीक कारण का पता लगाने में कई हफ्ते लग सकते हैं। हो सकता है वह कोई तूफान रहा हो, लेकिन साथ ही साफ हवा की परिस्थितियां भी थीं। जांच चल रही है। सियोल नेशनल यूनिवर्सिटी में वायुमंडलीय शोधकर्ता जंग-हून किम का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण टर्बुलेंस की घटनाएं अधिक, बार-बार और गंभीर होती जा रही हैं। पिछले वर्ष प्रकाशित एक अध्ययन में विलियम्स और उनके सहयोगियों ने 1979 और 2020 के बीच साफ हवा में घटे टर्बुलेंस में बड़ी वृद्धि पाई थी।

उत्तरी अटलांटिक के ऊपर, साफ हवा में यह टर्बुलेंस हुआ, जो ताकत में पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से भी अधिक शक्तिशाली था। उनका कहना है कि पूरी दुनिया में वायुमंडलीय टर्बुलेंस में इसी तरह की वृद्धि हुई है। विलियम्स का कहना है कि यह वृद्धि लगभग निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन का परिणाम है, जो टर्बुलेंस पैदा करने वाली जेट धाराओं को मजबूत कर रहा है। एक अन्य अध्ययन में विलियम्स और उनके सहयोगियों ने जलवायु मॉडल का उपयोग करके यह अनुमान लगाया कि जैसे-जैसे जलवायु गर्म होगी, साफ हवा में टर्बुलेंस की घटनाएं और अधिक गंभीर और लगातार होती जाएंगीं। किम और उनके सहयोगियों ने पाया कि पिछले साल प्रकाशित एक अध्ययन में जलवायु परिवर्तन के साथ बादलों और पहाड़ों के आसपास की साफ हवा में भी उथल-पुथल अधिक बार होगी। टर्बुलेंस में हो रहे संभावित वृद्धि के बावजूद, अधिकांश उड़ानें यथावत चलती रहेंगी। "ऐसा नहीं है कि हमें उड़ान भरना बंद करना होगा या विमान आसमान से गिरने लगेंगे, मैं बस इतना कह रहा हूं कि फिलहाल जो टर्बुलेंस 10 मिनट तक के हैं, वे भविष्य में 20 या 30 मिनट के हो सकते हैं"। पायलट उड़ान की योजना बनाने के साथ ही टर्बुलेंस के अनुमानों का सहारा लेते हैं। मौसम केंद्रों के शोधकर्ता ग्राउंड-आधारित सेंसर और उपग्रहों से एकत्र किए गए डेटा के आधार पर टर्बुलेंस की भविष्यवाणी कर सकते हैं और पायलटों को पूर्वानुमान बता सकते हैं। विमान में पायलट तूफानी बादलों की पहचान करने के लिए रडार का उपयोग करते हैं। यह विमान से भेजे जाने वाले रेडियो तरंगों पर निर्भर करता है, जो फिर सेंसर की ओर वापस परावर्तित होते हैं और आसपास के क्षेत्र का नक्शा बनाते हैं, लेकिन रडार बादल रहित साफ हवा के उथल-पुथल का पता नहीं लगा सकता। विलियम्स कहते हैं कि यहां लिडार नामक एक अन्य तकनीक मदद कर सकती है, जो रडार के विपरीत प्रकाश की एक अलग तरंग दैर्ध्य का उपयोग करता है। मगर अभी तो यह बहुत महंगा है और इसके लिए एक बड़े बॉक्स की आवश्यकता होती है, लेकिन यह अदृश्य/साफ हवा के टर्बुलेंस को देख सकता है। यदि इसके बॉक्स को छोटा किया जा सके और लागत कम हो जाए तो इसका जल्द ही व्यापक उपयोग किया जा सकता है। कुछ प्रायोगिक उड़ानों में विमान से 20 मील आगे की साफ हवा के टर्बुलेंस को देखने में सफलता मिली है। इसलिए तब तक जब भी आप हवाई यात्रा करें, तो पूरी यात्रा के दौरान कृपया अपनी सीट बेल्ट बांधे रखें और खुद को सुरक्षित रखें। सिंगापुर एअरलाइन की उड़ान में तकरीबन सत्तर लोग सीट बेल्ट नहीं बांधे थे, जो मिसाइल की तरह विमान की छत से जा टकराए।

# नकदी में लेन-देन का बढ़ना



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

डिजिटल युग में डिजिटल लेन- देन में भारी उछाल आया है। डिजिटल लेन-देन एक ट्रिलियन के आंकड़े को पार कर चुका है। भारत सरकार ने 8 नवंबर 2016 में भारतीय रुपये के 1000 और 500 के नोटों को प्रचलन से बाहर कर दिया था, उसके बाद से डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा मिलना शुरू हुआ था।

इस समय कुल नकदी प्रचलन 17 लाख करोड़ से कुछ अधिक था, किंतु अब यही नकदी प्रचलन 35.5 लाख करोड़ पहुंच गया है, जो पहले से दुगना है। नोटबंदी और यूपीआई को लेकर प्रचार के बाद नकदी के प्रयोग में कोई अंतर नहीं आया है यानी दूसरे शब्दों में कहे तो नकदी हमेशा राजा है। एक्सपर्ट का मानना है कि परंपरागत कैश के लेन-देन और मनुष्य के अंदर व्याप्त एक अदृश्य भय के कारण ही वो डिजिटल पेमेंट से दूरी बनाए रखता है और नकद भुगतान में सुरक्षित महसूस करता है। यह भी देखने में आया है कि यूपीआई यूजर भी दोनों तरह से भुगतान करने को ही बेहतर मानते हैं। भारतीय कर प्रणाली में उच्चतम दरों के चलते भी नकद भुगतान को खत्म करना संभव नहीं।

आगरा के जूता बाजार में हाल ही में जूता निर्माताओं के यहां से करोड़ों की नकदी बरामद होना इसका ज्वलंत उदाहरण है। जीएसटी की उच्चतम दरों से बचने को आगरा के जूता बाजार में पर्ची का चलन है। पर्ची से पूरे हफ्ते खरीद होती रहती है और हफ्ते में एक दिन नकदी से भुगतान किया जाता है। यही व्यवस्था और उद्योग भी अपनाते हैं। फिलहाल देश में दोनों ही विकल्प मौजूद हैं और दोनों ही समान रूप बढ़ रहे हैं।

## एक नजर

### बहला फुसला कर युवती को ले गया युवक

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 मई की सुबह उसकी 19 वर्षीय बेटी शिव मंदिर जल चढ़ाने की बात कह कर घर से निकली थी। जब बेटी मंदिर से घर वापस नहीं लौटी तो उसने व परिवार के अन्य सदस्यों ने गांव समेत रिश्तेदारियों में तलाश किया लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं लग सका। इस दौरान पता चला कि अखलेश पुत्र तेजपाल निवासी गांव नवीगंज जहीद थाना शाहबाद जिला रामपुर उसकी बेटी को बहला फुसला कर ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अखलेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### चुनाव आयुक्त को भेजा शिकायती पत्र

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सतीश अरोरा ने चुनाव आयुक्त को शिकायती पत्र भेजा है। जिसमें उनका कहना है कि बीएलओ की लापरवाही के चलते मतदाता सूची से तमाम मतदाताओं के वोट कैंसिल कर दिए गए हैं। जिससे इस बार लोकसभा चुनाव में उक्त लोग मतदान करने से वंचित रह गए। राजेश अरोरा पुत्र भूषण अरोरा आदि एसएम इंटर कॉलेज मतदान केंद्र पर वोट डालने गए तो उन्हें बिना वोट डाले ही वापस यह कह कर लौटा दिया गया कि उनका वोट नहीं है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### महिला ने पति के खिलाफ तहरीर दी

**बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के गांव सिमरऊआ निवासी पीड़ित महिला शोभा ने अपने पति पर खर्चे के रुपये नहीं देने व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। जिसमें बताया कि उसकी शादी को 11 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। वह अपने पति के साथ ही ईंट भट्ठा पर मजदूरी करती है। आरोप है कि पति शराब व जुआ का आदी है। जिससे उसकी मजदूरी के पैसे भी पति अपने पास रखता है और उसके परिवार के खर्चे के लिए रुपये नहीं देता। इसके चलते शुक्रवार को अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे उसने पति से घर खर्च के लिए रुपये मांगे थे। आरोप है कि पति ने फावड़े से उस पर वार किया। फावड़े की नोंक सिर में लगने से वह घायल हो गई।

# बालक का अपहरण कर हत्या में दो को उम्र कैद

## आठ लाख रुपये की मांगी थी फिरौती, संभल के मोहल्ला हल्लू सराय में 2020 को हुई थी घटना

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** अदालत ने ग्राम विकास अधिकारी के दस वर्षीय बालक का अपहरण कर हत्या के मामले में दो दोषियों को उम्र कैद और ढाई लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। घटना थाना संभल के मोहल्ला हल्लू सराय में 19 मार्च 2020 में हुई थी। अपहरणकर्ताओं ने आठ लाख की फिरौती मांगी थी। मुकदमा न्यायालय सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था।


युवराज का फाइल फोटो।

वादी सुरजीत कुमार ग्राम विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। मौजूदा समय से पंवासा ब्लॉक में कार्यरत हैं। वादी पीड़ित पिता सुरजीत कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बयां किया था कि 19 मार्च 2020 को अपराह्न करीब तीन बजे उनका 10 वर्षीय बेटा युवराज कहीं लापता हो गया है। उसी दिन शाम साढ़े पांच बजे उसकी पत्नी के मोबाइल नंबर पर अज्ञात नंबर से कॉल आयी। कॉल करने वाले व्यक्ति ने आठ लाख रुपये की फिरौती की मांग की और किसी को बताने पर जान से मारने धमकी दी और रुपये लेकर काशीपुर आने को कहा, इसके बाद स्थान कल बताने को कहा गया लेकिन फिरौती दिए जाने से पहले ही बच्चे की हत्या कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 364ए, 302, 201 सपठित धारा 120बी आईपीसी के तहत राजीव प्रजापति पुत्र राजाराम निवासी मोहल्ला हल्लू सराय संभल, बनवारी दिवाकर पुत्र हेमराज निवासी हरसुनंगला गधैय्या थाना मिलक जिला रामपुर, नीरज पुत्र गेंदनलाल निवासी गांव टांडा थाना बिलासपुर जिला रामपुर व डौली पुत्र राजाराम निवासी हल्लू सराय संभल के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया।


सजा सुनाने के बाद अभियुक्तों को जेल ले जाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

- अदालत ने दोषी पर ढाई लाख रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया

विवेचना में सीसीटीवी फुटेज में राजीव प्रजापति व बनवारी दिवाकर को बालक को ले जाते देखा गया है। जिससे पुलिस ने राजीव प्रजापति व बनवारी दिवाकर के खिलाफ साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। शुक्रवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश अशोक कुमार यादव द्वितीय ने राजीव प्रजापति व बनवारी दिवाकर को दोषी करार देते हुए प्रत्येक को धारा 302/34 आईपीसी में आजीवन कारावास एवं 50-50 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अर्थदण्ड अदा न करने पर दो-दो वर्ष का अतिरिक्त कठोर करावास भुगतना होगा। धारा 364ए आईपीसी में 10-10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 50-50 हजार रुपये अर्थदण्ड दिया, अर्थदण्ड अदा न करने पर दो-दो वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतनी होगी।

धारा 201 आईपीसी में तीन-तीन वर्ष के कठोर करावास व प्रत्येक को 25-25 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा दी तथा अर्थदण्ड अदा न करने पर छह-छह माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। सभी सजाएं साथ चलेंगी।

## शराब को रुपये देने से मना करने पर पीटा

**चन्दौसी, अमृत विचारः** शराब पीने को रुपये देने से मना करने पर घर में घुस कर मारपीट की गई। मारपीट में पिता-पुत्र समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला की ओर से तहरीर दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई निवासी रितु तोमर पत्नी मोनू तोमर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 मई दिन गुरुवार की सुबह करीब सवा आठ बजे उसके पति मोनू तोमर घर के बाहर दुकान पर गेहूं का काम कर रहे थे। उसी समय गांव का एक युवक दुकान पर पहुंचा और पति से शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगा। पति ने रुपये देने से मना किया तो गाली-गलौच करते हुए मारपीट करने लगा। विरोध करने पर युवक ने परिवार के अन्य लोगों को बुला लिया। सभी लोग घर में घुस आए और पति व बचाने आए साले अनुज व बेटे के साथ मारपीट की। जिससे तीनों घायल हो गए।

# कोर्ट में सरेंडर करने जा रहे आरोपी को पकड़ने पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** जिला न्यायालय परिसर में शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे उस समय हंगामे का माहौल हो गया, जब अधिवक्ता कोर्ट में चोरी के आरोपी को साथ में सरेंडर कराने ले जा रहे थे और एसओजी ने पकड़ लिया और ले जाने लगी। इसको लेकर अधिवक्ताओं की एसओजी से तीखी नोकझोंक हुई। अधिवक्ताओं के विरोध के चलते एसओजी आरोपी को छोड़ कर वापस लौट गई।

शुक्रवार को चोरी के मुकदमे में वांछित आरोपी अली वारिस पुत्र सुवराती गांव नहरौला थाना एंचोड़ा कम्बोह जिला संभल कोर्ट में सरेंडर करने के लिए जिला न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी आया था।

दोपहर करीब एक बजे अधिवक्ता बलराम सिंह आरोपी को सरेंडर कराने के लिए कोर्ट में ले जा रहे थे। इसी दौरान एसओजी वहां पहुंच गई और आरोपी अली वारिस को पकड़ लिया तथा अपने साथ ले जाने लगी। जिससे अधिवक्ता ने विरोध किया तो नोकझोंक हो गई। तमाम अधिवक्ता पहुंच गए और विरोध करने लगे। विरोध के चलते एसओजी आरोपी को छोड़ कर बैरंग लौट गई।


जिला न्यायालय परिसर में हंगामे के बाद तहरीर लिखवाते अधिवक्ता।


चोरी के मुकदमे का आरोपी अली वारिस।

- जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं की एसओजी से हुई तीखी नोकझोंक
- अधिवक्ताओं के विरोध के चलते आरोपी को छोड़ कर वापस लौटी एसओजी

### आरोपी ने अदालत में दिया प्रार्थना पत्र

**चन्दौसी, अमृत विचार :** चोरी के मुकदमें में आरोपी अली वारिस पुत्र सुवराती निवासी गांव नहरोला थाना एंचोड़ा कम्बोह जिला संभल ने न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन/ऐसीजेएम चन्दौसी जिला संभल को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें उसका कहना है कि वह शुक्रवार को आत्मसमर्पण के लिए आया था। वह अपने अधिवक्ता के साथ आत्मसमर्पण के लिए न्यायालय में जा रहा था। तब ही सादा वर्दी में पुलिस ने पकड़ लिया और जबरन खींच कर ले जाने लगी। उसे डर है कि पुलिस उसे पकड़ कर फर्जी मुठभेड़ दिखा कर गोली मार देगी। वह न्यायालय में आत्म समर्पण करना चाहता है। न्यायिक अभिरक्षा में लेने के आदेश पारित किए जाने की मांग की है।

# मिट्टी डालते समय भरभराकर गिरी छत, 5 लोग दबे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के गांव मई में शुक्रवार को बारिश से बचाव के लिए छत पर मिट्टी डालते समय अचानक छत भराभरा कर ढह गई। मलबे में महिला व बच्चों समेत पांच लोग दब गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीण राहत कार्य में जुट गए और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। गनीमत रही सभी के मामूली चोटें आयीं। मलबे में दब कर घरेलू सामान खराब हो गया।

गांव मई निवासी मुस्तकीम पुत्र शकील अहमद मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहा है। कच्चे मकान में पत्नी निशा बेगम व बच्चों के साथ रहता है। गर्मी का मौसम चल रहा है। बारिश का मौसम भी अगले माह जून में आने वाला है। जिससे बारिश से बचाव के लिए शुक्रवार की सुबह मुस्तकीम छत पर मिट्टी डलवा रहा था। पत्नी निशा बेगम अपने बच्चों उजमा, हसनैन, फैजान, मो. अहमद के साथ कमरे में बैठी थी। सुबह करीब पौने 11 बजे अचानक छत भरभरा कर गिर गई। कमरे में बैठे सभी लोग मलबे में दब गए। मलवा गिरने से कमरे में रखा गैस सिलेंडर भी लीक होने लगा। वहीं धमाके की आवाज सुन कर पास पड़ोस के ग्रामीण दौड़ कर मौके पहुंच गए और राहत कार्य में जुट गए। ग्रामीणों ने मलबा हटा कर सभी को बाहर निकाल लिया। सभी मामूली रुप से चोटिल हो गए। वहीं ग्रामीणों ने गैस सिलेंडर को उठा कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। जिससे बड़ा हादसा टल गया। मुस्तकीम ने बताया कि मलबे में दब कर टीवी, गैस चूल्हा, संदूक, कपड़े, चारपाई, पलंग, दो कट्टे गेहूं खराब हो गए।


गांव मई में छत गिरने के बाद मजदूर का परिवार। ● अमृत विचार

- कोतवाली क्षेत्र के गांव मई में हुई घटना, मलबे में दबे लोग चोटिल

### प्रधानमंत्री आवासीय योजना में किया था आवेदन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मुस्तकीम ने बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहा है। उसका कच्चा मकान है। जो हर बारिश में टपकता है। पिछले दिनों उसने प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत आवेदन भी किया था लेकिन आवास नहीं मिला।

# छात्र संख्या के आधार पर नियुक्त किए जाएंगे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, संभल

- बेसिक शिक्षा सचिव ने प्रदेश के बीएसए को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में छात्र संख्या के आधार पर शिक्षकों की तैनाती होगी। जहां ज्यादा शिक्षक हैं वहां कम करते हुए दूसरे स्कूलों में समायोजन होगा। बेसिक शिक्षा सचिव के निर्देश के बाद उन शिक्षकों में समायोजन की उम्मीद जागी है जो काफी समय से दूरस्थ स्कूलों में बच्चों को पढ़ा रहे हैं।

बेसिक शिक्षा सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने प्रदेश के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि छात्रों की संख्या के आधार पर शिक्षकों की तैनाती की जाएगी। 30 जून तक यह कार्य पूरा किया जाएगा। कहा है कि 30 सितंबर 2023 की मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज छात्र संख्या के मुताबिक शिक्षकों को इधर से उधर किया जाए। जिन स्कूलों में छात्रों की संख्या कम है फिर भी ज्यादा शिक्षक हैं, वहां से हटाकर उन स्कूलों में भेजा जाएगा जहां जरूरत होगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर का कहना है कि शासन के आदेश के अनुसार कार्रवाई की जायेगी।

### अगले साल बदलेंगी कक्षा तीन की किताबें

परिषदीय स्कूलों में कक्षा तीन की किताबें अगले साल बदली जाएंगी। इस बार कक्षा एक और दो की किताबें बदली गई हैं। जुलाई में प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। अगले वर्ष कक्षा तीन में चार किताबें हो जाएंगी। इनमें हिंदी की वीणा, अंग्रेजी की संतूर, उर्दू की सितार और गणित की गणित मेला किताब होगी।

# वाल्मीकि समाज के व्यक्ति की शव यात्रा को लेकर विवाद, पुलिस पहुंची

कार्यालय संवाददाता, संभल/धनारी

**अमृत विचार :** जनपद के धनारी थाना क्षेत्र में वाल्मीकि समाज के व्यक्ति की मौत के बाद लोग शव यात्रा निकालने लगे तो आरोप है कि यादव समाज के लोगों ने विरोध कर दिया। इतना ही नहीं, गाली गलौज की गई तो हंगामे के हालात बने। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। तब जाकर शव यात्रा को निकलवा कर अंतिम संस्कार के लिए रवाना किया गया।

मामला थाना धनारी क्षेत्र के गांव सिंहपुर निवासी वाल्मीकि समाज के सोरन सिंह की बीमारी के चलते गुरुवार को मौत हो गई थी। शुक्रवार को परिजनों और अन्य लोगों ने राजघाट गंगा घाट पर अंतिम संस्कार करने के लिए दोपहर करीब दो बजे शोभायात्रा निकाली जाने लगी। आरोप है कि यादव समाज के लोगों ने इकट्ठा होकर विरोध शुरू कर दिया। कहासुनी करते हुए गाली गलौज की भी गई। जिससे मौके पर हंगामे के हालात बन गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौजूद रहकर करीब चार बजे अंतिम संस्कार के लिए शव यात्रा को निकलवाया। इस मामले में सोरन सिंह के बेटे विजय सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए जांच कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश सिंह का कहना रहा कि पीड़ित पक्ष ने मामले को बढ़ा चढ़ा कर तहरीर दी है। मामला झूठा है।


धनारी के गांव में शव यात्रा निकालते वाल्मीकि समाज के लोग। ● अमृत विचार

- यादव समाज के लोगों ने विरोध कर की गाली गलौज

# दूसरे दिन भी दाखिल किए गए नामांकन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** चन्दौसी बार एसोसिएशन चन्दौसी नामांकन दूसरे व अंतिम दिन शुक्रवार को भी अधिवक्ता प्रत्याशियों की ओर से ऐल्डर्स कमेटी व चुनाव अधिकारी के समक्ष दाखिल किए गए। 31 मई को सुबह नौ से शाम पांच बजे तक बार सभागार में चुनाव होगा।

अध्यक्ष पद पर मोहम्मद नजर कुरैशी व महेश सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सुनील कुमार सिंह व जफर अली ने नामांकन कराया है। इसी क्रम में उपाध्यक्ष वरिष्ठ खण्ड दो पद हेतु मो. गुलनवाज खान, पंकज कुमार मिश्रा व इफ्तेदार हुसैन पाशा, उपाध्यक्ष कनिष्ठ खण्ड दो पद हेतु विक्रम सिंह चौहान, कुशलपाल सिंह, अम्बर कुमार, सचिन कुमार, सचिव पद हेतु सचिन गोयल, राजवीर सिंह व शैलेंद्र कुमार, सह सचिव तीन पद हेतु कृष्ण कुमार, ब्रजेश कुमार व पवन कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष पद हेतु रंजना सैनी उर्फ रंजना शर्मा, नितिन प्रताप सिंही व नीरज कुमार, गवर्निंग काउंसिल वरिष्ठ खण्ड छह पद हेतु सुरजीत सिंह यादव, नरेंद्र कुमार यादव, योगराज सिंह, अमित कुमार सिंह, मो. जमाल, नवीन कुमार, नवनीत सिंह व रोहन सिंह, गवर्निंग काउंसिल कनिष्ठ खण्ड छह पद हेतु तौफीक अहमद, सुनील कुमार सिंह, नवनीत कुमार, मो. इमरान, साफिया कदीर, सुभाष बाबू, इफ्तेदार हुसैन पाशा व नोमान अली ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। ऐल्डर्स कमेटी के चेयरमैन रामप्रकाश शर्मा ने बताया कि 25 मई दिन शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक बार सभागार में नामांकन पत्रों पर आपत्ति ली जाएंगी। तत्पश्चात आपत्तियों का निस्तारण व नामांकन पत्रों की जांच कर प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी।


चन्दौसी बार एसोसिएशन के चुनाव को नामांकन पत्र जमा करते प्रत्याशी।

**चन्दौसी बार चुनाव**

- शनिवार को नामांकन पत्रों पर आपत्तियों का निस्तारण व नामांकन पत्रों की जांच कर प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी

## सार-संक्षेप


चन्दौसी में पौधारोपण करतीं जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर की सदस्य।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर की ओर से शुक्रवार को ग्रुप की सचिव शालिनी सक्सेना के जन्म दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। ग्रुप की पदाधिकारियों व सदस्यों ने आवास विकास स्थित पार्क में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। ग्रुप सचिव ने बताया कि पौधरोपण करने से शुद्ध वातावरण मिलता है। जिससे मनुष्य को सांस लेने में दिक्कत नहीं होती है। इस अवसर पर शोभा शर्मा, नीतू रस्तोगी, शीनू शर्मा, शालिनी शर्मा, विमलेश सैनी, सुमन शर्मा, सुमन सैनी, सोनिया गर्ग, सुनीता शर्मा, सीमा अग्रवाल, शिखा शर्मा मौजूद रहीं।

### आठ वाटर कूलर लगाए, राहगीरों को मिलेगा ठंडा पानी

**बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर पंचायत नरौली में अब राहगीरों को भीषण गर्मी में शीतल पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। नगर पंचायत ने कस्बा में अलग-अलग आठ स्थानों पर 19 लाख की लागत से आठ वाटर कूलर लगवाए हैं। जिससे राहगीरों को ठंडा पानी मिलेगा। अधिशासी अधिकारी राजन गुप्ता व चेयरमैन बिट्टन मलिक ने बढ़ते तापमान को देखते हुए कस्बा में आठ स्थानों पर ठंडे पानी का वाटर कूलर लगवाए हैं। बताया कि ये वाटर कूलर चन्दौसी-संभल हाइवे पर देहात पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर, जमुना तालाब के निकट, मेन मार्केट में सब्जी मंडी के निकट, नगर पंचायत कार्यालय में, मंगलवाला बस अड्डे पर, बंजारी कुआ मदरसे के पास, तेली वाला कुआं मस्जिद के पास समेत सात स्थानों पर लगा दिए गए हैं। एक लगना बाकी है। उसे भी उचित स्थान पर लगा दिया जाएगा।

### आधी रात में थाने पहुंचे एसपी तो मचा हड़कंप

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत गुरुवार को देर रात अचानक धनारी थाने पहुंचे और निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक के पहुंचने पर पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने लापरवाही पर फटकार लगाते हुए सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने गुरुवार को आधी रात में धनारी थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों की ड्यूटी और सतर्कता को चेक किया। लापरवाही सामने आने पर नाराजगी जाहिर की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सतर्कता बनाए रखी जाए। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।


संभल में आग जलाकर तप करते संत। ● अमृत विचार

### आग के बीच बैठकर तप कर रहे संत

**संभल, अमृत विचार :** नशा मुक्ति के साथ ही विश्व शांति, जगत कल्याण एवं गो रक्षा के लिए एक संत ने अपने चारों तरफ आग जलाकर बीच में बैठकर तप शुरु किया है। संत का यह तप पांच दिन तक इसी तरह चलता रहेगा। संत के तप अनुष्ठान की जानकारी मिलने पर तमाम श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। शिव धाम अमेठी निकट सगरा महाकाल के संत पागल बाबा पंचाग्नि तपस्वी ने कल्कि क्षेत्र संभल में भीषण गर्मी के बीच चारों दिशाओं में अग्नि प्रज्वलित करके बीच में बैठकर तपस्या शुरु की है। 23 मई से शुरु हुआ संत का अनुष्ठान 27 मई तक चलेगा। संत पागल बाबा पंचाग्नि तपस्वी का खास तप देखने व उनसे आशीर्वाद लेने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में कोषाध्यक्ष पंकज सांख्यधर, जिला महिला प्रमुख मीनू रस्तोगी, जिला बौद्धिक प्रमुख अतुल कुमार शर्मा, जिला सह मंत्री सुबोध कुमार गुप्ता, जिला कार्यकारिणी सदस्य वैभव गुप्ता तथा अन्य सदस्यों ने पागल बाबा के दर्शन किए।


बबराला में पार्क का उद्घाटन करते चेयरमैन व ईओ। ● अमृत विचार

### स्ट टू वंडर पार्क का उद्घाटन कर लगाए पौधे

**बबराला, अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत नगर पंचायत द्वारा राजघाट रोड पर तैयार किए गए वेस्ट टू वंडर पार्क का उद्घाटन चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय और अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। 'मेरा आंगन मेरी हरियाली' अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। इस मौके पर स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक चंद्रप्रकाश गौतम, अरविंद कुमार, प्रशांत वार्ष्णेय, कल्पित गोयल, आकाश मेडिकल, अनिल गुप्ता, विकास शर्मा, गणमान्य लोग और नगर पंचायत के कर्मचारी रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज ठाकुरद्वारा की समस्त कृषि भूमि की नीलामी दिनांक 27.05.2024 दिन सोमवार को सवेरे 10:30 बजे विद्यालय परिसर में की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति समय पर स्कूल पहुंचकर बोली में भाग ले सकते हैं। बोली को निरस्त करने का अधिकार प्रबंधन समिति का होगा।
**प्रबंधक- सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

**नाम-परिवर्तन**

मेरे नाम की स्पेलिंग Mohammad Salim से बदलकर Mohd Salim S/o Wahid Husain, R/o Bagh wali Masjid Mufti Tola, Moradabad है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

**सूचना**

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण
न्यायालय (MACT), सम्भल/चन्दौसी
MACP- 274/21
श्रीमती आशा
बनाम
मुनेन्द्र कुमार
पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी मौ0 गोविन्द नगर थानाकटघर जिला मुरादाबाद
(वाहन स्वामी)

श्रीमती आशा ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 10.06.2024 को समय से खुद या मार्फत वकील जो मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब सवालात दे सके, हाजिर हो। आपको बाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज भी पेश करें। यदि आप हाजिर नहीं होंगे तो आवेदक को सुनकर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।
न्यायालय (MACT), सम्भल/चंदौसी

**सूचना**

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण
न्यायालय (MACT), सम्भल/चन्दौसी
MACP- 133/23
श्रीमती नाजमा
बनाम
भूपसिंह
पुत्र श्याम लाल निवासी ग्राम कैली एंचौली थाना धनारी जिला सम्भल
(वाहन स्वामी)

श्रीमती नाजमा ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 10.06.2024 को समय से खुद या मार्फत वकील जो मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब सवालात दे सके, हाजिर हो। आपको बाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज भी पेश करें। यदि आप हाजिर नहीं होंगे तो आवेदक को सुनकर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।
न्यायालय (MACT), सम्भल/चंदौसी



**छठा चरण**

उत्तर प्रदेश में छठे चरण में 14 लोकसभा सीटों सुलतानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, श्रावस्ती, बस्ती, डुमरियागंज, अंबेडकरनगर, संत कबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछली शहर व भदोही में शनिवार को वोट डाले जाएंगे। 2019 के चुनाव में भाजपा इनमें नौ सीटें ही जीत सकी थी। चार सीटें लालगंज, श्रावस्ती, अंबेडकर नगर और जौनपुर में बसपा जीती थी, जबकि आजमगढ़ सीट सपा के खाते में गई थी, जो उसने उपचुनाव में गंवा दी थी। ऐसे में भाजपा के सामने इस बार पिछले प्रदर्शन से आगे निकलने की चुनौती है, तो सपा के पीडीए की असली परीक्षा पूर्वांचल में ही मानी जा रही है, जबकि बसपा के सामने पिछली बार जितनी सीटें जीतकर आधार बचाने का दबाव है। इन 14 में आधी सीटों पर भाजपा और सपा में जोरदार मुकाबला देखने में आया है। माना जा रहा है कि यहां जातीय समीकरणों के चलते पलड़ा किसी ओर भी झुक सकता है।

# छठे चरण की सीटें आठ, जिन पर लड़ाई आर-पार

**14** लोकसभा सीटों पर आज मतदान, आधी सीटों पर कड़ा संघर्ष

**09** सीटें ही इनमें भाजपा 2019 के चुनाव में जीत सकी थी।

दिग्विजय सिंह

### आजमगढ़ का रण जीतने पूरा सैफई कुनबा उतरा

आजमगढ़ सीट सपा का गढ़ मानी जाती है। 2014 में स्व. मुलायम सिंह यादव और 2019 में अखिलेश यादव यहां से जीते थे। लेकिन अखिलेश ने करहल विधासभा सीट जीतने के बाद आजमगढ़ सीट से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद हुए उपचुनाव में भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ ने सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव को हरा दिया था। इस बार फिर से धर्मेंद्र को चुनावी मैदान में उतारकर पूरा यादव कुनबा उस हार का बदला लेने को आतुर है। 2022 के उपचुनाव में धर्मेंद्र को करीब 3.04 लाख वोट मिले थे। वह निरहुआ से सिर्फ आठ हजार वोटों से पीछे रह गए थे। बसपा से उतरे गुड्डू जमाली को 2.66 लाख वोट मिले थे। उन्हें ही हार का जिम्मेदार माना गया था। जमाली अब सपा में हैं। बसपा से इस बार मशहूद अहमद ताल ठोंक रहे हैं, पर उनके लिए जमाली जैसा समर्थन नहीं नजर आ रहा है। हालांकि भाजपा सांसद निरहुआ को दूसरी जीत का पूरा भरोसा है। लेकिन आंकड़े सपा के पक्ष में दिख रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटें सपा के पास हैं। पार्टी के मुख्य वोट बैंक, मुस्लिम और यादवों की संख्या यहां ज्यादा है। अनुमान है कि यादवों की आबादी 21 फीसदी, दलितों की 20 फीसदी और मुसलमानों की आबादी 17 फीसदी है।



### श्रावस्ती में बूथ जीतने में बदला कांटे का संघर्ष

- श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र ब्राह्मण–मुस्लिम बहुल है। परिसीमन के बाद 2009 में यहां पहली बार चुनाव हुआ था। पिछले तीन चुनावों में कांग्रेस, भाजपा व बसपा एक–एक बार जीती है। 2019 में बसपा के राम शिरोमणि शर्मा ने भाजपा सांसद दद्दन मिश्रा को 5,320 मतों से हरा दिया था। कांग्रेस के धीरेंद्र प्रताप सिंह 58 हजार मत पाकर तीसरे स्थान पर थे। यहां मतों की लड़ाई को 2014 के चुनाव से समझा जा सकता है, जब भाजपा से जीते दद्दन मिश्रा को 3 .45 लाख, सपा के अतीक अहमद को 2 .60, बसपा के लालजी वर्मा को 1,94 लाख वोट मिले थे। इस बार यहां भाजपा प्रत्याशी राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के पुत्र साकेत मिश्र ने ब्राह्मण मतों के साथ पार्टी के परंपरागत मतों को अपने पक्ष में गोलबंद कर रखा है। सांसद रामशिरोमणि वर्मा बसपा छोड़कर सपा से उतरे थे। बसपा ने मुइनुद्दीन अहमद खान को मैदान में उतारा था। यहां लोगों का कहना है कि मुस्लिम मत बसपा और सपा में बंटते नजर आ रहे हैं। ऐसे में दलित मत निर्णायक भूमिका में आ गए हैं, जिन पर तीनों प्रत्याशी अपना–अपना दावा कर रहे हैं। कांटे के मुकाबले में प्रचार खत्म होने के बाद लड़ाई अब बूथ जीतने की कोशिश में बदल गई है।

### जौनपुर में वोटों का बंटवारा, भाजपा को धनंजय की ताकत

- जौनपुर सीट पर 1996 से भाजपा और बसपा को तीन–तीन बार जीत मिली है। सपा यहां दो बार जीती है। इस बार यहां बसपा से सांसद श्याम सिंह यादव, भाजपा के कृपाशंकर सिंह और सपा से उतरे पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा के बीच तिकोना मुकाबला हुआ है। भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रह चुके हैं, लेकिन रहने वाले जौनपुर के हैं। जौनपुर के बड़ी संख्या में लोग मुंबई में रहते हैं। बाहुबली धनंजय सिंह का समर्थन मिलने के बाद उनकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है। सपा ने मुस्लिम, यादव, कुशवाहा समीकरण बनाकर मुकाबला अपनी ओर खींचने का प्रयास किया है, तो बसपा दलित वोट बैंक के साथ यादव मतों में सेंधमारी कर रही है। 2019 के चुनाव में बसपा के श्याम सिंह यादव ने भाजपा के सांसद कृष्ण प्रताप सिंह को 60 हजार मतों से हराया था। कांग्रेस के देवव्रत मिश्रा 27 हजार वोट पाकर तीसरे स्थान पर थे। 2014 में भाजपा के कृष्ण प्रताप सिंह वोटों के बंटवारे से जीत गए थे। उन्हें 3 .67 लाख वोट मिले थे। बसपा के सुभाष पांडे को 2 .20, सपा के पारसनाथ यादव को 1.80, निर्दलीय धनंजय सिंह को 64 हजार, आप पार्टी के डॉ. केपी यादव को 43 हजार और कांग्रेस के रविकिशन को भी करीब 43 हजार मत मिले थे। इस बार भी यहां वोटों का बंटवारा होना माना जा रहा है।


बीपी सरोज।


प्रिया सरोज।


कृपाशंकर सरोज।

### तीनों प्रत्याशी पासी, भाजपा-सपा में सिमटती कहानी

मछली शहर लोकसभा सीट से भाजपा सांसद बीपी सरोज के सामने जीत की हैट्रिक का मौका है। लेकिन 2019 के चुनाव में मामूली अंतर से मिली जीत और इस बार सपा और बसपा से भी सरोज (पासी) बिरादरी के प्रत्याशी होने से परिस्थितियां बहुत आसान भी नहीं है। सपा से सुप्रीम कोर्ट की वकील युवा प्रत्याशी प्रिया सरोज ने उन्हें कड़ी चुनौती दी है। प्रिया सपा से तीन बार सांसद रहे और वर्तमान में जौनपुर की केराकत विधानसभा सीट से विधायक तूफानी सरोज की बेटी हैं। तीसरे प्रत्याशी बसपा से उतरे पूर्व आईएएस अधिकारी कृपाशंकर सरोज भी पासी के अलावा कॉडर मतों पर भरोसा कर रहे हैं। पिछले चुनाव में बीपी सरोज देश में सबसे कम वोटों से जीतने वाले सांसद बने थे। उन्होंने बसपा के त्रिभुवन राम को 181 वोटों से हराया था। इस बार तीनों प्रत्याशी पासी बिरादरी से होने से सवर्ण मतदाता निर्णायक नजर आ रहे है। हालांकि मछली शहर में पिछड़े और दलित मतदाता सबसे ज्यादा हैं। पिछड़ों में भी यादव अधिक हैं तो दलितों में गौतम बिरादरी सर्वाधिक है। जानकार मुकाबला भाजपा और सपा के बीच सिमटता बता रहे हैं।

### लालगंज में सपा की चुनौती तोड़ पाएगी भाजपा

- लालगंज लोकसभा सुरक्षित सीट पर पिछले सात चुनावों में चार बार बसपा, दो बार सपा जबकि भाजपा ने सिर्फ एक बार 2014 में जीत दर्ज की थी। 2019 में सपा के साथ गठबंधन में बसपा की संगीता आजाद ने 54 .01 मत प्राप्त करके भाजपा की सांसद नीलम सोनकर 37 .19 प्रतिशत को हराया था। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने लालगंज लोकसभा क्षेत्र की सभी पांच विधानसभा सीटें जीती थीं। भाजपा से नीलम सोनकर ने इस बार जीत हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाया है। यहां माने जा रहे सीधे मुकाबले में लोग सपा से उतरे दो बार के सांसद दरोगा प्रसाद सरोज की स्थिति बेहतर बताते नजर आते हैं। बसपा सांसद की जगह पार्टी से उतरीं डॉ. इंदु चौधरी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की पूरी कोशिश करती नजर आई हैं। लेकिन इस सीट पर जीत–हार का फैसला जातीय समीकरणों से ही तय होना है।

### मेनका को त्रिकोणीय संघर्ष में बहाना पड़ा है पसीना

- सुल्तानपुर लोकसभा सीट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री भाजपा सांसद मेनका गांधी को नौवीं बार संसद में पहुंचने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ा है। 2019 में वह पहली बार सुल्तानपुर से चुनाव लड़ी थीं और कांटे के मुकाबले में बसपा के चंद्रभद्र सिंह को 14 हजार वोट से हराया था। इस बार सपा प्रत्याशी पूर्व राज्य मंत्री रामभुआल निषाद ने बाहरी होने के बाद भी सजातीय मतों तथा यादव–मुस्लिम मतों के सहारे उन्हें तगड़ी चुनौती दे रखी है। बसपा के स्थानीय युवा प्रत्याशी उदराज वर्मा ने भी कड़ी मेहनत की है। उन्हें कुर्मी और कॉडर वोट का सहारा है। पिछले तीन चुनावों में बसपा यहां दूसरे नंबर पर रही है। लोकसभा क्षेत्र की चार विधानसभा सीटों पर भाजपा तथा एक में सपा का कब्जा है। मुकाबला कड़ा समझकर ही मेनका गांधी ने पूरे चुनाव प्रचार की कमान खुद संभाले रखी है। मतदान से पहले यहां त्रिकोणीय संघर्ष की चर्चा है।

## जातीय बिसात पर शह–मात के खेल में अब वोटर की चाल

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** पूर्वांचल में लोकसभा चुनाव की जातीय बिसात पर शह और मात के खेल में सपा ने इस बार गैर-यादव ओबीसी का दांव चला है तो भाजपा ने सवर्ण कार्ड से किलेबंदी करते हुए ओबीसी वोट बैंक को अपने पाले से बाहर नहीं जाने देने की व्यूह रचना की है। छठे चरण के चुनाव वाली 14 सीटों पर इंडिया गठबंधन के तहत 12 सीटों पर सपा ने चुनाव लड़ा है, जबकि कांग्रेस ने इलाहाबाद तो टीएमसी ने भदोही में किस्मत आजमाई है। सपा का सिर्फ डुमरियागंज में ही अगड़ी जाति से भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी को उतारा है। बाकी 11 सीटों पर उसने पिछड़ों और दलित को मौका दिया था। ऐसे में सपा के गैर-यादव ओबीसी प्रत्याशियों ने भाजपा को कड़ी देकर आधा दर्जन सीटों पर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। सपा के श्रावस्ती, बस्ती, प्रतापगढ़, अंबेडकरनगर सीट पर कुर्मी समुदाय के प्रत्याशी लड़ाई में हैं। संतकबीरनगर और सुल्तानपुर सीट पर निषाद जाति और फूलपुर और जौनपुर में मौर्य समाज के उम्मीदवारों ने मजबूती से मुकाबला किया है। इसी तरह लालगंज और मछलीशहर सुरक्षित सीट पर सपा के पासी समुदाय के प्रत्याशियों ने भाजपा की राह में कांटे बो रखे हैं। अकेले आजमगढ़ में यादव बिरादरी से सपा मुखिया अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव चुनाव लड़ रहे हैं। उधर, इंडिया गठबंधन की सहयोगी पार्टी कांग्रेस ने इलाहाबाद में भूमिहार समाज के उज्जवल रमण सिंह को उतारकर भाजपा के ब्राह्मण प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी की नाक में दम कर रखी है, तो भदोही में तृणमूल कांग्रेस से ब्राह्मण प्रत्याशी ललितेश पति त्रिपाठी समीकरण उलटने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं।

- सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए में गैर यादव ओबीसी रणनीति का होने जा रहा इम्तिहान
- धनंजय सिंह और राजा भैया का कहां और कितना चला सिक्का, इसका भी चल जाएगा पता
- सुभासपा, अपना दल (एस), निषाद और जनवादी पार्टी से भाजपा को कितना मिलेगा आक्सीजन

### भाजपा की सवर्ण और ओबीसी दांव से कमल खिलाने की रणनीति

- भाजपा छठे चरण की सभी 14 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद के बेटे प्रवीण निषाद भाजपा के कमल निशान पर ही उतरे हैं। भाजपा ने इस चरण की एक दर्जन सामान्य सीटों में अधिकांश पर अगड़ी जाति के ही प्रत्याशी उतारे हैं। सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, इलाहाबाद और बस्ती सीट पर भाजपा के प्रत्याशी ब्राह्मण हैं, जबकि जौनपुर और डुमरियागंज सीट पर ठाकुर बिरादरी के प्रत्याशी हैं। पार्टी ने आजमगढ़ में यादव, प्रतापगढ़ में तेली, फूलपुर में कुर्मी और संत कबीर नगर तथा भदोही में निषाद समुदाय को प्रतिनिधित्व दिया है।

### ओबीसी का वर्चस्व, उपजातियां भी नहीं कम

- पूर्वांचल की पूरी सियासत में ओबीसी का वर्चस्व माना जाता है। यहां कई सीटों पर ओबीसी वोट 50 फीसदी तक है। ऐसे में यह वोट बैंक जीत–हार तय कर देता है। अनुमानित आंकड़ों के मुताबिक पूर्वांचल में मुसलमान 17 फीसदी, यादव 14 फीसदी, अन्य पिछड़ा वर्ग 27 फीसदी दलित 22 फीसदी, ब्राह्मण 10 फीसदी और राजपूत सात फीसदी से कुछ अधिक माने जाते हैं। राजपूत वोटों को भाजपा ने धनंजय सिंह से जौनपुर ही नहीं आसपास की कई सीटों पर साधने की कोशिश की है, हालांकि राजा भैया की नाराजगी पार्टी को दो–तीन सीटों पर परेशान कर रही है। पूर्वांचल की कई सीटों पर राजभर, कुर्मी, मौर्या, पासी, निषाद, चौहान (नोनिया) जैसी गैर यादव ओबीसी जाति के वोटर इतनी संख्या में हैं कि वो किसी भी दल को जीत दिला सकते हैं। भाजपा ने इसे देखते हुए ही ओमप्रकाश राजभर की पार्टी सुभासपा, निषाद पार्टी, अपना दल (एस) और जनवादी पार्टी को अपने साथ जोड़कर जीत का ताना बाना बुना है।

### नोनिया मतदाताओं में असमंजस की स्थिति

- घोसी संसदीय सीट पर नोनिया और राजभर मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या है। हालांकि ये दोनों जातियां भाजपा के परंपरागत मतदाता के रूप में गिनी जाती हैं। 2022 के विधानसभा और 2019 के लोकसभा चुनाव में इनके मतों में जबरदस्त बंटवारा होने से इस सीट पर बसपा को लाभ मिला था। बसपा से नोनिया जाति के पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान के मैदान में आने और जनवादी पार्टी अध्यक्ष संजय चौहान के भाजपा के साथ जाने से नोनिया चौहान मतदाता यहां असमंजस की स्थिति में दिख रहा है।

### लालगंज में राजपूत और पासी मतदाता दिख रहे हैं निर्णायक

- लालगंज सीट पर राजपूत मतदाताओं का दबदबा है। पासी और सोनकर मतदाता भी यहां निर्णायक भूमिका निभाते हैं। 2014 में सोनकर और पासी मतदाताओं का साथ पाकर भाजपा सीट जीत गई थी लेकिन 2019 के लोकसभा और 2022 के विधानसभा चुनाव में ये मतदाता सपा के साथ चले गए थे। मछलीशहर में पासी जाति के ही उम्मीदवार सपा, भाजपा और बसपा से होने से पासी समाज के मतदाता असमंजस में हैं। यहां इस जाति का एकमुश्त वोट किसी दल के साथ जाता नहीं दिख रहा है। जौनपुर में कोइरी, कुशवाहा मतदाताओं का भाजपा पर जबरदस्त प्रभाव है पर बाबू सिंह कुशवाहा के सपा से आने के बाद सपा सेंधमारी करती दिख रही है। बसपा से यादव जाति के उम्मीदवार के कारण यादव भी बंटा दिख रहा है।

**अंबेडकरनगर में बसपा ने खड़ी की सपा के लिए मुश्किल**

अंबेडकरनगर में आठ में से छह चुनाव बसपा ने जीते हैं। लेकिन इस बार यहां समीकरण बदले नजर आ रहे हैं। बसपा के सांसद रितेश पांडेय ने भाजपा से चुनाव लड़ा है। उनको बसपा सरकार में मंत्री रहे और छह बार के विधायक लालजी वर्मा ने सपा उम्मीदवार के रूप में कड़ी टक्कर दी है। इनके मुकाबले बसपा ने करीब ढाई लाख मुस्लिम मतदाताओं को देखते हुए जलालपुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कमर हयात को मैदान में उतारा था, जिन्होंने लड़ाई को त्रिकोणीय बनाकर सपा के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। 2019 में यहां बसपा के रितेश पांडेय ने भाजपा के मुकुट बिहारी को 96 हजार मतों से हरा दिया था। इससे पहले 2014 में भाजपा के हरिओम पांडे जीते थे। लेकिन बसपा के राकेश पांडेय को 2 .92 लाख, सपा के राममूर्ति वर्मा को 2 .34 लाख और कांग्रेस के अशोक सिंह को 23 हजार मत मिले थे। 2009 में रितेश पांडेय के पिता राकेश पांडेय बसपा से सांसद चुने गए थे।

**बस्ती में बसपा के दांव से भाजपा को हैट्रिक की आस**

बस्ती लोकसभा सीट पर 2019 में जोरदार मुकाबला हुआ था। यहां इस बार भाजपा प्रत्याशी सांसद हरीश द्विवेदी ने जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कड़ी मेहनत की है। पिछली बार उन्होंने बसपा के रामप्रसाद चौधरी को 30,354 मतो से हराया था। इस बार भी हरीश द्विवेदी के सामने पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी हैं, लेकिन वह सपा से चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि बसपा से ताल ठोंक रहे लवकुश पटेल ने सपा की मुश्किलें बढ़ाई है। बस्ती लोकसभा क्षेत्र से अब तक सपा को जीत नसीब नहीं हुई है, बसपा दो बार चुनाव जीत चुकी है। लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों में तीन पर सपा काबिज है, जबकि भाजपा और सुभासपा के पास एक–एक सीट है। यहां करीब सात लाख ओबीसी मतदाताओं में कुर्मी वोट का बंटवारा होता साफ नजर आ रहा है, जबकि पांच लाख से ज्यादा सवर्ण वोटों का बड़ा हिस्सा भाजपा के समर्थन में खड़ा है।

**मतदान की तैयारी**


हरियाणा के अंबाला में मतदान के लिए पोलिंग बूथ पर रवानगी से पहले ईवीएम की कंट्रोल और बैलेट यूनिट को जोड़कर उसे परखते मतदान कार्मिक। यहां शनिवार को वोट डाले जाएंगे।

### हरियाणा में वोटों के बंटवारे से भाजपा जीत को आशवस्त

**चुनाव डेस्क।** हरियाणा में छठे चरण में सभी 10 लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान होगा। पिछली बार क्लीन स्वीप करने वाली भाजपा को इस बार कांग्रेस के साथ कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि भाजपा नेताओं को उम्मीद है कि विपक्षी दलों कांग्रेस, इनेलो और जेजेपी के बीच वोटों के बंटवारे से वह नुकसान उठाने से बच जाएगी। राज्य में 10 साल की सत्ता विरोधी लहर से जूझ रही भाजपा को तीन माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता बरकरार रखने की भी चिंता है। जानकार कह रहे हैं कि हरियाणा में पिछले 15–20 साल में पहली बार ऐसी सत्ता विरोधी लहर दिख रही है। ग्रामीण क्षेत्र में जाटों और किसानों की नाराजगी ईवीएम पर निकली तो चौंकाने वाले रिजल्ट भी आ सकते हैं। हालांकि भाजपा के रणनीतिकार 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिले 58 .02% वोटों के कारण थोड़े आश्वस्त नजर आ रहे हैं। कांग्रेस को 2019 में में 28 .42% वोट ही मिले थे। ऐसे में करीब 30% वोटों का फासला तय करना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है। हालांकि जाटों के एकमुश्त वोट पाकर कांग्रेस इस काम को अंजाम दे सकती है। राज्य में जाटों की आबादी लगभग 27 फीसदी है।

## केजरीवाल और मालीवाल के साथ समस्याएं भी बनीं मुद्दा

### दिल्ली की सातों सीटों पर भाजपा के सामने क्लीन स्वीप तो आप-कांग्रेस के लिए वोट ट्रांसफर की चुनौती

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिहाई के बाद आम आदमी पार्टी के प्रचार अभियान में दम दिखा। लेकिन उनके खिलाफ शराब घोटाला और सांसद स्वाति मालीवाल से कथित बदसलूकी का मुद्दा भी खूब चर्चा में रहा है। अब देखने वाली बात यह है कि गठबंधन में चुनाव लड़ रहीं कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अपने सौ फीसदी वोट एक दूसरे को ट्रांसफर करा पाती हैं या नहीं, क्योंकि 2019 में दिल्ली की सभी साट सीटों पर भाजपा की जीत का अंतर इतना बड़ा है कि उसे पाटना आसान काम नहीं है।

**पूर्वी दिल्ली में आरोप-प्रत्यारोप से उलझे मतदाता :** पूर्वी दिल्ली सीट पर भाजपा के हर्ष मल्होत्रा का मुकाबला आम आदमी पार्टी के विधायक कुलदीप कुमार ने जमकर किया है। यहां केजरीवाल ने खास प्रचार किया। प्रचार अभियान में गाजीपुर लैंडफिल साइट, जीएसटी और सीलिंग कार्रवाई के साथ कॉलोनियों को नियमितीकरण जैसे मुद्दे पर खूब आरोप-प्रत्यारोप हुआ।

**नई दिल्ली में दो वकीलों की रोचक लड़ाई:** नई दिल्ली लोकसभा सीट पर भाजपा से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी वकील बांसुरी स्वराज का आम आदमी पार्टी के वकील सोमनाथ भारती से मुकाबला हुआ। दोनों ही उम्मीदवारों का ये पहला लोकसभा चुनाव था। यहां व्यापारियों की समस्या के साथ ही पानी, सीवर और पार्किंग के मुद्दे प्रचार के दौरान हावी नजर आए।

**पश्चिमी दिल्ली में प्रत्याशियों ने काम बनाए मुद्दा :** पश्चिमी दिल्ली सीट पर आम आदमी पार्टी से उतरे पूर्व सांसद महाबल मिश्रा और भाजपा की कमलजीत सेहरावत के बीच दिलचस्प जंग हुई है। महाबल मिश्रा अपने सांसद काल में कराए कामों की दुहाई देकर केजरीवाल सरकार के काम पर वोट मांगते रहे। उधर कमलजीत दक्षिण दिल्ली नगर निगम में मेयर रहते कराए काम गिनाकर मोदी की गारंटी याद दिलाती रहीं।

**दक्षिणी दिल्ली में बुनियादी सुविधा दिलाने का वादा:** दक्षिणी दिल्ली सीट से भाजपा विधायक रामवीर सिंह बिधूड़ी और आम आदमी पार्टी के सही राम पहलवान के बीच हुए संघर्ष में प्रचार के दौरान पेयजल, सीवर, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था और कच्ची कॉलोनियों में बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसी दिक्कतें छाई रहीं।




### चांदनी चौक में समस्याएं आगे करके भाजपा पर प्रहार

- चांदनी चौक सीट से भाजपा के नए चेहरे प्रवीण खंडेलवाल के खिलाफ कांग्रेस के पुराने नेता जयप्रकाश अग्रवाल ने दम लगाकर मुकाबला किया है। उन्होंने प्रचार के दौरान स्थानीय मुद्दों को आगे करके बढ़त बनाने की कोशिश की है। भाजपा के राम मंदिर, विकसित भारत, मोदी की गारंटी जैसे प्रचार का जवाब उन्होंने बिजली, पानी, पार्किंग, सफाई और बाजारों में तारों के जंजाल जैसी समस्याएं उठाकर दिया है।

### उत्तर पूर्वी में पूर्वांचल-बिहार के वोटों का घमासान

- उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा के दो बार के सांसद मनोज तिवारी और कांग्रेस के कन्हैया कुमार के बीच घमासान छिड़ा रहा है। दो पूर्वांचलियों की लड़ाई में यहां बाहरी का मुद्दा भी छाया रहा। यहां भी कन्हैया ने प्रचार के दौरान ट्रैफिक कनेक्टिविटी, यातायात जाम, पार्किंग, चिकित्सा, शिक्षा जैसे मुद्दे उठाकर मनोज तिवारी के विकास के दावों को घेरा।

### उत्तर पश्चिमी सीट पर क्या कांग्रेस को जीत दिला पाएंगे दलित नेता उदित राज

उत्तर पश्चिमी दिल्ली सुरक्षित सीट भाजपा के योगेंद्र चंदोलिया को कांग्रेस से उतरे पूर्व केंद्रीय मंत्री उदित राज की कड़ी चुनौती से पार पाना है। यहां प्रचार के दौरान विकास का मुद्दा जोर मारता नजर आया। कच्ची कॉलोनियों का नियमितीकरण, ग्रामीण इलाकों तक यातायात कनेक्टिविटी और मेट्रो पहुंचाने के साथ जमीन का सर्किल रेट मुद्दा बने।

## सार-संक्षेप

### यूके में रॉयल अवार्ड से सम्मानित हुईं बहराइच की पिंक रिक्शा चालक आरती



**बहराइच, अमृत विचार :** जनपद बहराइच के रिसिया ब्लॉक की रहने वाली पिंक रिक्शा चालक आरती को 22 मई को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लंदन में आयोजित कार्यक्रम में प्रिंस ट्रस्ट के द्वारा यूके रॉयल अवार्ड से नवाज़ा गया है। आगा ख़ान फाउण्डेशन से जुड़ी हुई आरती को ज़िला प्रशासन की ओर से 02 अक्टूबर 2024 को उत्तर प्रदेश सरकार की पिंक ई रिक्शा स्कीम के तहत ई-रिक्शा मिला था। यूके रॉयल अवार्ड के लिए सम्पूर्ण विश्व से नामांकन मांगा गया था। जिसमें ई-रिक्शा चालक आरती का नाम भी भेजा गया था। कार्यक्रम के लिए लन्दन आने जाने के लिए प्रिंस ट्रस्ट द्वारा आरती को सहयोग किया गया और आगा ख़ान फाउण्डेशन की सीईओ टिनी साहनी और कार्यक्रम अधिकारी सीमा शुक्ला ने कार्यक्रम में आरती के साथ प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त आरती सहित अन्य प्रतिभागियों के विश्व प्रसिद्ध बकिंघम पैलेस में किंग चार्ल्स से मुलाकात का अवसर भी प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने रिक्शा चालक आरती को यूके रॉयल अवार्ड मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि यह जनपद के लिए गौरव की बात है।

### आयुर्वेदिक ऑयल व कैप्सूल प्रतिबंधित मुक्त

**लखनऊ, अमृत विचार :** जांच के बाद प्रतिबंधित आयुर्वेदिक दवाओं में बायना ऑयल एवं बॉयना प्लस कैप्सूल की ब्रिकी व उत्पादन के लिए छूट प्रदान कर दी गई है।इसके लिए आयुर्वेद निदेशक द्वारा अनुमति जारी कर दी गई है। आयुर्वेद निदेशक डॉ.प्रकाश चंद्र सक्सेना ने बताया कि बाजार में ब्रिकी होने वाली कई आयुर्वेदिक दवाओं में शास्त्रीय औषधि के मिश्रण की पुष्टि हुई थी, जो कि नियमानुसार गलत थे, जिसे केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा नियमों में संशोधित कर मिश्रण को अनुमति प्रदान की जा चुकी है। जिसके बाद शास्त्रीय औषधि मिश्रित दवाओं को प्रतिबंध मुक्त कर दिया गया है। मगर, ऐलोपैथिक दवाओं के स्टेरॉयड युक्त आयुर्वेदिक दवाओं पर प्रतिबन्ध यथावत है। उक्त क्रम में ही अक्षय आयुर्वेद भवन फर्रुखाबाद द्वारा निर्मित बायना ऑयल एवं बॉयना प्लस कैप्सूल पर लगी रोक हटा दी गई है।

### अनपरा की एक इकाई ठप, ललितपुर की फिर खराब

**लखनऊ, अमृत विचार :** अनपरा बिजलीघर की एक इकाई शुक्रवार को ठप हो गई, जबकि पहले से ठप चल रही ललितपुर इकाई को चालू करने का प्रयास किया गया, पर चालू होने के बाद इकाई दोबारा ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। हालांकि एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आपूर्ति लेकर स्थिति को काबू में किया गया। इस इकाई के 26 मई को दोबारा उत्पादन में वापस लाने की उम्मीद जताई जा रही है। ललितपुर की 600 मेगावाट क्षमता की इकाई को दोपहर में चालू किया गया, पर इसमें फिर खराबी आ गई। इस इकाई के 27 मई को चालू होने की संभावना है। पहले से ठप ओबरा की दो मेगावाट क्षमता की इकाई के 25 मई को चालू होने की संभावना है।इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने प्रदेश में बिजली आपूर्ति व्यवस्था शीघ्र दुरुस्त करने की मांग की है। उन्होंने कॉरपोरेशन प्रबंधन से मांग करते हुए कहा कि अभियंताओं के प्रशिक्षण व बैठकों पर तत्काल रोक लगाई जाय और युद्ध स्तर पर बिजली संकट दूर करने का कार्य शुरू किया जाय। पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने कहा कि अधिकारी बढ़ रही गर्मी में सजगता बरतें। हर हाल में बिजली आपूर्ति सही रखी जाय।

### पुलिस ऑफिस में आत्मदाह का प्रयास

**कानपुर, अमृत विचार :** करोड़ों के गबन का इल्जाम लगने और पुलिस के सुनवाई न करने पर शुक्रवार को एक युवक पुलिस ऑफिस पहुंचा और केरोसिन डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। जिससे वहां मौजूद पुलिसकर्मियों में अफरातफरी मच गई। आनन-फानन पुलिसकर्मियों ने युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली थाने भेज दिया। जहां युवक से पूछताछ की जा रही है। शुक्रवार सुबह पुलिस आयुक्त जन सुनवाई में उस वक्त हड़कंप मच गया जब जूही लाल कालोनी निवासी आशीष कुमार श्रीवास्तव ने दबंगों से आजिज आकर कमिश्नर मुख्यालय में केरोसिन डाल कर आत्मदाह करने की कोशिश की। इस दौरान मुख्यालय में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे तुरंत पकड़ लिया और थाना कोतवाली को सौंप दिया। पीड़ित आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जूही लाल कालोनी में पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने 2005 में नौकरी दिलवाने के नाम पर करोड़ों रुपये का गबन कर इल्जाम उस पर लगा दिया। आरोप है कि एक संस्था के नाम से रुपया बटोरा गया। कई बार थाना पुलिस और आलाधिकारियों के पास जाकर जब सुनवाई नहीं हुई तो उसने मजबूरन पुलिस कमिश्नर की जनसुनवाई केंद्र मुख्यालय पर केरोसिन डाल कर आत्मदाह की कोशिश की जिस पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने पकड़ लिया।

### जहरीला पदार्थ खाकर मुख्य आरक्षी ने दी जान

**लखनऊ, अमृत विचार :** सुल्तानपुर पुलिस लाइन में तैनात मुख्य आरक्षी संजय कुमार गंगवार (38) ने शुक्रवार को जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक वह काफी दिनों से लिवर की बीमारी से परेशान था। इलाज कराने के लिए अवकाश लेकर रिजर्व पुलिस लाइन में रह रहे परिवार के पास आया था। प्रभारी निरीक्षक महानगर अखिलेश कुमार मिश्रा के मुताबिक फिरोजाबाद निवासी संजय कुमार गंगवार यूपी पुलिस में मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात थे। उनका परिवार रिजर्व पुलिस लाइन की घरैया लाइन स्थित 262 नंबर मकान में रहता था। परिवार में पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा है। वर्तमान में उनकी तैनाती सुल्तानपुर पुलिस लाइन में थी। शाम करीब 6 बजे सूचना मिली की संजय ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। उसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचा गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### ओबीसी सूची में शामिल हैं ये जातियां

**लखनऊ, अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से शासन को भेजी गई ओबीसी सूची में 79 जातियों को क्रमवार उल्लेख किया गया है। इसमें पहले नंबर पर अहीर व आखिरी नंबर पर कलाल जाति शामिल हैं। पहले नंबर पर अहीर के कॉलम में यादव, युदवंशीय व ग्वाला का उल्लेख है। दूसरे नंबर पर अरख, अर्कवंशीय, तीसरे पर काछी, काछी-कुशवाहा, शाक्य, चौथे पर कहार, कश्यप, पांचवें पर केवट, मल्लाह, निषाद का उल्लेख है। इसी तरह, बाकी जातियों में किसान, कोइरी, कुम्हार, प्रजापति, कुर्मी, चनऊ, पटेल, पटनवार, कुर्मी मल्ल, कुर्मी सैथवार, कम्बोज, कसगर, कुजड़ा या राइन, गोसाई, गूजर, गड़ेरिया, पाल, बघेल, गद्दी, घोसी, गिरि, चिकवा, कस्साव, कुरैशी, दर्जी, इदरीसी, नायर, फकीर, बंजारा, रंकी, मुकेरी, मुकेरानी, बढ़ई, बढ़ई-सैफी, विश्वकर्मा, माली, सैनी, मनिहार, कचेर, लखेरा, मुराव या मुराई, मौर्य, मोमिन अंसार, मिरासी, मुस्लिम कायस्थ, लोध, लोधा, लोधी, लोट, लोधी राजपूत, लोहार, लोनिया, नोनिया, लोनिया-चौहान, सोनार, सुनार, स्वर्णकार, स्वीपर जो एससी में शामिल न हों, राय सिख, सक्का-भिश्ती, भिश्ती-अब्बासी, धोबी जो एससी में शामिल न हो, कसेरा, ठठेरा, ताम्रकार, संगतराश, हंसीरी, मोची, खागी, दांगी, धाकड़, गाड़ा, तंतवा, जोरिया, पटवा, पटहरा, पटेहर, देववंशी व जाट आदि शामिल हैं।

# साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने की तैयारी

## शासन के निर्देश पर गृह और साइबर क्राइम विभाग की टीम बनाई गई

विनय सिंह, लखनऊ

● चुनाव बाद 57 थानों के लिए 1425 कार्मिकों की होगी भर्ती



**अमृत विचार:** माफिया पर कार्रवाई करने के बाद अब राज्य सरकार साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने जा रही है। इसके लिए संस्थागत रूप से कार्यप्रणाली विकसित कर कार्ययोजना तैयार की गई है। आचार संहिता समाप्त होते ही उप्र. पुलिस का साइबर क्राइम विभाग अपनी टीम के साथ प्रदेशभर में सक्रिय हो जाएगा।

इसके लिए हर जिले में जरूरी संसाधन भी जुटाए जा रहे हैं। 18 जिलों को छोड़ शेष सभी जिलों में थाने तैयार हैं। शेष थाने जगह न मिल पाने की स्थिति में जिलों की पुलिस लाइनों में खोलने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही 1425 कार्मिकों की भर्ती करके थानों का संचालन शुरू किया जाएगा। साइबर अपराध रोकने के लिए गृह विभाग स्वयं नेतृत्व कर रहा है।

साइबर अपराध से पूरा प्रदेश जूझ रहा है। यह अपराध उप्र. पुलिस के लिए चुनौती बन चुकी है। पूरे प्रदेश में प्रतिदिन हजारों मामले साइबर अपराध के दर्ज हो रहे हैं। ऐसी स्थित में प्रदेश सरकार ने इसे बड़ी चुनौती मानते हुए इसके लिए संस्थागत कार्यप्रणाली विकसित करने का निर्देश दिया है। गृह विभाग और साइबर क्राइम की टीम ने साइबर अपराधियों पर प्रहार करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली है। विशेष सचिव गृह योगेश कुमार स्वयं तैयारी की समीक्षा कर रहे हैं। चुनाव समाप्त होने के बाद इस दिशा में ठोस कदम उठाया जाएगा।

### इन अपराधों को माना जाएगा साइबर अपराध

यूपीआई अकाउंट टेकओवर फ्राड, फिशिंग लिंक, विशिंग काल्स के माध्यम से किए जाने वाले अपराध, एटीएम कार्ड स्किमिंग फ्राड, स्क्रीन शेयरिंग, रिमोट एक्सेस ऐप के माध्यम से होने वाले फ्राड, सिम स्वैपिंग, सिम क्लोनिंग, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, पहचान चोरी, एईपीएस फ्राड, साइबर बुलिंग, ई-वालेट फ्राड, नेट बैंकिंग फ्राड, पोंजी स्कीम, लोन एप फ्राड, आनलाइन जॉब फ्राड, लोन एप फ्राड, क्यू आर कोड फ्राड, लॉटरी फ्राड, जूस जैकिंग फ्राड, ई-मेल द्वारा कारित फ्राड, डीप फेक वीडियो फ्राड, सेक्सटार्सन फ्राड (हनी ट्रैप), वेबसाइट फ्राड, पिरामिड स्कीम फ्राड, ऑनलाइन जुआ, फर्जी बैंक रिकवरी, व्हाट्सएप हैकिंग, बैंकिंग फ्राड, कॉल क्पूफिंग, ऑफर फ्राड, क्रेडिटकार्ड एक्टीवेशन फ्राड, डिस्काउंट फ्राड, पेमेंट स्पूफिंग एप्लीकेशन, क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड, रैंसमवेयर अटैक आदि को साइबर फ्राड की श्रेणी में माना जाएगा।

### इन्होंने तैयार की है कार्ययोजना

साइबर अपराध रोकने के लिए पूरी कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। साइबर क्राइम के पुलिस उपमहानिरीक्षक पवन कुमार, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार यादव, पुलिस उपाधीक्षक योगेंद्र कुमार ने प्रदेश में साइबर क्राइम थानों के संचालन की कार्ययोजना तैयार की है। गृह विभाग इसमें सहयोग कर रहा है।

# गंगा में डूबने से 5 बच्चों समेत 6 लोगों की मौत

संवाददाता, बिल्हौर/ कानपुर



कानपुर में बाबा घाट पर शुक्रवार शाम गंगा में डूबे युवकों के कपड़े देखता पुलिसकर्मी।

**अमृत विचार :** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शुक्रवार को दो हादसों में पांच बच्चों की गंगा में डूबने से मौत हो गई। अरौल क्षेत्र के आंकिन गंगा घाट पर तीन, जबकि शिवराजपुर के सरैयां घाट पर दो बच्चों की जान गई। शाम को कानपुर में कोतवाली थाना क्षेत्र के बाबा घाट के पास तीन युवक नहाते समय गंगा में डूब गए। एक का शव मिल गया जबकि दो लापता हैं।

पहला हादसा अरौल थाना क्षेत्र आंकिन गंगा घाट पर सुबह लगभग नौ बजे हुआ। यहां आंकिन गांव के फूल सिंह की छह वर्षीया पुत्री एकता, फूल सिंह के भाई हरिप्रसाद की 10 वर्षीया पुत्री प्रांशी और उसका छोटा भाई ज्ञान खेलते- खेलते गंगा के किनारे पहुंच गए। तीनों बच्चे गंगा में उतर गए और बीच धारा में जाकर डूबने लगे। परिजनों ने जब बच्चों को गंगा में डूबते देखा तो छलांग लगा दी और जैसे-तैसे तीनों बच्चों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक तीनों की सांसें थम चुकी थीं। उधर, शिवराजपुर थाना क्षेत्र के सरैयां गंगा घाट पर शुक्रवार दोपहर गंगा में डूबने से दो किशोरों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चे को बचा लिया गया। एक अन्य हादसा कानपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में हुआ।

# डेढ़ साल के कुत्ते की पीटकर हत्या, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चौक के दल्लाली मोहल्ले में डेढ़ साल के कुत्ते की डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पशु प्रेमी फरहत बानों दुर्रानी ने चौक थाने में सईद पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। फरहत ने पुलिस पर भी लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

पशु प्रेमी फरहत बानो के मुताबिक दल्लाली मोहल्ले की गली में करीब डेढ़ साल का एक कुत्ता रहता था। छह महीने पहले कुत्ते के मां की पीटकर हत्या कर दी गई थी। स्थानीय लोगों ने पहले उसकी जांघ पर मारा। इससे संक्रमण हो गया और कुत्ते की मौत हो गई। फरहत ने बताया कि कुत्ते के पैर में मारा गया था। मैं, उसका इलाज कर रही थी। पैर में जख्म ज्यादा गहरा था। फरहत ने बताया कि चौकी इंचार्ज पाटानाला को मामले की शिकायत 15 मई को दी। महिला का कहना है कि पहली बार शिकायत देने के बाद पुलिस ने शिकायत गायब कर दी।

### मुंह पर डंडे से किया वार

फरहत का आरोप है कि 14 मई की रात में कुत्ता सो रहा था। इसी दौरान उसकी पीटकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि कुत्ता सो रहा था। इस दौरान उसके मुंह में डंडे मारे गए। इससे उसके मुंह से खून निकल रहा था। दो दिन बाद कुत्ते का शव उठाने पर उसकी नाक का हिस्सा और दांत वहां पर मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंच कर देखा और तस्वीरें भी लीं।

# राममंदिर में मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम मंदिर में अब मोबाइल फोन ले जाना आज 25 से पूर्णतया प्रतिबंधित कर दिया गया है। अब से पहले कई लोग मोबाइल फोन लेकर अंदर जाते थे। वहां तस्वीरें खींचते थे।

मंडलायुक्त गौरव दयाल ने आईजी प्रवीण कुमार और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को बैठक की। इसमें राम मंदिर में मोबाइल फोन ले जाने से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्रीराम मंदिर परिसर में 25 मई से मोबाइल फोन परिसर के अंदर ले जाना पूर्णतया प्रतिबंधित होगा।

# एक साथ दो डिग्रियां लेने के आधार पर रोजगार समाप्त नहीं किया जा सकता

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक साथ दो शैक्षणिक कार्यक्रम पूर्ण करने के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम, 1921 के विनियमों के अनुसार कोई भी व्यक्ति हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा एक साथ नियमित छात्र या निजी छात्र के रूप में नहीं दे सकता है और यदि कोई व्यक्ति एक साथ दोनों परीक्षाओं में उपस्थित पाया जाता है तो उसका परिणाम स्वतः अमान्य घोषित कर दिया जाएगा।

ऐसे उम्मीदवारों के परिणाम को अमान्य घोषित करने का कार्य संबंधित परीक्षा बोर्ड द्वारा किया जाता है। इसी प्रकार उच्च शिक्षा के मामले में अप्रैल 2022 से पहले एक साथ दो नियमित पाठ्यक्रम करने पर प्रतिबंध था और अगर किसी व्यक्ति ने ऐसी परीक्षाएं दी हैं तो उसे संबंधित परीक्षा निकाय द्वारा ही रद किया जा सकता है, लेकिन केवल इस आधार पर किसी व्यक्ति का रोजगार समाप्त नहीं किया जा सकता कि उसने एक साथ दो डिग्रियां अर्जित की हैं। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि मौजूदा मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई जांच में यह सिद्ध हुआ है कि विपक्षी/अध्यापिका ने एक साथ दो शैक्षिक पाठ्यक्रम पूर्ण किए हैं, लेकिन उनमें से किसी को भी सक्षम परीक्षा बोर्ड द्वारा अमान्य घोषित नहीं किया गया।

अतः केवल इस आधार पर उसकी सेवाएं समाप्त नहीं की जा सकती हैं कि उसने एक साथ दो डिग्रियां ली हैं। न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने मैनपुरी की लक्ष्मी शाक्य को बकाया वेतन भुगतान करने के साथ ही सेवा में नियमित करने के निर्देश दिए।

### राजा बैलेट बॉक्स, ईवीएम से पैदा होगा : राजभर

**लखनऊ, अमृत विचार :** कई अवसरों और चुनावों में भाजपा के सहयोगी रहे कुंडा के बाहुबली विधायक राजा भैया के खिलाफ राजग में शामिल दलों ने ही मोर्चा खोल दिया है। पहले अपना दल नेता अनुप्रिया पटेल ने राजा भैया को लेकर तीखी टिप्पणी की। अब भाजपा की एक अन्य सहयोगी पार्टी सुभासपा के प्रमुख ओपी राजभर ने यहां तक कह दिया कि अब रानी के पेट से राजा पैदा नहीं होगा। कहा कि राजा भैया का पूर्वांचल की राजनीति में कोई असर नहीं है। अब बैलेट बॉक्स व ईवीएम से जो जीतेगा वही राजा बनेगा।

### मतदान में भाजपा का ग्राफ गिरता रहाः अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का दावा है कि इस लोकसभा चुनाव में उप्र. से भाजपा की विदाई होना तय है। उन्होंने कहा कि लगातार पांच चरणों के मतदान में भाजपा का ग्राफ गिरता रहा है। पूर्वांचल से भाजपा का पूरी तरह से सफाया होगा। शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में सपा प्रमुख ने यह भी दावा किया कि छठवें और सातवें चरण के चुनाव में इंडिया गठबंधन लोकसभा की 27 की 27 सीटें जीतकर इतिहास रचने जा रहा है। अखिलेश यादव के मुताबिक, जबसे कांग्रेस और सपा ने मिलकर इंडिया गठबंधन बनाया है तब से दिल्ली और लखनऊ के डबल इंजन आपस में टकराने लगे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार से परेशान मतदाता भाजपा का सफाया कर रहे हैं। वाराणसी सीट भी जनता के गुस्से से बचने वाली नहीं है। जनता ने ठान लिया है कि इस बार भाजपा को सत्ता में फिर नहीं आने देना है।

# दिसंबर तक होगा राम मंदिर के शिखर तक काम

अयोध्या कार्यालय



राम जन्मभूमि परिसर में बैठक लेते निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र व बैठक में मौजूद लोग।

**अमृत विचार:** श्रीराम मंदिर भवन निर्माण समिति की बैठक के पहले दिन शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन मंदिर और परकोटे के निर्माण को लेकर मंथन किया गया। बताया गया कि दिसंबर 2024 तक मंदिर के शिखर तक के कार्य पूर्ण हो जाएंगे। बैठक श्रीराम मंदिर परिसर में हुई।

बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि श्रीराम जन्म भूमि परिसर में सप्तर्षियों का मंदिर सितंबर तक तैयार हो जाएगा। बातचीत में उन्होंने बताया कि श्री राम मंदिर में बनने वाले राम दरबार की मूर्ति के स्वरूप को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। राम दरबार का स्केच फाइनल होने के बाद मूर्ति का निर्माण होगा। राम दरबार की प्रतिमा किस पत्थर पर बनेगी इसको लेकर मंथन चल रहा है।

उन्होंने कहा कि रामकथा म्यूजियम में प्रभु राम के अद्भुत स्वरूप का दर्शन होगा। राम कैसे पुरुषोत्तम हुए? चित्रांकन के जरिए भक्तों को समझाने का प्रयास किया जाएगा। राम कथा म्यूजियम में इसकी पूरी स्क्रिप्ट लिखी जाएगी। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि बैठक में निर्माण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्यों की समीक्षा की गई। मंदिर में लगने वाले पत्थरों की आपूर्ति, पत्थरों पर नक्काशी के कार्य को पूरा करने के लक्ष्य पर भी मंथन किया गया।

बैठक में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, मंदिर के आर्टिटेक्ट आशीष सोमपुरा के साथ एलएनटी के इंजीनियर मौजूद थे।

## वर्ग पहेली-80

**बाएं से दाएं**

1.1. पाश जिसका अस्त्र है अर्थात वरुण देवता 2. यम 3. बहेलिया।
4.1. जो मन में बसा हो, प्रिय 2. प्रेमपात्र।
6.1. बंदर 2. पक्षी, चिड़िया 3. सूर्य।
8.1. बुराई 2. अहित।
9. परम दयालु, परम कृपालु।
10.1. अनिश्चयात्मक ज्ञान 2. दुविधा 3. संभावना और असंभावना का मिश्रण 4. संकट की आशंका या संदेह।

**ऊपर से नीचे**

2. तत्काल, अचानक, एकाएक, फटाफट।
3.1. दानशीलता 2. उदारता 3. दरियादिली।
5.1. दो या दो से अधिक संस्थाओं
7.1. किसी बात का परिणाम या फल बताना 2. (ज्योतिष) वे बातें जो व्यक्ति के जीवन पर ग्रहों के प्रभाव के रूप में कही जाती हैं।
8.1. मानरहित, प्रतिष्ठारहित 2. जिसका मान या अंदाज़ न हो, बहुत, बेहद, अपरिमित 3. सीधा-सादा, गर्वरहित।



### वर्ग पहेली -79 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | थे | रा | | | | 2 अ |
| जू | | | 3 कू | | 4 ले | न |
| म | | | प | | | जा |
| | 5 हं | 6 त | का | 7 र | | न |
| | | 8 ब | र | प | ना | |
| 9 भु | 10 र | का | | ट | | |
| | न | | | 11 ना | दि | रा |

## सुडोकू-159

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | | |
| | | | | | | | 5 | |
| | 5 | | | | | | | |
| | | | 1 | | 9 | | | |
| 1 | | | | | | | | 3 |
| | | | 6 | | | 1 | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 2 | | | | | | | |
| | | | 4 | | | | | |

### सुडोकू -158 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 8 | 1 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 | 4 | 5 | 7 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 1 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 1 | 6 | 9 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 3 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 | 9 |
| 8 | 6 | 9 | 3 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 8 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 मई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 18 .58 तक तत्पश्चात तृतीया।

**मेष:** आज आपकी कुछ गुप्त बातें लोगों को पता लग सकती हैं। आपको धैर्यवान होकर अपना काम करना चाहिए। बुद्धिजीवी लोगों की सलाह से आप परेशानियों से बाहर आ सकते हैं। नुकीले उपकरणों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें।

**वृष:** आज प्रेम संबंधों में कुछ भी अस्पष्टता न रखें। यदि आवश्यक न हो तो आपको किसी यात्रा पर जाने से बचना चाहिए। आप अपने व्यक्तिगत जीवन को काफी महत्व देंगे। आपको महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के पहले भाग में ही पूर्ण कर लेना चाहिए।

**मिथुन:** आज व्यवसाय में अटका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। छुट्टियां मनाने के लिए आप कहीं बाहर जा सकते हैं। शाम को अपनी कार्य नीति में कुछ बदलाव करने की योजना पर काम करने का विचार बनाएंगे।

**कर्क:** आज इस समय आपको एकतरफा निर्णय लेने से बचना चाहिए। क्रोध और स्वार्थी व्यवहार के कारण कुछ अच्छे लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। शाम के समय आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल की यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**सिंह:** आज होटल कारोबारियों को कुछ तकनीकी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। धन के लेन-देन को लेकर सावधानी बरतें। दार्शनिक विषयों के प्रति आपकी रुचि बढ़ने वाली है। व्यवसाय में कुछ धीमापन देखने को मिल सकता है।

**कन्या:** आज दिन की शुरुआत काफी अच्छी रहेगी। व्यवसाय से जुड़े लोग दुकान या स्थान में बदलाव को लेकर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं, किंतु दोपहर बाद कुछ उलझनों में फंसने के योग बन रहे हैं। अपनी जीवनशैली पर आपको ध्यान देना होगा।

**तुला:** आज अचानक स्थान बदलने के योग बन रहे हैं,जो लोग आपके प्रति नकारात्मक भाव रख रहे थे वे आपको लेकर काफी सहयोगात्मक हो सकते हैं। सलाहकर्ता सेवाओं और धार्मिक कृत्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है।

**वृश्चिक:** आज दिन की शुरुआत सामान्य रहेगी। आप काम को लेकर लापरवाही न करें। गठिया रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। आपके मन में दया का भाव रहेगा। इसीलिए आप दूसरे लोगों और बेजुबान जीवों की सेवा कर सकते हैं।

**धनु:** आज दोपहर के बाद आप काफी परिस्थितियों की समीक्षा करेंगे जिसके परिणाम स्वरूप आप काफी कुछ बदलाव लाने की तैयारी कर सकते हैं। जिन कार्यों से आपको नुकसान हो रहा था उसमें सुधार या उसे बंद करने की भी योजना बनाएंगे।

**मकर:** आज अनावश्यक बातों को लेकर आप अपने नजदीकी लोगों पर नाराज भी हो सकते हैं। आपको बड़े निर्णय लेने से बचना चाहिए। संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। आपके मन को कई तरह की चिंता घेर सकती है।

**कुंभ:** आज संपत्ति खरीदने का निर्णय लेने का प्रयास करेंगे। चिकित्सीय पेशे से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा रहेगा। आपके द्वारा कई लोगों की मदद हो सकती है। गुमी हुई वस्तु आपको वापस मिलने के योग बन रहे हैं।

**मीन:** आज शिक्षण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन सुखद रहेगा। शाम को घर पर अच्छा समय बिता सकते हैं। आप काफी सजग होकर काम करेंगे। नए व्यवसाय को लेकर बौद्धिक लोगों से परामर्श ले सकते हैं। परिजनों का सहयोग प्राप्त होगा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 10 .36 तक तत्पश्चात मूल।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
हिरासत — सुबह : 10 .22
रन — दोपहर : 03 .18

SONY MAX
आदि पुरुष — सुबह : 08 .22
एक था टाइगर — रात : 09 .07

SONY PIX
डंकिर्क — सुबह : 11.20
2012 — रात : 08 .45

ZEE CINEMA
जिस्म 2 — सुबह : 09 .55
दबंग 3 — रात : 07 .25

colors CINEPLEX
सिम्हा 2 — दोपहर : 12 .36
लकीर — शाम : 06 .39

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात : 09 .07 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने हजामत की दुकान खोली।
एक ग्राहक शेव कराने आया।
पप्पू- मूंछ रखनी है?
ग्राहक- हां।
पप्पू ने ग्राहक की मूंछ काट कर उसके हाथ में देते हुए- लो रख लो, जहां रखनी है।

एक लड़का परीक्षा हॉल में परेशान बैठा था।
टीचर-क्या हुआ प्रश्न कठिन हैं क्या?
लड़का- नहीं सर, मैं तो ये सोच रहा हूं कि इस प्रश्न का उत्तर किस जेब में है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द :100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 राजमा लाल : 130 से 140 राजमा चित्ता : 125 से 130 लोबिया लाल : 90से 110 लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

## एक नजर

### भारत का कॉफी निर्यात 12 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में रोबस्टा कॉफी की अधिक मांग के कारण वर्ष 2023-24 में भारत का कॉफी निर्यात 12.22 प्रतिशत बढ़कर 1.28 अरब डॉलर का रहा। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। देश ने वर्ष 2022-23 में 1.14 अरब डॉलर की कॉफी का निर्यात किया था। भारत एशिया का तीसरा सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक और निर्यातक देश है। देश में अरेबिका और रोबस्टा कॉफी उगाई जाती हैं।

### संजय शर्मा एयर इंडिया के सीएफओ नियुक्त

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने कहा कि उसने संजय शर्मा को मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 10 जून से प्रभावी होगी। शर्मा विनोद हेजमादी का स्थान लेंगे, जो कंपनी से तीन दशक से अधिक समय के बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। संजय शर्मा के पास बैंकिंग और रियल एस्टेट का अनुभव है।

### फाइनेंस कंपनी होम क्रेडिट इंडिया ने प्रमुख शहरों में कराए गए सर्वे की रिपोर्ट में किया दावा

# दो-तिहाई लोग करना चाहते हैं बचत-निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के अधिकांश उपभोक्ताओं को अगले वर्ष तक उनकी आय बढ़ने की उम्मीद है और लगभग दो तिमाई उपभोक्ताओं को अपने वाले वर्षों में अधिक बचत और अधिक निवेश करने में सक्षम होंगे। कंज़्यूमर फाइनेंस कंपनी होम क्रेडिट इंडिया ने अपने वार्षिक कंज़्यूमर सर्वे-द ग्रेट इंडियन वॉलेट स्टडीः प्रमुख फ़ाइनेंशियल पहलुओं के प्रति कंज़्यूमर का व्यवहार का दूसरा संस्करण जारी किया है जिसमें यह दावा किया गया है।

ग्रेट इंडियन वॉलेट का अध्ययन दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, पुणे, लखनऊ, जयपुर, भोपाल, पटना,



रांची, चंडीगढ़, देहरादून, लुधियाना और कोच्चि सहित 17 शहरों में किया गया था। इसमें 18 -55 वर्ष के आयुवर्ग में लगभग 2500 लोग शामिल थे जिनकी वार्षिक आय 2 लाख रुपए से 5 लाख रुपए तक की थी। अध्ययन के अनुसार, वर्तमान स्थिति और भविष्य की धारणा दोनों के संदर्भ में शहरी और अर्ध-शहरी कंज़्यूमरों के बीच वित्तीय कल्याण सूचकांक में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई है। 52 प्रतिशत लोगों ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में चालू वर्ष में उनकी आय में वृद्धि हुई है, जबकि 74प्रतिशत कंज़्यूमरों को उम्मीद है कि आने वाले वर्ष तक उनकी आय में वृद्धि होगी। लगभग दो-तिहाई दावा करते हैं कि वे आनेवाले वर्ष में अधिक (66प्रतिशत) बचाने और अधिक (66प्रतिशत) निवेश करने में सक्षम होंगे। कंज़्यूमर्स भावना में यह उछाल अर्थव्यवस्था में वृद्धि, कमाई की क्षमता में वृद्धि और आय वृद्धि की सकारात्मक धारणा से प्रेरित है।

### अलग-अलग जनसांख्यिकी के बीच भिन्न है खर्च पैटर्न

अध्ययन से पता चला है कि किराना (26 प्रतिशत) और किराया (21 प्रतिशत) औसत निम्न-मध्यम वर्ग के भारतीयों के वॉलेट शेयर पर हावी होने वाले प्राथमिक खर्च हैं। इसके बाद यात्रा (19 प्रतिशत), बच्चों की शिक्षा (15 प्रतिशत), चिकित्सा व्यय (7 प्रतिशत), बिजली बिल (6 प्रतिशत), कुकिंग गैस (4 प्रतिशत) और मोबाइल बिल (2 प्रतिशत) आते हैं। जहां तक विवेक के आधार पर किए गए खर्चों का सवाल है, अलग-अलग जनसांख्यिकी के बीच अलग-अलग खर्च पैटर्न देखे जा सकते हैं। चेन्नई अन्य महानगरों की तुलना में स्थानीय यात्रा/दर्शनीय स्थलों की यात्रा (59 प्रतिशत), बाहर खाना (54 प्रतिशत) और बाहर फ़िल्में देखना (55प्रतिशत) में सबसे आगे है। दूसरी ओर, लखनऊ स्थानीय यात्रा/दर्शनीय स्थलों की यात्रा (17 प्रतिशत) और बाहर खाने (14 प्रतिशत) पर सबसे कम खर्च करने वाला है। चेन्नई भी सबसे ज़्यादा किराया (29 प्रतिशत) का भुगतान करता है, जबकि कोलकाता और जयपुर सबसे कम (15 प्रतिशत) का भुगतान करते हैं। अहमदाबाद और देहरादून फिटनेस( 1 प्रतिशत) पर सबसे कम खर्च करते हैं।

### फ्लिपकार्ट में 35 करोड़ डॉलर में छोटी हिस्सेदारी खरीदेगी गूगल

**नई दिल्ली।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने ताजा वित्तपोषण दौर में ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट में छोटी हिस्सेदारी खरीदने के लिए करीब 35 करोड़ डॉलर (करीब 2,900 करोड़ रुपये) के निवेश का प्रस्ताव रखा है। वॉलमार्ट समूह की कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, फ्लिपकार्ट वित्तपोषण के मौजूदा दौर में एक अरब डॉलर जुटा रही है और उसे अपनी मूल कंपनी एवं अमेरिकी खुदरा दिग्गज वॉलमार्ट से 60 करोड़ डॉलर की प्रतिबद्धता मिली है। फ्लिपकार्ट ने एक बयान में कहा-वॉलमार्ट की अगुवाई में होने वाले नए वित्तपोषण दौर के तहत फ्लिपकार्ट ने गूगल को अल्पांश निवेशक के तौर पर अपने साथ जोड़ने की घोषणा की। यह कदम दोनों पक्षों की तरफ से नियामकीय एवं अन्य प्रक्रियागत अनुमोदनों के अधीन होगा।

## विदेशी मुद्रा भंडार 4.55 अरब डॉलर बढ़कर नई ऊंचाई पर पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

- रिजर्व बैंक के अनुसार वृद्धि का यह तीसरा सप्ताह



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 मई को समाप्त सप्ताह में 4.55 अरब डॉलर बढ़कर 648.7 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह विदेशी मुद्राभंडार में वृद्धि का लगातार तीसरा सप्ताह है।

इससे पहले के सप्ताह में यह 2.56 अरब डॉलर बढ़कर 644.15 अरब डॉलर रहा था। पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में यह 648.56 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 17 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.36 अरब डॉलर बढ़कर 569.01 अरब डॉलर हो गयी। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.24 अरब डॉलर बढ़कर 57.19 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 11.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.17 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा 16.8 करोड़ डॉलर घटकर 4.33 अरब डॉलर रही।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,050–55,250 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,500 |
| चांदी पक्की | 888 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,700 |
| चांदी आभूषण | 88,800। |

## जी ने विलय रद करने के लिए सोनी से नौ करोड़ डॉलर का समाप्ति शुल्क मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी

जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज ने 10 अरब अमेरिकी डॉलर के विलय सौदे को रद करने के लिए सोनी समूह से नौ करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 748.7 करोड़ रुपये) के समाप्ति शुल्क की मांग की है।

जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जील) ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने सोनी समूह की दो संस्थाओं सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) और बांग्ला एंटरटेनमेंट (बीईपीएल) से समाप्ति शुल्क मांगा है। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया को अब कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट के नाम से जाना जाता है। विलय सहयोग समझौते (एमसीए) के तहत कल्वर मैक्स और बीईपीएल के उल्लंघनों के कारण जील ने 23 मई 2024 को पत्र जारी करके एमसीए को समाप्त कर दिया है। कंपनी ने एमसीए के प्रावधानों के तहत कल्वर मैक्स और बीईपीएल से समाप्ति शुल्क मांगा है। जील ने कहा-एमसीए के तहत कल्वर मैक्स और बीईपीएल अपने दायित्वों को पूरा करने में विफल रहे हैं। इसलिए कंपनी ने एमसीए को समाप्त कर दिया है और कल्वर मैक्स तथा बीईपीएल को समाप्ति शुल्क का भुगतान करने को कहा है।

### गेहूं की सरकारी खरीद पिछले साल से आगे निकली

**नई दिल्ली।** गेहूं की खरीद विपणन वर्ष 2024-25 में पिछले साल से आगे निकल गयी है। यह इस दौरान 262.48 लाख टन रही जबकि पिछले साल की कुल खरीद 262.02 लाख टन रही थी। मुख्य रूप से पंजाब और हरियाणा में अच्छी खरीद से कुल खरीद को बढ़ावा मिला है। सरकार ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि केंद्रीय भंडारण के लिए 262.48 लाख टन रबी मौसम का अनाज पहले ही खरीदा जा चुका है। इससे 59,715 करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ 22.31 लाख किसानों को लाभ हुआ है।

## आरबीआई का अप्रत्याशित लाभांश है सकारात्मक

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेटिंग एजेंसियों ने कहा-इसका इस्तेमाल नई सरकार की प्राथमिकताएं स्पष्ट करेगा



आरबीआई से 2.1 लाख करोड़ रुपये का अप्रत्याशित लाभांश देश की राजकोषीय स्थिति के लिए सकारात्मक है और इसका इस्तेमाल नई सरकार की राजकोषीय प्राथमिकताओं को स्पष्ट करेगा। वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने शुक्रवार को यह बात कही।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निदेशक मंडल ने इस सप्ताह की शुरुआत में 2023-24 में अर्जित मुनाफे से सरकार को 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने का फैसला किया। यह सरकार द्वारा निर्धारित बजट 1.02 लाख करोड़ रुपये से दोगुने से भी अधिक है। फिच रेटिंग्स के एशिया-प्रशांत 'सॉवरेन्स' निदेशक जेरेमी जूक ने कहा कि निरंतर घाटे में कमी, खासकर अगर टिकाऊ राजस्व बढ़ाने वाले सुधारों द्वारा समर्थित होत तो मध्यम अवधि में भारत की रेटिंग बुनियादी बातों के लिए सकारात्मक होगी। जूक ने ईमेल के जरिए कहा-लाभांश का उपयोग चाहे इसे बचाया जाए या अतिरिक्त खर्च के लिए किया जाए... सरकार की वित्तीय प्राथमिकताओं के बारे में संकेत प्रदान कर सकता है। फिच ने भारत को स्थिर परिदृश्य के साथ बीबीबी रेटिंग दी है। वहीं मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि आरबीआई द्वारा उम्मीद से कहीं अधिक लाभांश हस्तांतरण का राजकोषीय प्रभाव इससे र्धारित होगा कि आने वाली सरकार इन अतिरिक्त संसाधनों के साथ क्या करने का निर्णय लेती है। मूडीज रेटिंग्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष क्रिश्चियन डी. गुज़मैन ने कहा कि एक तरफ, सरकार व्यय पर संयम बरत सकती है और अपने घाटे के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद कर सकती है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को दोषी ठहराया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने नर्मदा बचाओ आंदोलन (एनबीए) की नेता मेधा पाटकर को दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि मामले में शुक्रवार को दोषी ठहराया। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर को आपराधिक मानहानि का दोषी पाया। संबंधित कानून के तहत, सामाजिक कार्यकर्ता पाटकर को दो साल की सजा या जुर्माना या दोनों हो सकती हैं।

### दिल्ली में अपहरण के बाद बच्ची की हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली में एक व्यक्ति ने अपने पड़ोस में रहने वाली तीन साल की एक बच्ची का कथित तौर पर अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि लड़की का शव एक नाले में पाया गया और संक्षिप्त गोलीबारी के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना बुधवार शाम की है जब बच्ची के परिवार ने कापसहेड़ा इलाके से अपनी बेटी के अपहरण की सूचना दी। दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने कहा-सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस की टीम को मौके पर भेजा गया। इसके बाद अभियान चलाकर आरोपी गिरफ्तार कर गया।

# तालाबाज सरकार ने भर्ती आयोग को किया बंदः मोदी

### हिमाचल में विजय संकल्प रैली में बोले प्रधानमंत्री, आरक्षण छीनकर मुस्लिमों को देने की रची जा रही साजिश

शिमला, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्मचारी चयन आयोग को बंद करने के लिए शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार को तालाबाज सरकार करार दिया और कहा कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी अयोध्या के राम मंदिर पर भी ताला लगाने का इरादा रखती है। सिरमौर जिले के नाहन में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने दावा किया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण छीनकर मुस्लिमों को देने की साजिश रची जा रही है।

मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत 'भारत माता की जय' के नारे से की और फिर स्थानीय देवी-देवताओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सिरमौर आना घर वापस आने जैसा होता है। उन्होंने कहा-मेरे लिए न तो नाहन नया है और न ही सिरमौर लेकिन मुझे कहना पड़ेगा कि आज का माहौल नया है क्योंकि मैंने नाहन में ऐसी ऐतिहासिक रैली नहीं देखी। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिमला व मंडी की जनसभा में कांग्रेस सरकार पर पिछले साल आई बाढ़ के पीड़ितों के लिए केंद्रीय सहायता राशि चुनिंदा रूप से वितरित करने का आरोप लगाया और जनता से वादा किया कि सत्ता में लौटने के बाद यह पता लगाया जाएगा कि वह पैसा कहां गया।



हिमाचल प्रदेश के मंडी में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंडी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत के साथ। ● एजेंसी

### जब भाजपा हर जगह हार रही है, तो 400 से ज्यादा सीट कैसे आएंगी : खरगे



**कलबुर्गी (कर्नाटक)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को हैरानी जताई कि जब भाजपा हर जगह हार रही है, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कैसे 400 से ज्यादा सीट जीतने का नारा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया को बहुमत मिलने की पूरी संभावना है। खरगे ने यहां अपने गृहनगर कलबुर्गी में संवाददाताओं से कहा कि जनता ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को अच्छा समर्थन दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह चुनाव जनता और प्रधानमंत्री मोदी के बीच है, क्योंकि लोग अब परेशान हो चुके हैं, खासकर बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और भारतीय संविधान पर बड़ा हमला किया जा रहा है। खरगे ने कहा कि भाजपा स्वायत्त निकायों का दुरुपयोग कर सरकार चला रही है, जिस कारण जनता उससे खासी नाराज है।

## क्यों न रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद कर दिया जाए

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेश मंत्रालय ने प्रज्ज्वल को कारण बताओ नोटिस भेजकर पूछा

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने जद (एस) के निलंबित सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को कारण बताओ नोटिस भेजकर पूछा है कि उनके खिलाफ यौन शोषण के आरोपों के मद्देनजर उनका राजनयिक पासपोर्ट क्यों न रद कर दिया जाए। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

कर्नाटक सरकार ने प्रज्ज्वल रेवन्ना का पासपोर्ट रद करने का अनुरोध किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को कहा था कि विदेश मंत्रालय प्रज्ज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद करने संबंधी कर्नाटक सरकार के अनुरोध पर कार्यवाही कर रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि वह फिलहाल जर्मनी में हैं। सूत्रों ने कहा कि प्रज्ज्वल का पासपोर्ट रद करने के लिए शुरू की गई प्रक्रिया के तहत उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया गया है। पता चला है कि कारण बताओ नोटिस ईमेल के जरिए भेजा गया है। पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल पर यौन शोषण का आरोप है और हासन के सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने के एक दिन बाद 27 अप्रैल को भारत से बाहर चले गये थे। यह भी पता चला है कि विदेश मंत्रालय पासपोर्ट अधिनियम 1967 के प्रावधानों के साथ-साथ संबंधित नियमों के तहत प्रज्वल के राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि यदि पासपोर्ट रद कर दिया जाता है, तो प्रज्वल का विदेश में रहना अवैध होगा और जिस देश में वह रह रहे हैं।

## ईडी ने बीआरएस नेता कविता की जमानत याचिका का विरोध किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिका का शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में विरोध किया और कहा कि उनकी रिहाई से गहरी साजिश का पता लगाने के लिए आगे की जांच पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ईडी ने कविता की जमानत याचिका पर अपने जवाब में दलील दी कि तेलंगाना की बीआरएस नेता एक अत्यधिक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और उन पर गंभीर आर्थिक अपराध करने का आरोप है। उसने दलील दी कि कविता सबूतों के साथ छेड़छाड़ और गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं। संघीय जांच एजेंसी ने अपने जवाबी हलफनामे में कहा कि कविता ने अन्य लोगों के साथ साजिश रची और 100 करोड़ रुपये की रिश्वत देने में सक्रिय रूप से शामिल रहीं।

## हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ शीर्ष कोर्ट पहुंची भाजपा

कोलकाता, एजेंसी

### विज्ञापन प्रकाशित करने संबंधी मामला

भाजपा ने लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाला कोई भी विज्ञापन प्रकाशित नहीं करने संबंधी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को उच्चतम न्यायालय में शुक्रवार को चुनौती दी।

कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने बुधवार को एकल पीठ के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था, जिसमें भाजपा को लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन करने वाला कोई भी विज्ञापन प्रकाशित नहीं करने का निर्देश दिया गया था। मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की अवकाश पीठ के समक्ष उल्लेख किया गया। मामले का उल्लेख करने वाले वकील सौरभ मिश्रा ने पीठ से कहा कि उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने 22 मई को आदेश पारित किया था। पीठ ने पूछा कि आप अगली अवकाश पीठ का रुख क्यों नहीं करते? वकील ने पीठ से कहा कि उच्च न्यायालय ने भाजपा पर लोकसभा चुनाव के दौरान चार जून तक विज्ञापन जारी करने पर रोक लगा दी है।

## ओबीसी प्रमाणपत्रों पर कोर्ट के आदेश को शीर्ष अदालत में देंगे चुनौती : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार 2010 के बाद से राज्य में जारी किए गए सभी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाणपत्र रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती देगी। ममता बनर्जी ने दक्षिण 24 परगना जिले के सागर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गर्मी की छुट्टियों के बाद आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में अपील करेगी। उन्होंने कहा-हम ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद करने संबंधी आदेश को नहीं मानते। हम ग्रीष्म अवकाश के बाद शीर्ष अदालत में अपील करेंगे। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में 2010 से कई वर्गों को दिया गया अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का दर्जा बुधवार को रद कर दिया था।

## ठाणे रसायन फैक्ट्री के मालिकों को पता था कि चूक होने से हो सकता है विस्फोट

ठाणे, एजेंसी

- प्राथमिकी में लगाया गया आरोप मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हुई

महाराष्ट्र में ठाणे जिले के डोंबिवली में एक रसायन फैक्ट्री में विस्फोट होने के संबंध में दर्ज की गई प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि फैक्टरी मालिकों ने यह जानते हुए भी रासायनिक पदार्थों के मिश्रण और भंडारण में सावधानी नहीं बरती कि कोई भी चूक होने पर विस्फोट होने का खतरा है। फैक्ट्री में हुए विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई है और 60 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

प्राथमिकी में कंपनी के मालिकों/निदेशकों मालती प्रदीप मेहता, मयाल प्रदीप मेहता एवं अन्य निदेशकों, प्रबंधन कर्मचारियों एवं उन अधिकारियों के नाम शामिल हैं, जिन पर कारखाने की निगरानी की जिम्मेदारी थी। उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या और अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया है। डोंबिवली एमआईडीसी क्षेत्र के फेस-2 में स्थित 'अमुदान केमिकल्स' की इकाई में हुए विस्फोट के लगभग 12 घंटे बाद महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मानपाडा पुलिस ने बृहस्पतिवार रात लगभग एक बजकर 50 मिनट पर प्राथमिकी दर्ज की। प्राथमिकी के अनुसार, बॉयलर में विस्फोट के कारण ढही फैक्ट्री के मलबे में कुछ और लोग भी दबे हो सकते हैं। आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या (धारा 304), जानबूझकर चोट पहुंचाने और ज्वलनशील पदार्थ एवं विस्फोटक पदार्थों के संबंध में लापरवाही बरतने के आरोप में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत भी आरोप लगाए हैं।

### पैर से लिखने वाले किशोर ने 78 प्रतिशत अंक हासिल किए

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर जिले के एक दिव्यांग छात्र ने बारहवीं की परीक्षा अपने पैर से लिखकर 78 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। छात्र भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी बनना चाहता है। विज्ञान स्ट्रीम के छात्र गौस शेख ने परीक्षा लेखक की मदद लेने से इनकार कर, मार्च में आयोजित 12वीं की परीक्षा के दौरान अपने पैर की उंगलियों से उत्तर लिखा था। गौस के जन्म से ही हाथ नहीं थे। परीक्षा परिणाम इस सप्ताह के शुरुआत में घोषित हुए हैं। एक छोटे से गांव के रहने वाले 17 वर्षीय गौस ने अपनी स्कूली शिक्षा वसंतनगर टांडा के रेणुकादेवी हायर सेकेंडरी आश्रम स्कूल में पूरी की है।

## मणिपुर हिंसा : न्यायालय ने कहा, भावनाओं में नहीं बह सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

- टिप्पणी करते हुए याचिका पर सुनवाई करने से किया इनकार



उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह भावनाओं के साथ सुनवाई नहीं कर सकता और कानून के तहत ही कार्यवाही करेगा। अदालत ने इसी के साथ उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें मणिपुर हिंसा के दौरान विस्थापित हुए लोगों की संपत्ति की रक्षा करने के शीर्ष अदालत के आदेश का कथित तौर पर अनुपालन नहीं करने पर अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया था।

न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि वह इस दलील से संतुष्ट नहीं है कि मणिपुर के मुख्य सचिव सहित प्रतिवादियों के खिलाफ अवमानना का मामला बनाया गया है और याचिकाकर्ता कानून के तहत उपलब्ध उपाय का सहारा ले सकते हैं। मणिपुर की ओर से पेश हुईं अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ से कहा कि अवमानना का कोई मामला नहीं बनता एवं राज्य और केंद्र सरकार लोगों की चिंताओं को दूर करने के लिए जमीन पर हरसंभव प्रयास कर रही हैं। भाटी ने कहा-मामले को हमेशा चर्चा में रखने की कोशिश की जा रही है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का कर्तव्य है कि वह सभी की रक्षा करे और इस मामले में अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जा सकती है। शीर्ष अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया था कि प्रतिवादियों ने जातीय हिंसा में विस्थापित हुए लोगों की संपत्तियों की रक्षा करने के पिछले साल 25 सितंबर को न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश की अवमानना की है। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से सवाल किया, आपके अनुसार किसने अवमानना की है? इस पर वकील ने कहा कि मुख्य सचिव और अन्य ने।

इसपर पीठ ने कहा-वे अतिक्रमणकर्ता नहीं हैं। जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता मणिपुर से बाहर रह रहे हैं और वे इंफाल के नजदीक भी जाने की स्थिति में नहीं है। इसपर पीठ ने कहा-इसका अभिप्राय यह नहीं है कि मुख्य सचिव के खिलाफ नोटिस जारी किया जाए। भाटी ने पिछले साल 25 सितंबर के आदेश का संदर्भ दिया, जिसमें कहा गया था कि मणिपुर सरकार और केंद्र को विस्थापित व्यक्तियों की संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा निर्देशों का जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाता है।

| पर्पल कैप | | |
|---|---|---|
| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण (कोलकाता) | 14 | 20 |

| ऑरेंज कैप | | |
|---|---|---|
| खिलाड़ी | मैच | रन |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 15 | 741 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 15 | 567 |

## टी-20 विश्व कप के लिए कमेंटरी पैनल की घोषणा

**दुबई।** आईसीसी ने अगले महीने शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए शुक्रवार को स्टार सुसज्जित कमेंटरी पैनल की घोषणा की जिसमें क्रिकेट और प्रसारण के कुछ बड़े नाम जैसे पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री और महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर शामिल हैं।

टी-20 विश्व कप दो से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाले दिनेश कार्तिक को भी कमेंटरी पैनल में चुना है। मुख्य कमेंटेटरों में शास्त्री, नासिर हुसैन, इयान स्मिथ, मेल जोंस, हर्षा भोगले और इयान बिशप शामिल हैं।




# फिरकी के दम पर फाइनल में पहुंचा हैदराबाद

## शहबाज अहमद ने झटके तीन विकेट, खिताब के लिए कल केकेआर से भिड़ेगी सनराइजर्स

**चेन्नई, एजेंसी**

हाइनरिक क्लासन (50), राहुल त्रिपाठी (37) और ट्रैविस हेड (34) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 36 रन से हराकर फाइनल में पहुंच गई है। फाइनल रविवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा जहां हैदराबाद का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा।

176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। चौथे ओवर मे पैट कमिंस ने टॉम कोहलर कैडमोर (10) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद यशस्वी जयसवाल और कप्तान संजू सैमसन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। शाहबाज अहमद ने यशस्वी को समद के हाथों कैच आउट करा दिया। इसके बाद तो हैदराबाद के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कप्तान संजू सैमसन (10), रियान पराग (6), रवि अश्विन (शून्य), शिमरॉन हेटमायर(4) और रोवमन पॉवेल (6) के विकेट


टॉम कोलहर का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते पैट कमिंस।

चटकाते हुए मैच पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली। ध्रुव जुरेल ने 35 गेंदों में 56 रन पर नाबाद रहे। राजस्थान की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 139 रन ही बना सकी और 36 से मुकाबला से हार गई। हैदराबाद की जीत में पैट कमिंस की कप्तानी काबिल ए तारीफ रहीं। उनका बीच के ओवरों में अभिषेक शर्मा और शाहबाज अहमद से गेंदबाजी करना महत्वपूर्ण फैसला था। ओस का असर नहीं होने के कारण पिच काफी धीमी हो गई थी और गेंद स्पिन कर रही थी। हैदराबाद की ओर से शाहबाज अहमद तीन विकेट लिए। अभिषेक शर्मा को दो विकेट मिले।

इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 176 रनों का लक्ष्य दिया था। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान रायल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर की आखिरी गेंद पर अभिषेक शर्मा (12) का विकेट गवां दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में ट्रेंट बोल्ट ने राहुल त्रिपाठी को आउट कर हैदराबाद को दूसरा झटका दिया। 10वें ओवर में संदीप ने ट्रैविस हेड को कैच आउट करा दिया। एडन मारक्रम (1), नितीश कुमार रेड्डी (5), अब्दुल समद (शून्य) और शाहबाज अहमद (18) और और जयदेव उनादकट (5) रन बनाकर आउट हुये। क्लासेन ने 34 गेंदों में सर्वाधिक 50 रन बनाए।




**36** रन से सनराइजर्स हैदराबाद ने जीता मुकाबला, राजस्थान के लिए ध्रुव ने लगाया अर्धशतक

**हैदराबाद 175/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड कैच अश्विन बो संदीप | 34 | 28 | 3/1 |
| अभिषेक शर्मा कैच कोल्हर बो बोल्ट | 12 | 5 | 1/1 |
| राहुल त्रिपाठी कैच चहल बो बोल्ट | 37 | 15 | 5/2 |
| एडेन मारक्रम कैच चहल बो बोल्ट | 1 | 2 | 0/0 |
| हैनरी क्लासेन बोल्ड संदीप शर्मा | 50 | 33 | 0/4 |
| नीतिश रेड्डी कैच चहल बो आवेश | 5 | 10 | 0/0 |
| अब्दुल समद बो आवेश | 0 | 1 | 0/0 |
| शहबाज अहमद कैच ध्रुव बो आवेश | 18 | 18 | 0/1 |
| पैट कमिंस नाबाद | 5 | 5 | 1/0 |
| जयदेव उनादकट रनआउट आवेश | 5 | 2 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 4-0-45-3, अश्विन 4-0-43-0, संदीप 4-0-25-2, आवेश 4-0-27-3, चहल 4-0-34-0

**राजस्थान 139/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 5

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी कैच अब्दुल समद बो शहबाज | 42 | 21 | 4/3 |
| टॉम कोलहर कैच राहुल बो कमिंस | 10 | 16 | 1/0 |
| संजू सैमसन कैच माक्ररम बो अभिषेक | 10 | 11 | 1/0 |
| रियान पराग कैच अभिषेक बो शहबाज | 6 | 10 | 0/0 |
| ध्रुव जुरैल नाबाद | 56 | 35 | 7/2 |
| आर अश्विन कैच क्लासेन बो शहबाज | 0 | 3 | 0/0 |
| शिमरॉन हेटमायर बोल्ड अभिषेक | 4 | 10 | 0/0 |
| रॉमेन पावेल कैच अभिषेक बो नटराजन | 6 | 12 | 0/0 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 3-0-33-0, कमिंस 4-0-30-1, नटराजन 3-0-13-1, उनादकट 1-0-5-0, शहबाज 4-0-23-3, अभिषेक 4-0-24-2, मारक्रम 1-0-10-1

## खेल डायरी

### फ्रेंच ओपन के पहले दौर में नागल का सामना कारेन से



**पेरिस।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल क सामना फ्रेंच ओपन के पहले दौर में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी रूस के कारेन खाचानोव से होगा। दुनिया के 94वें नंबर के खिलाड़ी नागल को मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश मिला है। वह 2019 में प्रग्नेश गुणेश्वरन के बाद फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश पाने वाले पहले भारतीय पुरूष खिलाड़ी बने। वह क्लेकोर्ट पर खेले जाने वाले इस ग्रैंडस्लैम से पहले हालांकि अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। उन्हें मोंटे कार्लो मास्टर्स के तीसरे दौर में होल्गर रूने ने हराया। इसके बाद वह बोर्डो चैलेंजर और जिनीवा ओपन में भी पहले दौर में हार गए।

### सेंथिल कुमार, अभय क्यूएसएफ 3 स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में

**दोहा।** भारत के वेलावन सेंथिल कुमार और अभय सिंह 53500 डॉलर ईनामी राशि के क्यूएसएफ 3 स्क्वाश टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। यह पीएसए विश्व टूर ब्रांज श्रेणी का टूर्नामेंट है। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन सेंथिल कुमार ने मिस्र के सातवीं वरीयता प्राप्त उमर मोसाद को हराया। चोट के कारण मोसाद ने 30 मिनट में कोर्ट छोड़ दिया। वहीं, अभय ने छठी वरीयता प्राप्त फ्रांस के आगस्टे डुसोर्ड को मात दी। सेंथिल कुमार का सामना अब मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त तारिक मोमेन से होगा जबकि अभय की टक्कर मलेशिया के तीसरी वरीयता प्राप्त ऐन योउ एंग से होगी।

### भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में, दीपिका सेमीफाइनल में

**येचियोन (दक्षिण कोरिया)।** ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश की जोड़ी तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में शुक्रवार को कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई जबकि दीपिका कुमारी ने शानदार वापसी करके व्यक्तिगत रिकर्व सेमीफाइनल में जगह बनाई। ज्योति, परनीत कौर और अदिति स्वामी ने भारत का पहला पदक पक्का कर दिया था। युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे व्यक्तिगत वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने 16 तीरों में दो अंक ही गंवाते हुए हान सियुंगियोन और यांग जाएवोन को 158-157 से हराया।

### घुड़सवारी महासंघ के लिए प्रशासनिक समिति गठित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ के कामकाज में अनियमितताओं के मद्देनजर इसके कामकाज के संचालन के लिये सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में तदर्थ प्रशासनिक समिति का गठन किया। जस्टिस तारा वी गंजू ने कहा कि आम तौर पर अदालत राष्ट्रीय खेल महासंघ के प्रशासन में दखल नहीं देती है लेकिन अनियमितताओं के मामले में हालात को अनदेखा नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के पूर्व जज नाजमी वजीरी तदर्थ प्रशासनिक समिति के अध्यक्ष होंगे जबकि पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी इसके पर्यवेक्षक सदस्य और एडवोकेट रोहिणी मूसा सदस्य होंगी। यह फैसला राजस्थान घुड़सवारी संघ की याचिका पर सुनाया गया। अदालत ने कहा कि समिति ईएफआई के दैनंदिनी कार्यों का संचालन करेगी और मौजूदा पदाधिकारी किसी काम से जुड़े नहीं रहेंगे लेकिन समिति को पूरा सहयोग देंगे।

### अमेरिका ने बांग्लादेश को 6 रनों से दी शिकस्त

**ह्यूस्टन।** कप्तान मोनांक पटेल के (42), एरोन जोन्स (35) की शानदार बल्लेबाजी के बाद अली खान की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत अमेरिका ने शाकिब-अल-हसन की अगुवाई वाली बंगलादेश टीम को दूसरे टी-20 मुकाबले में छह रनों से हराकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की टीम ने 144 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में बांग्लादेश की पूरी टीम 19 .3 ओवर में 138 रन में सिमट गई। टी-20 विश्व कप से पहले बांग्लादेश की नाकाफी तैयारी सामने आ गई है।

### वेस्टइंडीज ने द. अफ्रीका को 28 रनों से हराया

**किंगस्टन।** ब्रैंडन किंग की 45 गेंदों पर (79) की तूफानी पारी और उसके बाद गुडाकेश तथा फोर्ड ने 3-3 विकेट की घातक गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने पहले टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 28 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने 20 ओवरों में आठ विकेट पर 175 रनों का स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 19 .5ओवर में 147 रन पर सिमट गई। गुडाकेश ने और मैथ्यू फोर्ड ने 3-3 विकेट लिए।

### फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित

**भुवनेश्वर।** कुवैत के खिलाफ छह जून को होने वाले विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिए भारत की 27 सदस्यीय फुटबॉल टीम का ऐलान कर दिया गया है जिसमें फॉरवर्ड पार्थिब गोगोई और डिफेंडर मोहम्मद हम्माद चोट के कारण बाहर हैं जबकि अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री का यह आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कोलकाता में होने वाले मैच के लिए टीम की घोषणा की है। भुवनेश्वर में 32 खिलाड़ी शिविर में थे जिनमें से पांच (फुरबा लाचेंपा, पार्थिब, इमरान खान, हम्मदाद और जितिन एमएस) को रिलीज कर दिया है। स्टिमक ने कहा ये सभी पेशेवर और मेहनती हैं। पार्थिब और हम्माद को कुछ दिन पहले चोट लगी थी और उन्हें एक से दो हफ्ते आराम की जरूरत है। बाकी खिलाड़ी भुवनेश्वर में अभ्यास करते रहेंगे और 29 मई को कोलकाता जाएंगे। कुवैत से उनका सामना छह जून को होगा।

# कोच के लिए किसी ऑस्ट्रेलियाई के संपर्क में नहीं : जय

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने शुक्रवार को उन मीडिया रिपोर्टो का खंडन किया जिसमें कहा गया कि बोर्ड ने अगले मुख्य कोच के लिए किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क किया था। इसके साथ ही उन्होंने यह संकेत दिया कि राहुल द्रविड़ का उत्तराधिकारी भारतीय क्रिकेटर हो सकता है जिसे देश में क्रिकेट और उसके मैदान की गहरी समझ हो।

शाह ने एक बयान में कहा न तो मैंने और न ही बीसीसीआई ने कोचिंग की पेशकश के साथ किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क किया है। कुछ मीडिया अनुभागों में



प्रसारित रिपोर्टें पूरी तरह से गलत हैं। हमारी राष्ट्रीय टीम के लिए सही कोच ढूंढना एक कुशल और गहन प्रक्रिया है और हम ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसे भारतीय क्रिकेट संरचना की गहरी समझ हो और टीम को अच्छी रैंक तक ले जा सके। बीसीसीआई सचिव ने यह भी कहा कि भारतीय घरेलू क्रिकेट का गहन ज्ञान होना अगले कोच की नियुक्ति के लिए महत्वपूर्ण मानदंडों में से एक होगा।

### लैंगर ने भारत का कोच बनने का इरादा त्यागा

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर जस्टिन लैंगर भारत का मुख्य कोच बनने की संभावना पर विचार कर रहे थे लेकिन इससे जुड़े 'दबाव और राजनीति' को लेकर केएल राहुल की सलाह के बाद उन्होंने यह ख्याल जेहन से निकाल दिया। लखनऊ सुपर जाइंट्स आईपीएल टीम के मुख्य कोच लैंगर ने कहा यह शानदार काम होगा। मैं ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ चार साल कोच रह चुका हूं लेकिन यह काफी थकाऊ होता है, लेकिन किसी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। मैं केएल राहुल से बात कर रहा था तो उसने कहा कि आईपीएल टीम में अगर आपको दबाव और राजनीति लगती है तो उसका हजारों गुना भारतीय टीम की कोचिंग में होता है।

### लक्ष्मण का एनसीए में कार्यकाल सितंबर में होगा खत्म

**चेन्नई।** यह जगजाहिर है कि वीवीएस लक्ष्मण की भारतीय टीम के मुख्य कोच पद पर काबिज होने की कोई इच्छा नहीं है और एनसीए में क्रिकेट प्रमुख के तौर पर उनका कार्यकाल इस साल सितंबर में खत्म हो रहा है जिससे यह देखना होगा कि बीसीसीआई किस तरह उन्हें सेट अप में बरकरार रखने में कामयाब होता है। कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर गौतम गंभीर को बीसीसीआई के लिए उपलब्ध विकल्पों में प्रबल दावेदार माना जा रहा है लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि सचिव जय शाह ने राष्ट्रीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों से गंभीर पर सर्वसम्मति से रजामंदी के बारे में बात की है या नहीं।

# कार्तिक ने तब मेरा मनोबल बढ़ाया, जब मैं जूझ रहा था

**बेंगलुरु, एजेंसी**



भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अभियान के खत्म होने के बाद संन्यास लेने वाले दिनेश कार्तिक को समझदार और ईमानदार व्यक्ति करार देते हुए कहा कि इस अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2022 सत्र में उनका मनोबल बढ़ाया था, जब वह फॉर्म हासिल करने में जूझ रहे थे।

कार्तिक ने बुधवार को अपना अंतिम आईपीएल मैच खेला जिसमें आरसीबी प्लेऑफ में राजस्थान रॉयल्स से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। कोहली ने कहा वह बहुत समझदार व्यक्ति हैं और उन्हें सिर्फ क्रिकेट नहीं बल्कि काफी चीजों की अच्छी जानकारी भी है। कोहली ने 2022 सत्र को याद किया जिसमें उन्होंने 16 मैच में महज 22.73 के औसत से 341 रन बनाए थे, तब दूसरे क्वालीफायर में आरसीबी राजस्थान रॉयल्स से हारकर फाइनल में जगह बनाने से चूक गई थी। कोहली ने कहा मैंने हमेशा उनके साथ बातचीत का आनंद लिया है। 2022 में भी उस चरण में जब मेरा आईपीएल सत्र इतना अच्छा नहीं रहा था तो मेरा आत्मविश्वास भी डगमगाया हुआ था। वह दो तीन दफा मेरे साथ बातचीत के लिए बैठे और ईमानदारी से मुझे बताया कि उन्हें चीजें कैसी दिख रही हैं क्योंकि शायद मैं खुद इन चीजों को अच्छी तरह नहीं देख पा रहा था।

### धोनी के पास न खेलने का कारण नहीं : कैफ



**मुंबई।** भारत के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ का मानना है कि फॉर्म, फिटनेस और आसानी से बड़े शॉट खेलने की क्षमता को देखते हुए ऐसा कोई कारण नहीं है कि महेंद्र सिंह धोनी को आईपीएल का अगला सत्र नहीं खेलना चाहिए। अटकलें लगाई जा रही हैं कि चेन्नई सुपरकिंग्स को पांच आईपीएल खिताब दिलाने वाले धोनी अपना आखिरी आईपीएल खेल चुके हैं। कैफ ने कहा व्यक्तिगत रूप से, मुझे नहीं लगता कि वह अपना पूरा क्रिकेट खेल चुका है, वह मैच नहीं जीत सका। आप उसकी बॉडी लैंग्वेज देखकर अंदाजा लगा सकते हैं कि सीएसके के लिए मैच नहीं जीत पाने से वह निराश लग रहा था। उसे वापस क्यों नहीं आना चाहिए? वह फिट है, वह रन बना रहा है और छक्के लगा रहा है और खेलना बंद करने का कोई कारण नहीं है। यह उस पर निर्भर करता है, हम धोनी के बारे में यह नहीं कह सकते कि उसकी योजना क्या है।

# भारतीय पुरुष टीम बेल्जियम से हारी

**एंटवर्प, एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को शुक्रवार को एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के यूरोप चरण के अपने दूसरे मुकाबले में बेल्जियम के खिलाफ 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले में शुरुआत से ही बेल्जियम ने मजबूत भारतीय रक्षापंक्ति पर आक्रामक रूख बनाए रखा।

दोनों टीमों ने दूसरे क्वार्टर की अच्छी शुरुआत की। इस क्वार्टर के पहले तीन मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वह इसे गोल में नहीं बदल सका। इसके बाद फेलिक्स डेनेयर (22वें मिनट में) गोल करते हुए बेल्जियम को 1-0 की बढ़त दिला दी। हाफ टाइम के बाद भारत ने आक्रामक खेल शुरू किया, लेकिन बेल्जियम



- **दूसरे मुकाबले में 1-4 से करना पड़ा हार का सामना**
- **आज भी भिड़ेंगे**

के डिफेंस को तोड़ना काफी मुश्किल रहा। तीसरे क्वार्टर के अंत में बेल्जियम ने भारत पर 2-0 से बढ़त बना ली। मैच के अंतिम 15 मिनट में भारत ने तेजी से मौके ढूंढने शुरू कर दिए। सेड्रिक चार्लियर ने एक शानदार मैदानी गोल दागते हुए टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। मैच खत्म होने में पांच मिनट बाकी रहने पर, अभिषेक भारत के लिए पहला गोल किया। इसी के साथ इस मैच को बेल्जियम ने 4-1 से जीत लिया। भारतीय टीम आज फिर बेल्जियम से मुकाबला करेगी।

### भारतीय महिला टीम यूरोप चरण में दूसरा मैच भी हारी

**एंटवर्प (बेल्जियम)।** भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार दूसरी पराजय झेलनी पड़ी और इस बार उसे बेल्जियम ने 2-0 से हराया। नए कोच हरेंद्र सिंह और कप्तान सलीमा टेटे के साथ भारतीय महिला टीम को पहले मैच में अर्जेंटीना ने 5-0 से हराया था। बेल्जियम के लिए दोनों गोल फील्ड गोल थे जो 34वें मिनट में अलेक्सिया टी सरस्टेवेंस और दो मिनट बाद डेवाएट लुईस ने किए। बेल्जियम को पहले क्वार्टर के आखिर में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता ने उसे बचा लिया। दूसरे क्वार्टर में बेल्जियम ने लगातार हमले बोले लेकिन भारतीयों ने उसका माकूल जवाब दिया। ब्रेक के बाद बेल्जियम ने तीसरे क्वार्टर के चौथे मिनट में अलेक्सिया ने पहला गोल दागा। डेवाएट ने दूसरा गोल कर दिया। भारत को अब शनिवार को बेल्जियम से खेलना है।

# हान यू को हराकर सिंधु सेमीफाइनल में पहुंचीं

**कुआलालंपुर, एजेंसी**

पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु शुक्रवार को चीन की हान यू हराकर मलेशिया मास्टर्स 2024 बैडमिंटन महिला एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच गईं है। कुआलालंपुर के एक्सियाटा एरिना में खेले गये क्वार्टरफाइनल में पीवी सिंधु ने 55 मिनट तक चले मुकाबले में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हान यू को 21-13, 14-21, 21-12 से हराया। दूसरा गेम हारने के बावजूद पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधु निर्णायक गेम में अपना संयम बनाए रखने में सफल रही।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने 16-13 की बढ़त के बाद लगातार पांच अंक हासिल करते हुए पहला गेम जीत लिया। हान यू ने दूसरे गेम की अच्छी शुरुआत की और एक समय पर 15-3 की बढ़त बना ली, हालांकि सिंधु ने इस अंत को कम करते हुए स्कोर को 18-13 तक



ले जाने में सफल रहीं। उनकी यह जबरदस्त शुरुआत इस गेम को जीतने के लिए काफी रही और इसी के साथ उन्होंने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सिंधु बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से भिड़ेंगी। इस बीच, महिला एकल में अश्मिता चालिहा का अभियान क्वार्टरफाइनल में चीन की छठी वरीयता प्राप्त झांग यी से सीधे गेम में हारने के बाद समाप्त हो गया।

## बॉलीवुड हलचल



# कांस फिल्म फेस्टिवल में जलवा बिखेरेंगी प्रीति

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री प्रीति जिंटा कांस फिल्म फेस्टिवल में जलवा बिखेरती नजर आएंगी। ऐश्वर्या राय और कियारा आडवाणी के बाद अब प्रीति जिंटा भी कान्स के रेड कारपेट पर नजर आएंगी। हालांकि, इससे पहले ही प्रीति का इस फिल्म फेस्टिवल से फर्स्ट लुक सामने आ चुका है। प्रीति जिंटा की हाल ही में एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह शिमरी व्हाइट गाउन में बला की खूबसूरत लग रही हैं। प्रीति कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कारपेट पर वॉक करते हुए नजर आएंगी, लेकिन उससे पहले उनके फैन क्लब ने फ्रांस के रिवर साइड पर फोटोशूट करवाते हुए एक्ट्रेस की एक बेहद ही प्यारी वीडियो शेयर की है। प्रीति के गाउन में स्लीव्स में व्हाइट रंग के बाऊ लगे हुए हैं। उन्होंने मेकअप से लेकर ज्वेलरी तक बिल्कुल मिनिमल लुक रखता है। प्रीति जिंटा इंडिया के नामचीन सिनेमैटोग्राफर संतोष सिवन को पियरे एंजिनीक्स अवॉर्ड से कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में सम्मानित करने वाली हैं।

# सिंघम अगेन से अजय का लुक रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देगवन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन से उनका नया लुक रिलीज कर दिया है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही फिल्म सिंघम अगेन इन दिनों काफी सुर्खियों में बनी हुई है। अजय देवगन, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और टाइगर श्रॉफ समेत कई स्टार्स इस फिल्म में एक साथ दिखाई देने वाले हैं। सिंघम अगेन से मेकर्स ने लेटेस्ट फोटो शेयर की है, जहां बताया गया है कि टीम ने कश्मीर शेड्यूल को पूरा कर लिया है। रोहित शेट्टी ने सेट से अजय देवगन की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# चीन ने ताइवान को डराया 49 विमान व 19 पोत ने घेरा

बीजिंग/ताइपे, एजेंसी

- चीन ने फुटेज जारी कर ताइवान को पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के बलों से घिरा दिखाया



चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा आयोजित एक बड़े अभ्यास के दूसरे दिन शुक्रवार को ताइवान ने अपने तट से दर्जनों चीनी युद्धक विमानों और नौसेना जहाजों को ट्रैक किया।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने गुरुवार से शुक्रवार तक 49 युद्धक विमानों और 19 नौसेना जहाजों के साथ-साथ चीनी तट रक्षक जहाजों को भी ट्रैक किया और 24 घंटे की अवधि में 35 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य के मध्य में उड़ान भरी, जो दोनों पक्षों के बीच की वास्तविक सीमा है। ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने गुरुवार को राजधानी ताइपे के दक्षिण में ताओयुआन में एक समुद्री अड्डे का दौरा करते हुए नाविकों और शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि ताइवान एक संप्रभु स्वतंत्र राष्ट्र है, जिसकी संप्रभुता लोगों के हाथों में है। वहीं, चीन की सेना ने कहा है कि ताइवान के आसपास उसका दो दिवसीय अभ्यास स्वतंत्रता चाहने वाली अलगाववादी ताकतों के लिए सजा है।

## भारतीय मूल के मंत्रियों को दो लाख डॉलर हर्जाना देने का आदेश

**सिंगापुर।** सिंगापुर की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री ली सियन लूंग के भाई ली सियन यांग को मानहानि के एक मामले में भारतीय मूल के मंत्रियों के. षण्मुगम और विवियन बालाकृष्णन को दो-दो लाख सिंगापुरी डॉलर का भुगतान करने का आदेश दिया है।

ली सियन यांग पर एक समृद्ध उपनगर में सरकारी संपत्तियों के किराये को लेकर भारतीय मूल के मंत्रियों को बदनाम करने का आरोप है। न्यायमूर्ति ने एक फैसले में दोनों मंत्रियों को हर्जाना देने के अपने कारण बताए। इन दोनों मंत्रियों ने ली के खिलाफ अलग-अलग मानहानि के दावे दायर किए थे। ली सियन यांग द्वारा पिछले साल 23 जुलाई को अपने फेसबुक पेज पर की गई टिप्पणियों को लेकर ये मुकदमे शुरू किए गए थे।

# साइबर बुलिंग : कहीं आपका बच्चा इसका शिकार तो नहीं हो रहा



बच्चे स्कूल जाते हैं, किताबें पढ़ते हैं, खेलते-कूदते हैं, कुछ नया सीखते हैं। पेरेंट्स को यकीन होता है कि उनके करियर की मजबूत नींव तैयार हो रही है। लेकिन एक दिन अचानक खबर आती है कि उनका बच्चा फेल हो गया है। वह स्कूल में साथ के बच्चों के साथ मारपीट भी कर रहा है। या फिर बच्चा घर आने पर डरा-डरा सा रहता है। क्या आपने कभी सोचा है कि इस सबके पीछे वजह साइबर बुलिंग भी हो सकती है। हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्कूली बच्चों के बिहेवियर पर एक स्टडी की है। इस स्टडी के मुताबिक दुनिया भर के 44 देशों में हर छठा बच्चा साइबर बुलिंग का शिकार है। इसका असर उसकी पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। बच्चे की मेंटल हेल्थ खराब हो रही है। कई बच्चे डिप्रेशन और एंजाइटी से जूझ रहे हैं। साइबर बुलिंग बच्चों में सुसाइड की भी वजह बन रहा है। इसका बच्चों की मेंटल हेल्थ पर क्या असर पड़ रहा है, क्या इसके पीछे कारण मोबाइल का बढ़ता इस्तेमाल है, बच्चे के साथ साइबर बुलिंग होने पर पेरेंट्स को क्या करना चाहिए, पेरेंट्स कहां और कैसे शिकायत कर सकते हैं।

### क्या कहती है डब्ल्यूएचओ की नई स्टडी

बच्चे हर रोज सोशल मीडिया पर औसतन 6 घंटे बिता रहे हैं। इसलिए साइबर बुलिंग का शिकार होने का खतरा बढ़ गया है। 11% स्टूडेंट्स का कहना था कि उन्हें महीने में दो या तीन बार साइबर बुलिंग का सामना करना पड़ा।

### क्या है साइबर बुलिंग, बच्चों के लिए कितना खतरनाक

साइबर बुलिंग यानी सोशल मीडिया के जरिए किसी को परेशान करना, धमकाना, शर्मिंदा करना या निशाना बनाना। अगर कोई बच्चा लंबे समय तक लगातार साइबर बुलिंग का शिकार हो रहा है, तो वह तनाव और एंजाइटी का शिकार हो सकता है। द जर्नल ऑफ साइकोलॉजिकल रिसर्च ऑन साइबर बुलिंग की एक रिपोर्ट बताती है कि सुसाइड करने वाले 10 बच्चों में 5 बच्चे कभी-न-कभी साइबर बुलिंग के शिकार हुए हैं।

### ऐसे पहचाने बच्चा बुलिंग का शिकार हो रहा

जो बच्चे साइबर बुलिंग का शिकार होते हैं, वह टीचर्स, पेरेंट्स या किसी सगे-संबंधी को कुछ भी बताने से कतराते हैं क्योंकि ज्यादातर बच्चे शर्म या डर महसूस करते हैं। ऐसे में हम इन तरीकों से पहचान सकते हैं जैसेकि- इंटरनेट या स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने के दौरान या उसके बाद परेशान होना। अपने कमरे में सामान्य से अधिक समय बिताना। परिवार के सदस्यों से दूरी बनाना।

### पेरेंट्स बच्चे की इस तरह करें मदद

सबसे पहले बच्चे को यह यकीन दिलाएं कि इसमें उसकी कोई गलती नहीं है। साइबर बुलिंग होने पर किसी तरह का रिप्लाई न देने की सलाह दें। धमकी भरे मैसेज, गलत कमेंट, फोटो या किसी भी तरह की साइबर बुलिंग का स्क्रीनशॉट रखें।

### यहां करें शिकायत

स्थानीय थाने से लेकर जिले के क्राइम ब्रांच ऑफिस तक में बुलिंग की शिकायत दर्ज कर सकते हैं। अगर शिकायत ऑनलाइन करना चाहते हैं तो https://cybercrime.gov.in/ पर शिकायत दे सकते हैं।

## एक नजर

### खारकीव क्षेत्र में रेलवे पटरी और ट्रेन को उड़ाया

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के उत्तर पूर्व स्थित खारकीव क्षेत्र में हमला कर रेलवे पटरियों और ट्रेन को नष्ट कर दिया। यूक्रेन के राष्ट्रीय रेलवे संचालक यूक्रजालिज्नित्सिया के मुताबिक रात भर किए गए हमले में इमारतों और मालगाड़ी को भी नुकसान पहुंचा है। खारकीव के गवर्नर ओलेह सिनियेहुबोव ने बताया कि रूस द्वारा 10 मई को खार्कीव क्षेत्र पर आक्रमण शुरू करने के बाद से 11,000 से अधिक लोगों को वहां से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

### यमन के होदेइदाह हवाई अड्डे पर हवाई हमला

**सना।** अमेरिका-ब्रिटेन गठबंधन बल के लड़ाकू विमानों ने गुरुवार देर रात पश्चिमी यमन के होदेइदाह हवाई अड्डे पर दो हवाई हमले किये। हूती संचालित अल-मसीरा टीवी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। गठबंधन बल ने कथित हवाई हमलों पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन कहा कि उसने बुधवार को हूती समूह के नियंत्रण वाले क्षेत्र में चार हूती ड्रोन को नष्ट कर दिया था।

### वियतनाम में आग लगने से 14 की मौत, छह घायल

**हनोई।** वियतनाम की राजधानी हनोई के एक छोटे अपार्टमेंट में बृहस्पतिवार आधी रात को आग लग जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने बताया कि अपार्टमेंट मध्य हनोई की जिस गली में स्थित है, उसकी चौड़ाई मात्र दो मीटर है जिससे दमकल वहां तक नहीं पहुंच सके और कर्मियों ने पाइपों का उपयोग करके अंततः आग को काबू किया।

### परिवार के छह लोगों ने की आत्महत्या की कोशिश

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के सराय थाना क्षेत्र के सेक्टर-37 में स्थित एक घर में रहने वाले एक कारोबारी एवं उसके परिवार के पांच अन्य सदस्यों ने अपने हाथ की नसें काट कर आत्महत्या करने की कोशिश की, जिसमें कारोबारी की मौत हो गयी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मरने वाले की पहचान बुजुर्ग व्यापारी श्याम गोयल (70) के तौर पर की गयी है । पांच अन्य लोग उपचाराधीन हैं।

### पूर्व पुलिस महानिदेशक राजेश दास गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु के पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक राजेश दास को उनसे अलग रह रही उनकी पत्नी बीला वेंकटेशन की शिकायत पर घर में घुसकर धमकी देने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। वेंकटेशन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि दास और उनके सहयोगी 18 मई को शहर के बाहरी इलाके थाईयूर में उनके आवास पर सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट करने के बाद घर में जबरन घुस गये थे।

# परमाणु क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग बढ़ाएगा रूस

## भारत में उच्च क्षमता वाली ऊर्जा इकाइयों के निर्माण के लिए तैयार

मुंबई, एजेंसी

रूस ने कहा है कि वह भारत में एक नयी जगह पर उच्च क्षमता वाली परमाणु ऊर्जा इकाइयों का निर्माण करने सहित परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में उसके साथ सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है।

परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव अजित कुमार मोहंती ने बृहस्पतिवार को रूस के रोस्तम स्टेट एटॉमिक एनर्जी कॉरपोरेशन के महानिदेशक एलेक्सी लिखाचेव से मुलाकात की तथा दोनों के बीच परमाणु ऊर्जा सहयोग और प्रगाढ़ करने के तरीकों पर चर्चा की। रोस्तम द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, दोनों देशों के अधिकारियों ने रूस के तोम्स्क क्षेत्र के सेवेरस्क में निर्मित किये जा रहे पायलट डेमोंस्ट्रेशन एनर्जी कॉम्प्लेक्स (पीडीईसी) का दौरा किया। बयान में कहा गया है कि संयुक्त दौरे के दौरान, परमाणु क्षेत्र में रूस-भारत सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर चर्चा हुई।

लिखाचेव ने कहा हम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा के उपयोग के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग विस्तारित करने को तैयार हैं। इसमें, सबसे पहले, भारत में एक नयी जगह पर रूस द्वारा डिजाइन किये गए उच्च क्षमता वाले परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण करना शामिल है। पिछले सप्ता, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि भारत रूसी परमाणु रिएक्टरों के लिए अतिरिक्त स्थानों की तलाश कर रहा है। रूस और भारत, तमिलनाडु के कुडनकुलम में 1,000 मेगावाट क्षमता के छह परमाणु रिएक्टर का निर्माण करने में सहयोग कर रहे हैं, जिनमें से दो ने विद्युत उत्पादन शुरू कर दिये हैं।



परमाणु संयंत्र की प्रतीकात्मक फोटो। ● एजेंसी

### अमेरिकी संपत्तियां को जब्त करेगा रूस

**मास्को।** रूस में अमेरिकी संपत्तियों को जब्त किया जाएगा। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इससे जुड़े एक आदेश पर साइन किया है। इसके जरिए अमेरिका में सीज हुई रूसी संपत्ति से हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। दरअसल, 24 फरवरी 2022 में शुरू हुई रूस-यूक्रेन जंग के बाद से अमेरिका और पश्चिमी देशों मे रूस पर कई प्रतिबंध लगाए हैं। इनसे रूस को काफी नुकसान हुआ है। इसी नुकसान की भरपाई के लिए अमेरिकी संपत्तियों को जब्त करने की इजाजत दी गई है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद से अमेरिका और पश्चिमी देशों ने 24 लाख करोड़ (300 अरब डॉलर) से ज्यादा मूल्य की रूसी संपत्तियों को जब्त किया है। वहीं, अमेरिकी संसद ने पिछले महीने एक बिल पास किया था, जिसमें राष्ट्रपति जो बाइडेन को यूक्रेन की मदद के लिए अमेरिका में मौजूद रूसी संपत्तियों के इस्तेमाल का अधिकार दिया गया था।

## रईसी का हेलीकॉप्टर हुआ था क्रैश, जांच में हमले का संकेत नहीं

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी जिस हेलीकॉप्टर में सवार थे उसमें दुर्घटनाग्रस्त होते ही आग लग गई थी और इस बात का कोई संकेत नहीं मिला है कि उस पर कोई हमला किया गया था। ईरानी मीडिया ने हादसे के जांचकर्ताओं के हवाले यह जानकारी दी।

रविवार को हुई दुर्घटना में रईसी के अलावा देश के विदेश मंत्री और छह अन्य लोगों की मौत हो गई थी। दुर्घटना की जांच कर रहे सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ का बयान बृस्पतिवार देर रात सरकारी टेलीविजन चैनल पर पढ़ा गया। दुर्घटना को लेकर जारी पहले बयान में किसी को दोषी नहीं ठहराया गया है लेकिन कहा गया कि आगे की जांच के बाद और जानकारी मिलेगी। जनरल स्टाफ के बयान में कहा गया है कि दुर्घटना से पहले नियंत्रण टॉवर और हेलीकॉप्टर के चालक दल के बीच स्थापित हुए संचार में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

इसमें कहा गया है कि हेलीकॉप्टर ने हादसे से करीब 90 सेकंड पहले दो अन्य हेलीकॉप्टर से संचार स्थापित किया था। बयान में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर पर हमला होने का कोई संकेत नहीं मिला है और इसके मार्ग में भी कोई बदलाव नहीं हुआ था। बेल हेलीकॉप्टर ईरान के उत्तर-पश्चिम में कोहरे वाले सुदूर पहाड़ी इलाके में रविवार को दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर गया था।

## पुणे कार हादसा

# नाबालिग को बचाने के लिए सुबूतों से छेड़छाड़

पुणे, एजेंसी

- पुलिस आयुक्त बोले -पूरे होश में था किशोर, ऐसा दिखाने के प्रयास हुए कि वह कार नहीं चला रहा था



पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि पोर्श कार हादसे के मामले में सबूतों से छेड़छाड़ कर यह दिखाने का प्रयास किया गया कि दुर्घटना के समय गाड़ी 17 वर्षीय किशोर नहीं बल्कि एक वयस्क चला रहा था। कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि यह दिखाने का प्रयास किया गया कि कार कोई वयस्क चालक चला रहा था, लेकिन यह कोशिश नाकाम रही।

उन्होंने कहा हमारे पास उसके (किशोर के) पब में शराब पीने के सीसीटीवी फुटेज हैं। कहने का मतलब यह है कि हमारा मामला केवल खून की रिपोर्ट पर निर्भर नहीं है और हमारे पास अन्य साक्ष्य भी हैं। कुमार ने कहा वह (किशोर) पूरी तरह होश में था, उसे अच्छी तरह पता था कि उसके कृत्य से इस तरह का हादसा हो सकता है जिसमें धारा 304 लागू होती है। किशोर को थाने में सुविधाएं प्रदान किए जाने के आरोपों पर पुलिस आयुक्त ने कहा कि एसीपी स्तर के एक अधिकारी इस दावे की जांच कर रहे हैं। आरोपी किशोर को घटना के बाद पिज्जा खिलाए जाने की खबरों पर कुमार ने कहा हमने साफ कहा है कि थाने में पिज्जा पार्टी नहीं हुई थी। लेकिन हां, कुछ ऐसा हुआ था कि जिस पर हमने आंतरिक जांच शुरू की। हम इस मामले को पूरी तरह पुख्ता बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हमने आरोपी के पिता और बार संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### एसीपी स्तर के अधिकारी कर रहे मामले की जांच

पुलिस आयुक्त ने कहा कि एसीपी स्तर के एक अधिकारी को जांच सौंपी गई है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या सबूतों के साथ छेड़छाड़ या उन्हें नष्ट करने का कोई प्रयास किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि अदालत में पुलिस का पक्ष प्रभावी तरीके से रखने के लिए विशेष वकीलों की नियुक्ति की जाएगी। कुछ पुलिस कर्मियों को गलत तरह से काम कराने के लिए मनाने के आरोपों के बारे में शिकायतों पर कुमार ने कहा कि पुलिस ने शुरू से ही सख्त रुख अपनाया है।

## आईसीजे ने इजराइल को सैन्य अभियान रोकने का दिया आदेश

**हेग।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को इजराइल को गाजा के दक्षिणी हिस्से में स्थित शहर रफह में अपने सैन्य अभियान को तुरंत रोकने का आदेश दिया। इजराइल का कहना है कि उसे हमास के आतंकवादियों से खुद की रक्षा करने का अधिकार है और उसके द्वारा इस फैसले का पालन करने की संभावना नहीं है।

अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के इस आदेश से गाजा में हमास के खिलाफ युद्ध को रोकने के लिए इजराइल पर वैश्विक दबाव और बढ़ गया है। गाजा में अपने सैन्य अभियान को लेकर इजराइल पहले ही अलग-थलग पड़ते जा रहा है। इजराइल के करीबी सहयोगी अमेरिका ने भी रफह में सैन्य अभियान के खिलाफ आगाह किया है जहां युद्ध शुरू होने के बाद से हजारों फिलिस्तीनी पनाह लिए हुए हैं। इस सप्ताह, यूरोप के तीन देशों ने घोषणा की कि वे फिलिस्तीन को राष्ट्र के रूप में मान्यता देंगे।

वहीं, न्यायालय के मुख्य अभियोजक ने हमास अधिकारियों के साथ-साथ इजराइली नेताओं के लिए गिरफ्तारी वारंट का अनुरोध किया है। आईसीजे के शुक्रवार के फैसले के साथ इस साल 15 न्यायाधीशों की पीठ ने तीसरी बार गाजा में हताहतों की संख्या घटाने और मानवीय पीड़ा को कम करने के लिए प्रारंभिक आदेश जारी किए हैं। आदेश कानूनी रूप से बाध्यकारी हैं, लेकिन उन्हें लागू करने के लिए अदालत के पास कोई शक्ति नहीं है।

# भूस्खलन में 100 से अधिक लोगों की मौत की आशंका

मेलबर्न, एजेंसी

- पापुआ न्यू गिनी में मलवे के नीचे दबा गांव

पापुआ न्यू गिनी के एक दूरदराज के इलाके में शुक्रवार तड़के भूस्खलन होने से एक गांव मलवे के नीचे दब गया। हादसे में 100 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका है।

ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प ने बताया कि भूस्खलन की यह घटना इस दक्षिण प्रशांत द्वीपीय देश की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से लगभग 600 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में एंगा प्रांत के काओकलाम गांव में तड़के करीब तीन बजे घटी। इलाके के निवासियों का कहना है कि मृतकों की संख्या 100 से अधिक भी हो सकती है। हालांकि अधिकारियों ने इस आंकड़े की पुष्टि नहीं की है। प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने कहा कि प्रशासन कार्रवाई में लगा है तथा वह तबाही एवं मृतक संख्या की जानकारी उपलब्ध होने के बाद ही उसे जारी करेंगे। उन्होंने एक बयान में कहा मुझे स्थिति के बारे में अबतक पूरी तरह नहीं बताया गया है। मैं उन लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने तड़के इस भूस्खलन आपदा में अपनी जान गंवायी है। आस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेन्नी वोंग ने सोशल मीडिया पर लिखा हम काओकलाम गांव में हुए भूस्खलन के बाद पापुआ न्यू गिनी के लोगों के लिए हृदय से सहानुभूति प्रेषित करते हैं।

## हाहाकार



अत्यधिक गर्मी के बीच हर तरफ रहे जलसंकट गहराता जा रहा है। शुक्रवार को जयपुर शहर में निगम के टैंकर से लोगों को पानी भरने पर मजबूर होना पड़ा। ● एजेंसी

## मोदी ने दुनिया में भारत का कद बढ़ाया समुदाय को नई पहचान दी : भंडारी

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीय अमेरिकी समुदाय के नेता ने कहा- 2030 तक भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगा



भारतीय अमेरिकी समुदाय के एक प्रमुख नेता ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में भारत का कद बढ़ाया है और प्रवासी भारतीयों को एक नई पहचान दी है। भारतीय मूल के अमेरिकी प्रेम भंडारी ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के उनके (मोदी) लक्ष्य को हासिल करने में वैश्विक भारतीय समुदाय साझेदार बनने को तैयार है।

भंडारी ने कहा पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम 2030 से पहले दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर हैं। भारतीय समुदाय को एक नई पहचान दी है। भंडारी जयपुर फुट यूएसए के प्रमुख हैं। वह राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (आरएएनए) के अध्यक्ष भी हैं। भंडारी को वीजा, पासपोर्ट और यात्रा से संबंधित संकट में फंसे समुदाय के लोगों की मदद के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने कहा 2014 के बाद से प्रवासी भारतीयों को दुनिया भर में सम्मान की नजर से देखा जाता है। उदाहरण के तौर पर, यूक्रेन संकट के समय भारतीय ध्वज वाली बस से सीमा पार करना आसान हो गया था।

## खगोल विज्ञान | 13 अरब साल पहले हुआ था इनका जन्म

# ब्रह्माण्ड की प्राचीन तीन आकाशगंगाओं की खोज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ब्रह्माण्ड की सबसे प्राचीन तीन आकाशगंगाओं को देख पाने की कामयाबी वैज्ञानिकों को मिली है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए यह सफलता मिली है। इन आकाशगंगाओं का जन्म 13 अरब साल पहले हुआ था। कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के अनुसार 13 अरब साल से भी पहले ब्रह्मांड में तीन सबसे प्रारंभिक आकाशगंगाओं को देखा है।

यह सनसनीखेज खोज है, जो ब्रह्मांड के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने वाली है । खगोल विज्ञान के इतिहास में पहली बार यह खोज हुई है। इनका जन्म लगभग 13.3 से 13.4 अरब साल पहले माना जा रहा है। इनकी उम्र का पता लगाने के लिए कंप्यूटर सिमुलेशन तकनीक उपयोग में लाई गई।

ये आकाशगंगा निर्माण की पहली प्रत्यक्ष छवियां हैं जिन्हें हमने पहले कभी नही देखा था। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि तीन आकाशगंगाओं का जन्म बिग बैंग के लगभग 400-600 मिलियन वर्ष बाद हुआ। एक विस्फोट से यह सब शुरू हुआ। इनके निर्माण की प्रक्रिया लंबे समय तक रही। यह ब्रह्मांड के 13.8 अरब वर्ष पहले ब्रह्मांड के समग्र जीवनकाल से मेल खाता है। खोजकर्ता वैज्ञानिक कैस्पर एल्म हेन्ट्ज़ के अनुसार इस खोज की वैज्ञानिक टीम कह सकती है कि वो पहली आकाशगंगाओं को देखने वाले गवाह हैं।



वैज्ञानिकों द्वारा खोजी हुई आकाशगंगा। ● एजेंसी

### बुनियादी सवाल है कि हम कहां से आए

**नैनीताल।** सबसे बुनियादी सवाल यह है कि हम कहां से आए हैं। हमारी उत्पत्ति का स्रोत क्या है। इस सवाल का जवाब तलाशने में यह खोज मदद कर सकती है। जिस कारण यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस खोज से आगे के अध्ययन शुरु किए जा सकेंगे।

## नंबर प्लेट में हेरफेर पर भारतीय मूल की महिला को जेल

**सिंगापुर।** भारतीय मूल की एक मलेशियाई महिला को अक्टूबर 2019 से फरवरी 2020 के बीच अवैध पार्किंग से जुड़े पांच मामलों और इलेक्ट्रॉनिक रोड प्राइसिंग (ईआरपी) संबंधी 14 मामलों में सिंगापुर में तीन सप्ताह जेल की सजा सुनाई गई है।

दीवानई करुणानिधि (28) ने सड़क-कर संग्रह के मकसद से यातायात की निगरानी के लिए यहां सड़कों पर स्थापित ईआरपी प्रणाली के तहत लगाए जाने वाले सड़क उपयोग शुल्क से बचने के लिए अपनी एक मोटरसाइकिल की लाइसेंस प्लेट में बदलाव किया था। यह पहला मामला है जिसमें भूमि परिवहन प्राधिकरण ने गैरकानूनी गतिविधियों का पता लगने से बचने के लिए गलत लाइसेंस प्लेट वाले विदेशी पंजीकृत वाहन का उपयोग में किसी व्यक्ति पर आरोप लगाया है।

# दुर्लभ भारतीय नोट की लंदन में होगी नीलामी

लंदन, एजेंसी

- वर्ष 1918 में डूबे समुद्री पोत के मलबे से मिले 10 रुपये के दो दुर्लभ भारतीय नोट




पुराने और दुर्लभ नोटों एवं सिक्कों, पेंटिंग आदि के शौकीनों की कोई कमी नहीं है। ऐसी वस्तुओं की ब्रिटेन के मेफेयर स्थित ऑक्शन हाउस नूनान्स में नीलामी होती है। इसी नीलामी घर में अब 106 साल पहले छपे 10 रुपये के दो नोटों की नीलामी होगी। इन नोटों की भी अजीब दास्तां है।

इन्हें बैंक ऑफ इंग्लैंड ने छापा था, जहाज में लाद कर भारत भेजा जा रहा था। लेकिन दुर्भाग्यवश वह जहाज डूब गया। उस जहाज पर लदे अधिकतर भारतीय करेंसी नोटों को तो नष्ट कर दिया गया। लेकिन ये दो नोट अभी भी किसी के पास सुरक्षित हैं।

10 रुपये के इन दो नोटों की नीलामी मेफेयर के ऑक्शन हाउस नूनान्स में होगी। यह नीलामी 29 मई 2024 को होनी है। हालांकि ये बिना हस्ताक्षर के नोट हैं, लेकिन सुपर क्वालिटी ऑरिजिनल पेपर पर छपे हैं। इनका सीरियल नंबर भी अभी तक ज्यों का त्यो हैं। ये नोट लंदन से भारतीय शहर बंबई (अब मुंबई) जर्मन यू-बोट एसएस शिराला से भेजे जा रहे थे। इस जहाज पर इन नोटों के पूरे ब्लॉक्स और ओरिजिनल पेप लादे गए थे।

## एयर टर्बुलेंस : 22 लोगों की रीढ़ की हड्डी में लगी थी चोट

**सिंगापुर।** एयर टर्बुलेंस (वायुमंडलीय विक्षोभ) के कारण सिंगापुर एयरलाइंस की उड़ान में 22 यात्रियों की रीढ़ की हड्डी और छह यात्रियों के सिर में चोट आई है। मीडिया समूह द स्ट्रेट्स टाइम्स ने समितिवेज श्रीनाकारिन अस्पताल के निदेशक डॉ. एडिनुन किट्टीरतनपाइबूल के हवाले से बताया कि मंगलवार को टर्बुलेंस के कारण चोटिल हुए 20 लोग गहन देखभाल इकाई में हैं लेकिन किसी के भी जीवन को खतरा नहीं है।

लंदन से सिंगापुर के लिए उड़ान भरने वाले इस विमान को मंगलवार को अचानक एयर टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा था और करीब तीन मिनट के अंदर यह 6,000 फुट नीचे आ गया था, जिसके कारण 73 वर्षीय एक ब्रिटिश व्यक्ति की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।